WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, गुरूवार, 4 सितंबर 2025 शुक्ल पक्ष- द्वादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 199 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर में संयुक्त पावर कंपनीज मुख्यालय भवन की रखी आधारशिला

छत्तीसगढ़ जीरो पावर कट स्टेट से अब मुफ्त बिजली की ओर : सीएम साय

■ एक पेड़ माँ के नाम अभियान में किया वृक्षारोपण

■ रजत जयंती वर्ष पर साझा की 25 वर्षों की विकास यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवा रायपुर सेक्टर-24 में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के संयुक्त मुख्यालय भवन का शिलान्यास किया। रजत जयंती वर्ष और गणेशोत्सव जैसे पावन अवसर पर सम्पन्न इस समारोह में उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और भवन का थ्री-डी मॉडल अनावृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यकुशलता को नई ऊँचाई देगा, तीनों पावर कंपनियों के बीच समन्वय को मजबूत करेगा और उपभोक्ताओं को एक ही छत के नीचे सभी सेवाएँ उपलब्ध कराएगा। उन्होंने इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मौलश्री पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में सम्पन्न उनकी जापान और दक्षिण कोरिया यात्रा ने यह अनुभव कराया कि छत्तीसगढ़ अब वैश्विक स्तर की अधोसंरचना और कार्यसंस्कृति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। संयुक्त मुख्यालय भवन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भवन का निर्माण गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए, ताकि यह ऊर्जा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की नई पहचान बने। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भवन फाइव स्टार ग्रीन रेटिंग मानकों के अनुरूप होगा निर्मित

1300 कर्मचारियों की क्षमता वाले इस भवन में 210 सीटों का प्रेक्षागृह, कर्मचारियों के लिए जिम, दो मंजिला बेसमेंट पार्किंग, मैकेनिकल स्टैक पार्किंग और ई-व्हीकल चार्जिंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। यह भवन बीईई की पाँच सितारा और गृहा की फाइव स्टार ग्रीन रेटिंग मानकों के अनुरूप निर्मित होगा तथा भवन प्रबंधन प्रणाली से इसका संपूर्ण संचालन होगा। नवा रायपुर में बन रहा यह अत्याधुनिक भवन मंत्रालय, संचालनालय और पुलिस मुख्यालय के समीप होने से अंतर्विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ करेगा तथा प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को नई ऊँचाई प्रदान करेगा।

1320 मेगावाट क्षमता के नए संयंत्र का शुभारंभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 25 वर्षीय यात्रा यह प्रमाण है कि जब संकल्प और संवेदनशीलता साथ चलें तो परिणाम ऐतिहासिक होते हैं। वर्ष 2000 में प्रदेश केवल 1400 मेगावाट बिजली उत्पादन करता था, आज यह क्षमता बढ़कर 30 हजार मेगावाट हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में 1320 मेगावाट क्षमता के नए संयंत्र का शुभारंभ इस उपलब्धि को और सुदृढ़ करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की यह प्रगति हर नागरिक के विश्वास, मेहनत और भागीदारी का परिणाम है।

आज बेबाक

एससीओ शिखर सम्मेलन में जब नरेन्द्र मोदी और पुतिन गले मिले तो यह गाने लगे की - ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे... ऐसे में शी जिनपिंग भला कैसे पीछे रहते उन्होंने भी साथी हाथ बढ़ाना... गाना शुरू कर दिया। फिर तीनों एक सुर में गाने लगे - होनी को अनहोनी कर दे अनहोनी को होनी एक जगह जब जमा हो तीनों पुतिन जिनपिंग और मोदी...। कोने उदास खड़े शाहबाज शरीफ रूआसे होकर गुनगुना रहे थे - हम से का भूल हुई जो ये सजा हमका मिली...। उधर ड्रंप बजाते हुए ट्रंप रिरिया रहे थे - हम पागल नहीं है भैया हमारा दिमाग खराब है।

भारत सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन के हब के रूप में उभरने के लिए तैयार : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से बुधवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के एक आर्टिकल पर प्रकाश डाला गया, जिसमें कहा गया है कि आने वाले दशक में जैसे-जैसे भारत की सेमीकंडक्टर यूनिट्स बड़े पैमाने पर परिपक्व होती जाएंगी वैसे-वैसे देश संपूर्ण सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन के लिए एक प्रतिस्पर्धी केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार होने लगेगा। पीएमओ की ओर से कहा गया, 'केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की परिवर्तनकारी सेमीकंडक्टर यात्रा पर आर्टिकल लिखा है, जिसमें बताया गया है कि 'सेमीकॉन इंडिया समिट 2025' इसी मार्ग की निरंतरता का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव के आर्टिकल में सेमीकंडक्टर को स्टील, बिजली, दूरसंचार, रसायन और परिवहन जैसे आधारभूत क्षेत्रों का हिस्सा माना गया है। वे लगभग हर उस चीज के अंदर छिपे हुए इंजन हैं।

जीएसटी की नई दरें 5% और 18% लागू होंगी

जीएसटी काउंसिल: 12% और 28% टैक्स स्लैब हटाने मिली मंजूरी

■ 4 सितंबर को खत्म होगी मीटिंग

नई दिल्ली/ए.। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग के पहले दिन 12% और 28% टैक्स स्लैब हटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा स्ट्रक्चर को सरल करने के लिए दो स्लैब 5% और 18% ही लागू किए जाएंगे। इस दो दिन की मीटिंग में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी दरों के प्रस्तावों और सुधारों पर चर्चा जारी है। 4 सितंबर को यह मीटिंग खत्म होगी। इसके बाद मीटिंग में लिए गए फैसलों का ऐलान किया जा सकता है।

कपड़े और जूते सस्ते होंगे: 2,500 रुपए तक के जूते और कपड़ों पर जीएसटी दर घटाकर 5% की जा सकती है, जिससे ये चीजें ग्राहकों के लिए सस्ती हो जाएंगी।

एमएसएमई और स्टार्टअप के लिए जल्द रजिस्ट्रेशन: एक रिपोर्ट के मुताबिक अब माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज (MSMEs) और स्टार्टअप्स के लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन में लगने वाला समय 30 दिन से घटाकर सिर्फ 3 दिन कर दिया गया है।

निर्यातकों ऑटोमेटिक रिफंड

निर्यातकों को अब जीएसटी रिफंड ऑटोमेटिक मिलेगा। इस प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई है, जिससे उनका काम आसान होगा।

बीमा और दवाएं सस्ती होंगी

मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार जीएसटी काउंसिल ने बीमा प्रीमियम की दरों में कटौती करने पर सहमति जताई है, जिससे स्वास्थ्य बीमा लेना सस्ता हो जाएगा। इसके साथ ही, जीवन रक्षक दवाओं पर भी जीएसटी दरें कम होने की उम्मीद है।

लग्जरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर टैक्स बढ़ेगा

एक रिपोर्ट के अनुसार, 20 लाख रुपए से अधिक कीमत वाली लग्जरी इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर जीएसटी दर 5% से बढ़कर 18% हो सकती है। अगर यह प्रस्ताव मंजूर हो जाता है, तो टाटा मोटर्स, महिंद्रा, टेस्ला और मर्सिडीज-बेंज जैसी कंपनियों के लिए यह एक चुनौती बन सकता है।

जीएसटी कटौती का फायदा जनता को मिले, कंपनियों को नहीं

जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में विपक्षी राज्यों ने केंद्र से राजस्व की सुरक्षा और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की मांग की है। विपक्षी राज्यों का कहना है कि कंपनियों को कम टैक्स का फायदा उठाकर मुनाफाखोरी नहीं करने देना चाहिए। टैक्स में कटौती का पूरा लाभ सीधे ग्राहकों की जेब तक पहुंचना चाहिए। साथ ही, वे चाहते हैं कि नए टैक्स स्लैब से राज्यों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए एक साफ-सुथरी मुआवजा योजना बनाई जाए। कुछ बीजेपी शासित राज्यों ने भी इस बदलाव से राजस्व घाटे की चिंता जाहिर की है।

ऑटोमेटिक रिटर्न फाइलिंग का प्रस्ताव: CNBC के मुताबिक जीएसटी परिषद ने ऑटोमेटिक रिटर्न फाइलिंग सिस्टम लाने का प्रस्ताव भी रखा है, जिससे जीएसटी से जुड़े नियमों का पालन करना और भी आसान हो जाएगा।

रायपुर, राजिम, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर में छापे

कृषि कारोबार से जुड़े व्यापारियों के 18 ठिकानों पर ईडी की दबिश

■ दस्तावेज खंगाल रही ईडी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी समेत छत्तीसगढ़ के कई जिलों में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार सुबह ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की। रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और मुंगेली जिलों में एक साथ अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई मुख्य रूप से कृषि कारोबार से जुड़े व्यापारियों के 18 ठिकानों पर केंद्रित है। रायपुर के शंकर नगर इलाके में कारोबारी विनय गर्ग के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया।

8 से अधिक ठिकानों पर ईडी की दबिश

इस ऑपरेशन में 8 से 10 अधिकारी शामिल हैं, जिनके साथ सशस्त्र बल भी मौजूद हैं। राजधानी रायपुर में अकेले 8 से अधिक ठिकानों पर दबिश दी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भिलाई में किशन दिनोदिया के घर छापेमारी

भिलाई के शांति नगर स्थित विवेकानंद कॉलोनी में कारोबारी किशन दिनोदिया के घर ईडी की टीम ने दबिश दी है। इसके अलावा भिलाई-3 क्षेत्र में अन्न भूमि ग्रीन टेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर शिवकुमार मोदी के घर पर भी रेड की गई, जहां 6 से अधिक अधिकारी दस्तावेजों की जांच में जुटे हैं और बाहर सीआरपीएफ की सुरक्षा टीम तैनात है। बताया जा रहा है कि यह कंपनी कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में ड्रिप सिंचाई प्रणाली, कांटेदार तार, चेन लिंक, आरसीसी खंभे, सौर जल पंप और अन्य कृषि उपकरणों के कारोबार से जुड़ी है। वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों के बाद यह छापेमारी की जा रही है।

33 लाख के ईनामी 9 महिला समेत 20 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा से जुड़े

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा में 33 लाख के ईनामी नक्सली समेत कुल 20 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 9 महिलाएं और 11 पुरुष शामिल हैं, जिनमें 1 एसीएम, 4 पार्टी सदस्य और 15 अग्र संगठन सदस्य हैं. इनमें से एक पीएलजीए बटालियन (माओवादी संगठन) की सक्रीय हार्डकोर महिला नक्सली थी. इन सभी ने आज सुकमा पुलिस के पास जाकर आत्मसमर्पण किया है। सुरक्षा बलों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सर्चिंग ऑपरेशन के चलते नक्सलियों पर भारी दबाव बढ़ा है. इसके साथ ही सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एनडीए और विकास, दोनों एक-दूसरे के पर्याय : मंत्री नबीन

पटना (आईएएनएस)। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश में चौतरफा विकास हो रहा है। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि हमारी सरकार ने समाज के अंतिम पंक्ति तक बैठे व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का काम किया है। आज की तारीख में एनडीए और विकास एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। हमारी सरकार विकास से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं कर सकती है। अब तक अपने कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री ने कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया है और आगामी दिनों में भी इसी तरह से चौतरफा विकास की बयार बहाने के लिए कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

डैम टूटने और गणेश विसर्जन हादसे में 7 की मौत

मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख, घायलों को 50-50 हजार की सहायता स्वीकृत

■ 3 घायल और 3 लापता, सीएम साय ने जताया शोक, राहत-बचाव जारी

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलरामपुर जिले के ग्राम धनेशपुर स्थित लुत्ती (सतबहिनी) डैम टूटने से 4 लोगों की मौत और 3 लोगों के घायल होने तथा 3 लोगों के लापता होने की सूचना है। वही बगीचा में गणेश विसर्जन के दौरान हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई । मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत दुखद और पीड़ादायी घटना है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी वर्षा के कारण उत्पन्न इस प्राकृतिक आपदा से जनहानि के साथ-साथ भवनों को क्षति पहुंची है, फसलों का नुकसान हुआ है और पशुहानि भी हुई है। यह स्थिति प्रभावित परिवारों के लिए बेहद कठिन और दुखदायी है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्यों के लिए जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय टीमें पूरी तत्परता से जुटी हुई हैं। घायलों के उपचार की समुचित व्यवस्था कराई गई है तथा लापता लोगों की खोज के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि घटना में हुई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गणेश विसर्जन के दौरान हादसे में तीन लोगों की मौत

जशपुर के जुरुडांड, बगीचा में गणेश विसर्जन की झांकी के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौत व कई अन्य के घायल होने की घटना पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख जताया है। साथ ही घायलों की समुचित चिकित्सा एवं आवश्यक मदद के निर्देश जिला प्रशासन को दिए हैं।

रायपुर-बलौदाबाजार सड़क किनारे जमीनों की खरीदी-बिक्री से रोक हटी

रायपुर/नवप्रदेश । रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ सड़क को टू से फोरलेन करने की प्रकिया तेज हो गई है। नेशनल हाइवे ने सड़क का एलाइनमेंट जिला प्रशासन को सौंप दिया है। इसके बाद रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग के करीब 35 गांवों में जमीन खरीदी-बिक्री पर लगी दो महीने पुरानी रोक हटा दी गई है। अब सड़क चौड़ीकरण के तहत दोनों ओर 100 मीटर छोड़कर बाकी जमीन की खरीदी-बिक्री की जा सकेगी। एनएच की टीम ने तहसील कार्यालय से जमीन के दस्तावेजों का मिलान पूरा कर लिया है. दस्तावेजों के अध्ययन में पता चला कि इस रोड के किनारे ज्यादातर जमीन नेशनल हाइवे की है। इसलिए महज 10 प्रतिशत जमीन ही नेशनल हाइवे को अधिग्रहण करनी पड़ेगी।

गरमा - गरम

कैबिनेट में बड़े फैसले | योजना वित्त वर्ष 2030-31 तक छह वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगी

प्रोत्साहन योजना, ई-वेस्ट से खनिज निकालने की तैयारी

नई दिल्ली(ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कई अहम फैसलों पर केंद्रीय कैबिनेट ने मुहर लगाई है। जिसमें मंत्रिमंडल ने देश में महत्वपूर्ण खनिजों के रिसायकलिंग को बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है, यह योजना वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक छह वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगी।

70 हजार नौकरियां सृजित होने की उम्मीद

यह महत्वपूर्ण खनिजों के निष्कर्षण के लिए बैटरी अपशिष्ट और ई-कचरे को रिसायकल करने की क्षमता के विकास को प्रोत्साहित करता है।

यह योजना नई इकाइयों में निवेश के साथ-साथ मौजूदा इकाइयों के विस्तार, आधुनिकीकरण या विविधीकरण पर भी लागू होगी। प्रति इकाई कुल प्रोत्साहन (कैपेक्स प्लस ओपेक्स सब्सिडी) बड़ी इकाइयों के लिए 50 करोड़ रुपये और छोटी इकाइयों के लिए 25 करोड़ रुपये की समग्र सीमा के अधीन होगा। इस योजना से लगभग 8,000 करोड़ रुपये का निवेश आने तथा लगभग 70,000 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन का हिस्सा है योजना

यह योजना राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों की घरेलू क्षमता और आपूर्ति श्रृंखला में लचीलापन लाना है। इस योजना के पात्र फीडस्टॉक में ई-कचरा, लिथियम आयन बैटरी (एलआईबी) स्क्रैप, और ई-कचरा व एलआईबी स्क्रैप के अलावा अन्य स्क्रैप, जैसे कि जीवन-अंत वाहनों में उत्प्रेरक कनवर्टर, शामिल हैं।

ट्रम्प बोले-भारत का अमेरिका से एकतरफा रिश्ता

भारत, अमेरिकी सामानों पर 100% टैरिफ लगाता है यह दुनिया में सबसे ज्यादा

वॉशिंगटन/ए.। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ओवल ऑफिस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत पर 50% टैरिफ इसलिए लगाया है, क्योंकि लंबे समय तक दोनों देशों के बीच 'एकतरफा रिश्ता' था। एक प्रेस ब्रीफिंग में ट्रम्प ने कहा कि भारत, अमेरिकी सामानों पर 100% टैरिफ लगाता है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। इसकी वजह से अमेरिका और भारत के व्यापार में असंतुलन पैदा हो गया है। ट्रम्प ने उदाहरण देते हुए बताया कि अमेरिकी कंपनी हार्ले डेविडसन भारत में मोटरसाइकिल नहीं बेच पा रही थी, क्योंकि भारत ने 200% टैरिफ लगाया हुआ था। इस वजह से कंपनी ने भारत में ही एक प्लांट बनाया, जिससे अब उसे टैरिफ नहीं देना पड़ता।

टैरिफ जंग सुलझाने वाला हथियार

ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका द्वारा भारतीय आयातों पर 50त्न टैरिफ लगाने के बाद आर्थिक तनाव बढ़ा है और इसके साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने पर भारत को 25% एक्स्ट्रा टैरिफ झेलना पड़ रहा है। ट्रम्प ने फिर से अपनी टैरिफ नीति का बचाव करते हुए इसे 'जंग सुलझाने वाला हथियार' बताया। उन्होंने कहा कि इस नीति की वजह से अमेरिका को 'बातचीत की बेहतरीन ताकत' मिलती है। ट्रम्प ने टैरिफ को बातचीत के लिए एक जादुई हथियार कहा और दावा किया इसके जरिए उन्होंने 7 जंग रोकी हैं। ट्रम्प ने बाइडेन प्रशासन पर भी निशाना साधा।

डर के साए में कट रही रात: यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के पार

नई दिल्ली/ए.। पूर्वी दिल्ली के उस्मानपुर, गढी मांडू, यमुना खादर समेत अन्य इलाकों में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। नदी अपने किनारों को पार करके आबादी वाले इलाके के करीब पहुंच गई है। हर घंटे के साथ नदी का बढ़ता जलस्तर स्थानीय निवासियों को डरा रहा है। लोग दहशत में हैं कि बाढ़ कहीं उनकी जीवन भर की पूंजी न बहा ले जाए। निवासियों का आरोप है कि शासन-प्रशासन ने समय रहते राहत की ठोस व्यवस्था नहीं की, जिसके चलते मुश्किल और बढ़ गई है। बाढ़ के डर से कई परिवार इलाका छोड़कर किराए के मकानों में शरण लेने की तैयारी में है।

घरों में घुसा यमुना का पानी

मंगलवार को उस्मानपुर की तंग गलियों में पानी भरने लगा। इससे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुस गया। इलाके में बिजली काट दी गई है, जिससे रातें और डरावनी हो गई हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन ने न तो समय पर चेतावनी जारी की और न ही राहत शिविरों की समुचित व्यवस्था की। कई लोग अपने सामान खुद ही ऊंचे स्थानों पर ले जाने की जद्दोजहद में लगे हैं। बारिश और कीचड़ ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

पानी बढ़ने से अपना घर छोड़ने का मन बना रहे लोगों का कहना है कि बाढ़ के डर से कई परिवार उस्मानपुर छोड़कर नजदीकी इलाकों जैसे सीलमपुर, शास्त्री पार्क या मयूर विहार में किराए के मकान तलाश रहे हैं। बढ़ती मांग के कारण इन क्षेत्रों में किराए में 20 से 30 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुसीबत में देखकर लोग मदद करने की सोचते हैं लेकिन यहां तो कई मकान मालिक मुनाफा कमाने में लगे हैं।

खतरे के निशान से ऊपर बह रही यमुना

हमारा घर निचले इलाके में है, पानी दरवाजे से कुछ मीटर ही दूर है। 2023 में भी बाढ़ आई थी, लेकिन इस बार प्रशासन ने कोई मदद नहीं की। ऐसे में बच्चें रात को बच्चे रोते हैं, कहते हैं पानी आ जाएगा। हम कहां जाएं?

पानी इतना करीब है कि अब घर में रहना मुश्किल हो गया है। हम लोग पास के रिश्तेदारों के यहां या किराए के मकान में जाने की सोच रहे हैं।

टेंट में रहने को मजबूर लोग

पानी हमारे घरों के इतने करीब आ गया है कि रात को नींद नहीं आती। बच्चे डर रहे हैं। प्रशासन ने एक बार भी नहीं पूछा कि हमें क्या चाहिए। राहत शिविर का नाम सुनते हैं, लेकिन वहां खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं। अब किराए पर कमरा लेना पड़ेगा, लेकिन कमाई पहले ही ठप है।

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202509102800001 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोशन बंछोर पिता स्व. कमल बंछोर निवासी नारधा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग के द्वारा इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम नारधा प.ह.नं. 17 तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 40, 46, 211, 266/1, 469 रकबा 0.60, 1.21, 0.41, 0.33, 0.79 हे. भूमि भूधारक चमन ना. पिता कमल पालक रुपेश्वरी व अन्य 03 के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम रोशनी नाबा. दर्ज है एवं संलग्न दस्तावेजो के आधार पर आवेदक का नाम रोशन है। अतः आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम सुधार कर रोशनी के स्थान पर रोशन दर्ज किये जाने एवं शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 25.09.2025 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 01.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार अहिवारा (छ.ग.)

मणिपुरः करोड़ों रुपए की ड्रग्स बरामद

नई दिल्ली(आईएएनएस)। सैन्य बलों ने मणिपुर में संचालित होने वाले एक बड़े ड्रग्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। यह ड्रग्स सिंडिकेट सीमापार से ऑपरेट करता है और मणिपुर में जमीन के नीचे खतरनाक ड्रग्स छुपाकर इस अवैध धंधे को अंजाम दे रहा था। सैन्य बलों ने ड्रग्स सिंडिकेट के इरादे नाकाम करते हुए मणिपुर में करीब 7 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। असम राइफल्स के मुताबिक यह कार्रवाई भारत-म्यांमार सीमा के निकट की गई है। गौरतलब है कि इससे पहले हाल ही में खुफिया सूत्रों व सूचनाओं के आधार पर सेना मणिपुर में अवैध हथियारों की बड़ी खेप बरामद कर चुकी है। असम राइफल्स के मुताबिक, उन्होंने यह कार्रवाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान के दौरान की।

दिल्ली में वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र सिंह डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

लखनऊ/ नवप्रदेश । पत्रकारिता के क्षेत्र में करीब चार दशक की निर्विवाद सक्रियता और दैनिक भास्कर सहित कई प्रमुख समाचार पत्रों के सम्पादक रहे प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बहादुर सिंह को दिल्ली में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया है । यह सम्मान उनकी बेबाक कार्यशैली और अनुभव को देखते हुए प्रदान किया गया है। जनपद रायबरेली से 1987 में फर्श से अर्श तक पत्रकारिता का यादगार सफर तय करने वाले सिंह दैनिक भास्कर, जनकदम,आज ,स्वतंत्र भारत, कुबेर टाइम्स, हिंदुस्तान,जनसत्ता एक्सप्रेस, और राष्ट्रीय सहारा के ब्यूरो चीफ रहे है। लखनऊ से प्रकाशित श्री टाइम्स, दैनिक भास्कर समाचार पत्र यूपी उत्तराखंड के संपादक के साथ-साथ हर खबर, न्यूज़ इंडिया न्यूज़ चैनल के उत्तर प्रदेश के संपादक भी रहे हैं ।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202507101000285/ब-121/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

छावनी प.ह.न. 00047 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- श्रीमती सातुपल्ली त्रिवेणी,/ अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकः श्रीमती सातुपल्ली त्रिवेणी पिता/पति/विभाग-सातुपल्ली सुरेश पता-भिलाई द्वारा अपने माता जो की शासकीय आदर्श ओउधोगिक प्रसिक्षण संस्था भिलाई जिला दुर्ग में भृत्य के पद पर कार्यरत थे की मित्यु हो जाने के कारण वारिशान प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु पत्र जाच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 12.09.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202507101000299/अ-06/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरुद प.ह.न.00046(901/4(0.0113 हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- श्रीमती रंजू चौहान,/ अनावेदक पक्षकार- भुजबल यादव

ईश्तहार

आवेदक- श्रीमती रंजू चौहान पिता/ पति/ विभाग-रविकांत चौहान पता-कैम्प 02 भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व् जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 901/4 रकबा 0.0310 हे./ 3333.77 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बैनामा दिनांक 25.11.2024 को विक्रेता भुजबल यादव पिता/पति/विभाग-उधोराम यादव पता -कुरूद से क्रय किया है कि नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है!

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202508101200016 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्रं. 202508101200016 /अ-6 /वर्ष 2024-25 आवेदिका/दानग्रहिता लक्ष्मी साहू पति श्री खेमलाल साहू निवासी ग्राम रिसामा, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम रिसामा प.ह.न. 33 रा.नि.मं. अण्डा, तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 916, 917 रकबा 0.0900, 0.0900 हे. भूमि पुनाराम पिता स्व शिवलाल के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जो कि उक्त भूमि के भूमिस्वामी द्वारा कार्यालय उप पंजीयक दुर्ग में दिनांक 07.05.2025 को आवेदिका/दानग्रहिता श्रीमती लक्ष्मी साहू पति खेमलाल के पक्ष में दान करते हुए दान पत्र दस्तावेज निष्पादित किया गया है। उक्त वर्णित भूमि को दान पत्र दस्तावेज के आधार पर राजस्व रिकार्ड से दानकर्ता पूनाराम पिता स्व. शिवलाल का नाम विलोपित कर आवेदिका के नाम पर प्रमाणिकरण नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 15.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिन में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारीया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202508101200018 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.कें. 202508101200018/अ-6 /वर्ष 2024-25 आवेदक/दानप्राप्तकर्ता एवश्वर्य कुमार साहू पिता श्री खेमलाल साहू निवासी ग्राम रिसामा, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम रिसामा प.ह.न. 33 रा.नि.मं. अण्डा, तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 994 रकबा 0.1500 हे. भूमि पुनाराम पिता स्व शिवलाल के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जो कि उक्त भूमि के भूमिस्वामी द्वारा कार्यालय उप पंजीयक दुर्ग में दिनांक 07.05.2025 को आवेदक/दानप्राप्तकर्ता एवश्वर्य कुमार साहू पिता श्री खेमलाल साहू के पक्ष में दान करते हुए दान पत्र दस्तावेज निष्पादित किया गया है। उक्त वर्णित भूमि को दान पत्र दस्तावेज के आधार पर राजस्व रिकार्ड से दानकर्ता पूनाराम पिता स्व. शिवलाल का नाम विलोपित कर आवेदिका के नाम पर प्रमाणिकरण नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 15.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिन में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारीया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202508104300161 /अ-2/वर्ष 2024-25

ग्राम-चरोदा, प.ह.न.09, तह. भिलाई-03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वी सूर्याराव पिता यी ईश्वर राव, निवासी- चरोदा, द्वारा ग्राम चरोदा, प.ह.नं 09, रा.नि.मं. चरोदा, तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 471/64 रकबा 0.012 है. भू-राजस्व 0. 02 रूपये को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 25.08.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 25.08.2025 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6अ /वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका परसूली बाई पति स्व. प्यारेलाल साहू निवासी ग्राम-ऊपरवाल तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम-सिकोला, प.ह.नं. 17 स्थित भूमि खसरा नं. 62/75 (शामिल ख.नं. 63/18 एवं 64/18) रकबा 0.0180 हे./1880 वर्गफीट भूमि को विक्रेता अनुसुईया पद्मवार पति रामभरोसा पदमवार निवासी सिकोला, दुर्ग से उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में दिनांक 04/01/1989 को निष्पादित किया गया है। जिसका प्रमाणीकरण कराकर ऋण पुस्तिका जारी किया गया है। जिसका ऋण पुस्तिका कमांक पी-329961 है। जिसमें खसरा नं. 62/75 (शामिल ख.नं. 63/18 एवं 64/18) रकबा 0.0180 हे./1880 वर्गफीट दर्ज है, किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में खसरा नं. 62/74 (शामिल ख.नं. 63/18 एवं 64/18) रकबा 0.0160 हे. दर्ज हो गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत रजिस्ट्री बयनामा एवं ऋण पुस्तिका के आधार पर वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में हुये त्रुटि को सुधार कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202508104000003 /अ-21(1)/ वर्ष 2024-25

मौजा पथरिया, प.ह.न. 08

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर जिला दुर्ग का पृ.क्र./100/प्र.कले. / 2025 दुर्ग, दिनॉक 06.06.2025 एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई 03 का पृ.क्र./क्यू/2025 भिलाई 03 दिनांक 06.2025 के अनुसार आवेदक नरेन्द्र कुमार ध्रुव पिता देवसिंह ध्रुव, साकिन खपरी, तहसील वो जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के अंतर्गत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय दुर्ग को प्रस्तुत किया है कि ग्राम पथरिया, प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. अहिवारा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 147 रकबा 0.33 हे. कृषि भूमि को विक्रय कर प्राप्त प्रतिफल से अन्यत्र भूमि क्रय किये जाने, पक्का मकान निर्माण करने वो कर्ज चुकाने हेतु रकम की आवश्यकता होना लेख कर प्रस्तावित क्रेता /अनावेदक राकेश कुमार पिता शंकर लाल, निवासी ग्राम बेमेतरा, तह. व जिला बेमेतरा (छ.ग.) (गैर आदिवासी) के साथ इकरारनामा निष्पादित कर विक्रय करने अनुमति बाबत् निवेदन किये जाने से नियमानुसार जॉच कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को लेख किया गया है।

अतएव उक्त आवेदन के संबंध में विधिसम्मत् आपत्तियाँ रखने वाला कोई भी व्यक्ति सुनवाई हेतु नियत तिथि 16.09.2025 को इस न्यायालय में स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा लिखित आपत्तियाँ निवेदित कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त की गई आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202508101200015 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्रं. 202508101200015 /अ-6 /वर्ष 2024-25 आवेदक श्रीमती स्वाती राजू कोल्हे पति राजू कोल्हे निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम कोनारी प.ह.न. 35 रा.नि.मं. अण्डा, तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 538/4 कुल रकबा 0.3448 हे. भूमि में से 9900 वर्गफिट बराबर 920.07 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता श्री रघुनाथ तिवारी पिता राजन्द्र तिवारी निवासी महाराणा प्रताप नगर वार्ड नं. 52 बोरसी एवं रजत सुराना पिता श्री अजय सुराना ब्राम्हण पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग से पंजीकृत बयनामा दिनांक 03/04/2025 को क्रय किया गया था। उक्त भूमि को आवेदक पंजीकृत बैयनामा के आधार पर स्वयं के नाम पर प्रमाणिकरण कर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 15.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिन में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारीया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202508101000186 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कें. 202508101000186/अ-6/वर्ष 2024-25 में आवेदिका/आवेदक सुमैया शेख पिता स्व. जावेद अहमद शेख निवासी चरोदा वार्ड नं. 20 भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 117/49 रकबा 0.0200 हे. है। जो भूमिस्वामी जाहिद अहमद शेख पिता स्व. सगीर अहमद शेख एवं अन्य के नाम पर शमिलात खातें में दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी जुनैद अहमद पिता स्व. जावेद अहमद शेख की मृत्यु दिनांक 02.06.2025 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर शेष खातेंदारो का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.09.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202508101200017 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र. कं. 202508101200017 /अ-6 /वर्ष 2024-25 आवेदक/दानप्राप्तकर्ता खेमलाल साहू पिता श्री पुनाराम साहू निवासी ग्राम रिसामा, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम रिसामा प.ह.न. 33 रा.नि.मं. अण्डा, तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 727, 1034 रकबा 0.4000, 0.2600 हे. भूमि पुनाराम पिता स्व शिवलाल के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जो कि उक्त भूमि के भूमिस्वामी द्वारा कार्यालय उप पंजीयक दुर्ग में दिनांक 07.05.2025 को आवेदक/दानप्राप्तकर्ता खेमलाल साहू पिता श्री पुनाराम साहू के पक्ष में दान करते हुए दान पत्र दस्तावेज निष्पादित किया गया है। उक्त वर्णित भूमि को दान पत्र दस्तावेज के आधार पर राजस्व रिकार्ड से दानकर्ता पूनाराम पिता स्व. शिवलाल का बाज विलोपित कर आवेदिका के नाम पर प्रमाणिकरण नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 15.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिन में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारीया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक: 488/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्व साधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष ठाकुर पिता त्रश्री ठाकुर निवासी दनिया, बोरी पोस्ट व थाना बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 491001 आवेदिका देवकुमारी पिता/माता उतरा निषाद निवासी दनिया बोरी थाना व पोस्ट बोरी जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 491001 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 19.09.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

शपथकर्ता सुभाष शुक्ला (SUBHASH SHUKLA) आत्मज नथुनी प्रसाद शुक्ला उम्र 68 वर्ष निवासी एल.आई.जी. 99, वार्ड नंबर 10. वैशालीनगर सुपेला, भिलाई, तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। यह कि मैं उक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करता हूं तथा मेरा आधार कार्ड नंबर-4402 8435 6927 है। यह कि, मेरा जन्मतिथि 02.07.1957 है जो कि सत्य व सहीं है। यह कि, मेरे पेन कार्ड में मेरा सहीं नाम सुभाष शुक्ला (SUBHASH SHUKLA) अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम सुभाष शुक्ला (SUBAS SHUKLA) उल्लेखित है इस प्रकार मेरे नाम में B एवं A के बीच H त्रुटिवश छूट गया है जिसे आधार कार्ड में अपना सहीं, वास्तविक परिवर्तित / संशोधित नाम सुभाष शुक्ला (SUBHASH SHUKLA) लिखना चाहता हूं जो कि पेन कार्ड में उल्लेखित है । यह कि, मेरे अपने पेन कार्ड में मेरा उल्लेखित नाम सुभाष शुक्ला (SUBHASH SHUKLA) व आधार कार्ड में दर्ज नाम सुभाष शुक्ला (SUBHAS SHUKLA) दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा नाम है। यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा सहीं, वास्तविक परिवर्तित / संशोधित नाम सुभाष शुक्ला (SUBHASH SHUKLA) लिखवाने, पढ़े जाने एवं पुकारे जाने बाबत परिवर्तित / संशोधित नाम को शासकीय गजट राजपत्र में प्रकाशित किये जाने बाबत सक्षम प्राधिकारी के मांग पर यह शपथपत्र सादर प्रस्तुत किया जा रहा है। सो शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता — सुभाष शुक्ला, आत्मज नथुनी प्रसाद शुक्ला, निवासी एल.आई.जी. 99, वार्ड नंबर 10. वैशालीनगर सुपेला, भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

शपथकर्ता रवि नारायण प्रसाद बेहरा उम्र 47 वर्ष पिता श्री बी.पी. बेहरा निवासी 58, फेस -01, एवरग्रीन सिटी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उमदा भिलाई-3 तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड नं 8329 7296 7402 में मेरा नाम रविनारायण बेहरा (RAVINARAYAN BEHARA) अंकित है। यह कि मेरे कक्षा दसवीं के अंकसूची में मेरा नाम (RAVI NARAYAN PRASAD BEHARA) अंकित है। यह कि मेरी पत्नि के नाम से जारी आधार कार्ड नं. 4760 8154 2906 में मेरा नाम चंद्र ज्योति बेहरा (CHANDRA JYOTI BEHARA) अंकित है। यह कि मेरे पुत्र आयुष बेहरा (AAYUSH BEHARA) जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम रवि नारायण बेहरा माता ज्योति बेहरा अंकित है। यह कि मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों में पिता का नाम (RAVINARAYAN BEHARA) अंकित है अंकित है। यह कि मेरे पुत्र के सही व वास्तविक नाम आयुष बेहरा (AAYUSH BEHARA) पिता रवि नारायण प्रसाद बेहरा (RAVI NARAYAN PRASAD BEHARA) माता चंद्र ज्योति बेहरा (CHANDRA JYOTI BEHARA) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक दस्तावेजों, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता — रवि नारायण प्रसाद बेहरा, पिता श्री बी.पी. बेहरा, निवासी 58, फेस -01, एवरग्रीन सिटी हाउसिंग बोर्ड कालोनी उमदा भिलाई-3 तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता प्रताप ध्रुव पिता पुहुप ध्रुव निवासी ग्राम कपसदा तह. भिलाई-03 जिला दुर्ग छ.ग. निम्न लिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूँ। यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पेन कार्ड कमांक HSDPD1800D में मेरा नाम प्रताप ध्रुव दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है, जबकि मेरे आधार कार्ड कमांक 3049 1044 0458 में मेरा नाम राम प्रताप दर्ज हो गया है।

यह कि मैं अपने आधार कार्ड में अपना पूर्व व सही नाम प्रताप ध्रुव दर्ज करवाना चाहता हूँ, तथा भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व लिखा पढा जावेगा।

यह कि उक्त शपथ पत्र छत्तीसगढ राजपत्र में मेरे परिवर्तित पूर्ण नाम को प्रकाशित किये जाने स्वरूप सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता — प्रताप ध्रुव, पिता पुहुप ध्रुव, निवासी ग्राम कपसदा तह. भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00018 बघेरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-आर.डी. 202425430107000068

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम बघेरा के वर्तमान भूमिस्वामी इमलाबाई पिता/ पति छगनलाल साहू पता पंचशील नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 332/11(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता डिकेश्वरी साहू पिता/पति छगनलाल साहू पता वार्ड 55 कृष्णा नगर दुर्ग, छगनलाल साहू पिता/पति रतिराम पता वार्ड नं. 55 कृष्णा नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.09.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202508101000033/ब-121/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

खेदामारा प.ह.न. 00011 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- उत्तम नेताम अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतदं द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उत्तम नेताम पिता पति/विभाग-मनराखन लाल नेताम पता-खेदामारा द्वारा ग्राम-खेदामारा प.ह.न. 11 रा.नि.म. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा न. 728, 816/1, रकबा 0.5100, 0.4800 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कही गम हो जाने के कारन डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्राप्त किये जाने बाबात आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 29.08.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.08.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मेसर्स बसेरा बिल्डकान पार्टनर वेद प्रकार पाण्डेय पिता गिरीजा शंकर पाण्डेय एवं ऋषभ शुक्ला पिता तीरथराज शुक्ला निवासी मैत्री भवन, म.नं. 1/3, मैत्रीनगर रिसाली, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा दिनांक 30/03/2016 को पंजीकृत बयनामा के माध्यम से ग्राम बोरसी स्थित परिवर्तित भूमि को सम्पूर्ण रकम अदा कर अनावेदक कं. 01 श्रीमती राजबीर कौर संघा पति हरभजन सिंह संघा की हक, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि ग्राम-बोरसी, प.ह.नं. 18 स्थित भूमि खसरा नं. 189/1, 189/2 रकबा क्रमशः 0.020, 0.114 है. कुल रकबा 0.134 हे. भूमि क्रय किया था तथा दिनांक 30/03/2016 को ही अन्य भूमि जो कि अनावेदक कं. 02 जीत सिंह पिता स्व. गुरुबक्श सिंह के हक, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 189/7 रकबा 0.052 हे. भूमि को सम्पूर्ण रकम अनावेदक कं. 02 को प्रदान कर आवेदक के पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित किया गया था। आवेदक द्वारा वर्णित भूमि को कय किये जाने के उपरांत प्रमाणीकरण कराकर ऋण पुस्तिका जारी किया गया है। जिसका ऋण पुस्तिका कमांक पी-2292515 है। किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में खसरा नं. 189/1 रकबा 0.020 हे. में पूर्व विक्रेता अनावेदक कं. 01 का नाम दर्शित हो रहा है एवं खसरा नं. 189/2 को ऑनलाईन में खसरा नं. 189/1 में शामिल दर्शित हो रहा है परन्तु खसरा नं. 189/2 का रकबा 0. 114 हे. शामिल अंकित होने पर भी रकबा 0.020 हे. प्रदर्शित हो रहा है, तथा अन्य भूमि खसरा नं. 189/7 रकबा 0.052 हे. भूमि जिसे आवेदक ने अनावेदक कं. 02 से कय किया था, जो त्रुटिवश ऑनलाईन दर्ज नहीं होने से दर्शित नहीं हो रहा है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत रजिस्ट्री बयनामा एवं ऋण पुस्तिका के आधार पर वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में हुये त्रुटि को सुधार कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार मार्री बंगला देवरी जिला बालोद (छ.ग.)

नोटिस

ई.कोर्ट प्र.क्रं. 202506243500039 /अ-27/वर्ष 2024-25

ग्राम पापरा प.ह.न. 29 तह. मार्रीबंगला देवरी

प्रति, 1. कुमारी बाई आ. फूलसिंग जाति गोंड़ निवासी पापरा जिला बालोद छ.ग. 2. रामचंद आ. स्व. भानूराम जाति गोंड 3. नोहर आ. स्व. भानूराम जाति गोंड़ - 4. चन्द्रा आ. स्व. भानूराम जाति गोंड़ 5. दामिनी आ. स्व. देवीलाल जाति गोंड़ 6. महेश्वरी पति स्व. देवीलाल जाति गोंड 7.मथरा बाई पति स्व. भानूराम जाति गोंड सभी हाल निवासी वार्ड नं. 32 शारदा पारा केम्प 2 पावर हाउस भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग.

आवेदकः- टोमन सिंह आ. स्व. भानूराम जाति गोंड एवं अन्य एक निवासी पापरा प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. सुरेगांव तहसील मारीबंगला देवरी जिला बालोद छ.ग.

विरूद्ध :- 1 कुमारी बाई आ. फूलसिंग जाति गोंड निवासी पापरा जिला बालोद छ.ग., 2. रामचंद आ. स्व. भानूराम जाति गोंड, 3. नोहर आ. स्व. भानूराम जाति गोंड, 4. चन्द्रा आ. स्व. भानूराम जाति गोंड, 5. दामिनी आ. स्व. देवीलाल जाति गोंड, 6. महेश्वरी पति स्व. देवीलाल जाति गोंड़, 7. मथरा बाई पति स्व. भानूराम जाति गोंड़ सभी हाल निवासी वार्ड नं. 32 शारदा पारा केम्प 2 पावर हाउस भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग.

....**अनावेदकगण**

इस न्यायालय के ई कोर्ट प्रकरण कमांक 202506243500039/अ-27 में आवेदक टोमन सिंह आ. स्व. भानूराम जाति गोंड़ एवं अन्य एक ग्राम पापरा प.ह.नं. 29 द्वारा अनावेदकगण कुमारी बाई आ. फूलसिंग जाति गोंड वगैरह जाति गोंड़ निवासी वार्ड नं. 32 शारदा पारा केम्प 2 पावर हाउस भिलाई के विरूद्ध खाता विभाजन का प्रकरण विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में अनावेदकगण को नोटिस प्रेषित किया है उसमें संबंधित व्यक्ति की पावती नहीं होने के कारण उपरोक्त अनावेदकगण को राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रकरण सुनवाई दिनांक 18.09.2025 तक न्यायालय में उपस्थित होवें। नियत तिथी तक उपस्थित नहीं होने पर समाचार पत्र को नोटिस तामिली माना जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक 28.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार मार्री बंगला देवरी

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/ब/121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक भुपेन्द्र कुमार वर्मा आ. गौकरण निवासी करगा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे स्वंय भुपेन्द्र कुमार वर्मा आ. गौकरण जन्म दिनांक 07.06.1992 को ग्राम करगा प.ह.न.- तहसील पाटन जिला दुर्ग में जन्म होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक भुपेन्द्र कुमार वर्मा आ. गौकरण निवासी करगा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15.09.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अगेश्वर प्रसाद पिता योमन सिंह साहू निवासी डुमरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा खेमीन आ. अगेश्वर प्रसाद की जन्म/मृत्यु दिनांक 06.09.2020 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202508104700036 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेश शर्मा पिता श्री सुरेश बी. शर्मा 40 वर्ष निवासी विलास नगर के पीछे जिला अमरावतल (महाराष्ट्र) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत स्थित भूमि मौजा - सिरसाखुर्द प.ह.नं. -06 रा.नि.मं. दुर्ग 01 स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंर 15000/1 रकबा 0.167 हेक्टेयर भूमि को विक्रेता श्री विमल कुमार श्रीवास्तव पिता स्व. त्रिवेणीलाल श्रीवास्तव से रजिष्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 15.05.2025 को कय किया। उक्त आवेदित भूमि को केता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202502101000014 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हिरामुनी देवी आ./पति स्व. रमेश प्रसाद कुशवाहा साकिन कोहका द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 720/38 रकबा 0.0116 हे. जो उसके स्व. पति रमेश प्रसाद कुशवाहा के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.08.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202509100700006 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका ललिता तिवारी पिता/पति स्व. राजेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम शांतिनगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 951/40 एवं 951/54 रकबा 0.0220, 0.022 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार राजेन्द्र तिवारी की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202508103500002 /अ-20(1)/ वर्ष 2024-25

श्रीमती सीतादेवी पति स्व. किसनलाल शर्मा निवासी गायत्री मंदिर वार्ड दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109/110 के तहत दुर्ग नगर स्थित नजूल शीट नं.16 भूखण्ड क्रमांक 8/14 क्षेत्रफल 1035.6 वर्गफुट भूमि सीतादेवी पति स्व. किसनलाल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज किया जा चुका है। उक्त भूमि के पट्टे की अवधि 03/2025 को समाप्त हो चुकी है। अतः उक्त भूमि का आगामी वर्षो हेतु नवीनीकरण हेतु मय दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का आवेदगण के नाम पर नवीनीकरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति / दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.08.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

सीबीआई जल्द ही रेरा अध्यक्ष संजय शुक्ला और डॉक्टर अतिन कुंडू की करेगी गिरफ्तारी

रायपुर/ नवप्रदेश। सीबीआई जल्द ही रेरा के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएफएस अधिकारी संजय शुक्ला और आंबेडकर अस्पताल में हड्डी रोग एक तत्कालीन एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर अतिन कुंडु को गिरफ्तार करेगी। जांच एजेंसी के अधिकारी इसकी कवायद में जुटे हुए है। इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार को पत्र लिखकर अभियोजन स्वीकृति मांगी है। इसमें बताया गया है कि रावतपुरा सरकार आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान (एसआरआईएमएसआर) को मान्यता दिलाने और सीटें बढ़ाने को लेकर हुई रिश्वतखोरी के मामले में दोनों अफसरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर जांच के बाद विशेष न्यायाधीश की अदालत में 8 आरोपियों के खिलाफ 20000 पन्नों का चालान पेश किया जा चुका है। अभियोजन स्वीकृति मिलने पर गिरफ्तार और पूछताछ करने का हवाला दिया गया है। बता दें कि इस घोटाला में देशभर के विभिन्न राज्यों के 35 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इसकी जांच रायपुर के साथ ही दिल्ली सीबीआई की टीम जांच कर रही है।

संजय शुक्ला हैं निजी कॉलेज में ट्रस्टी

सेवानिवृत्त आईएफएस और रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के अध्यक्ष संजय शुक्ला रायपुर के निजी मेडिकल कॉलेज में ट्रस्टी है। वहीं, अतिन कुंडु को आंबेडकर अस्पताल से हटाकर जगदलपुर अटैच किया गया है। बताया जाता है कि दोनों गिरफ्तारी से बचने के लिए विशेषज्ञों से सलाह ले रहे है। वहीं, गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाने की तैयारी में जुटे हुए है। ताकि अभियोजन स्वीकृति के बाद पूछताछ के लिए बुलवाए जाने पर वह उपस्थिति दर्ज करा सकें। बता दें कि इस प्रकरण में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं 27 अन्य लोगों की भूमिका को जांच के दायरे में लिया गया है।

महुआ मोइत्रा ने एफआईआर के बाद कहा- 'मुहावरे बेवकूफों के लिए नहीं'

रायपुर/नवप्रदेश। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला गरमा गया है। रायपुर पुलिस ने मोइत्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 और 197 के तहत FIR दर्ज की है। इस कार्रवाई के बाद मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर बीजेपी और रायपुर पुलिस पर तीखा हमला बोला।

मोइत्रा ने अपने वीडियो में गृह मंत्री को 'सम्माननीय' कहकर संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी एक बंगाली मुहावरा थी, जिसका गलत अर्थ निकालकर विवाद खड़ा किया गया। उन्होंने कहा, मुहावरे बेवकूफों के लिए नहीं होते। मेरे विरोधी बार-बार मुझे घेरने की कोशिश करते हैं, लेकिन हर बार सच्चाई अदालत और जनता के सामने आ जाती है। रायपुर पुलिस को टैग करते हुए उन्होंने तंज कसा, पिछली बार हाईकोर्ट की फटकार के बाद आपने मुकदमा वापस लिया था। बीजेपी के आकाओं की बात मानना बंद करें, वरना बदनामी ही हाथ लगेगी। उन्होंने फर्जी मुकदमों के खिलाफ चेतावनी भी दी।

रायपुर के माना क्षेत्र के निवासी गोपाल सामंतों की शिकायत पर पुलिस ने मोइत्रा के खिलाफ यह FIR दर्ज की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

360 से अधिक महिलाओं की हुई कैंसर स्क्रीनिंग

रायपुर/नवप्रदेश. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार और जिला प्रशासन की नवाचार पहल प्रोजेक्ट रक्षा के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत कायाबंधा, कैम्प ब्लॉक आरंग में निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 से अधिक महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई। बालको मेडिकल सेंटर के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में अब तक 360 से अधिक महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।इस विशेष शिविर में मुख (ओरल), स्तन (ब्रेस्ट) और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए जांच की गई।

संक्षिप्त खबरें

गणेश विसर्जन की झांकी के दौरान दर्दनाक हादसा, मुख्यमंत्री ने जताया गहरा दु:ख

रायपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड के जुरुडांड में गणेश विसर्जन की झांकी के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मृत्यु एवं कई अन्य लोगों के घायल होने की घटना पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हृदयविदारक घटना से मैं व्यथित हूं। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार मृतकों के परिजनों एवं घायलों के साथ खड़ी है।

ईद-ए-मिलाद की छुट्टी में बदलाव, अब 5 सितंबर को रहेगा अवकाश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) के अवकाश को लेकर संशोधित आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने पहले 6 सितंबर 2025 (शनिवार) को इस अवसर पर सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया था। अब इस आदेश को संशोधित करते हुए 5 सितंबर 2025 (शुक्रवार) को ईद-ए-मिलाद के लिए अवकाश घोषित किया गया है।सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर पहले से घोषित ऐच्छिक अवकाश यथावत रहेगा। इस संशोधन के तहत 6 सितंबर का सार्वजनिक अवकाश निरस्त कर दिया गया है। यह बदलाव वर्ष 2025 के लिए पहले जारी अवकाश सूची में संशोधन के रूप में किया गया है।

पुलिस लाइन में प्रधान आरक्षक का फांसी पर लटकता शव मिला

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस लाइन परिसर में बुधवार सुबह उस समय ह?कंप मच गया, जब एमटीपी शाखा में वाहन चालक के पद पर तैनात प्रधान आरक्षक रामआश्रा पोर्ते का शव सामुदायिक भवन के पास फांसी के फंदे पर लटकता पाया गया। इस घटना ने पुलिस महकमे में सनसनी फैला दी और पूरे परिसर में सन्नाटा छा गया।सूत्रों के मुताबिक, रामआश्रा पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव से जूझ रहे थे। बताया जा रहा है कि 26 तारीख को वह ड्यूटी पर अनुपस्थित रहे, जिसके बाद उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो रही थी। बुधवार सुबह पुलिस लाइन में तैनात अन्य पुलिसकर्मियों ने सामुदायिक भवन के पास शव को देखा, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई, और पुलिस की एक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की।पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है, और पुलिस हर पहलू की गहन जांच कर रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि रामआश्रा ने आत्महत्या क्यों की। क्या यह मानसिक तनाव का परिणाम था, या इसके पीछे कोई अन्य वजह है, इसकी तह तक जाने के लिए पुलिस परिवार वालों और सहकर्मियों से पूछताछ कर रही है।

बेबीलॉन टावर अग्निकांड में साहसी युवाओं और प्रशासन की मुस्तैदी से बचीं जानें

कलेक्टर-एसएसपी ने किया सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के बेबीलॉन टावर में बीती रात हुए भीषण अग्निकांड पर जिला प्रशासन, पुलिस और कुछ साहसी युवाओं की त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बुधवार को साहसी युवाओं को शॉल और किताब भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राहत कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी गई, जिसके परिणामस्वरूप सभी फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया और कोई जनहानि नहीं हुई।

रेस्क्यू ऑपरेशन में सोमेश साव, देवाशिश बरिहा, आकाश साहू, विशाल यादव, अभिषेक सिन्हा और ए. वेनूगोपाल जैसे युवाओं ने अपनी जान की परवाह न करते हुए फंसे लोगों को बचाया। सोमेश साव ने बताया कि एक मित्र के फोन पर सूचना मिलने के बाद वह 10 मिनट में घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने बेसमेंट से फायर उपकरण इकट्ठा किए और सीढ़ियों से ऊपरी मंजिलों पर जाकर आग बुझाने में योगदान दिया। नगर निगम के फायर ब्रिगेड कर्मचारी ए. वेनूगोपाल ने गीले कपड़े को मास्क के रूप में इस्तेमाल करने की सलाह दी, जिससे बचाव कार्य में मदद मिली।

25-50 लाख की जमानत शर्त हटाने का अनुरोध

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन ने राज्य सरकार से बोंडेड डॉक्टर्स के लिए उच्च शिक्षा हेतु एनओसी प्रक्रिया में लागू 25 से 50 लाख रुपये की संपत्ति गिरवी या बैंक जमानत की अनिवार्यता को तत्काल हटाने की मांग की है। फेडरेशन का कहना है कि यह कठोर शर्त मेधावी डॉक्टरों के उच्च शिक्षा के सपनों में बड़ी बाधा बन रही है।

सीजीडीएफ के अनुसार, युवा डॉक्टरों, जो हाल ही में अपनी पढ़ाई पूरी करते हैं, के लिए इतनी बड़ी राशि की व्यवस्था करना असंभव है। यह नियम न केवल डॉक्टरों के व्यावसायिक विकास को बाधित कर रहा है, बल्कि दीर्घकाल में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी नकारात्मक प्रभाव डालेगा।फेडरेशन ने वैकल्पिक समाधान के रूप में कानूनी शपथ पत्र (एफिडेविट) जैसे व्यवहारिक उपायों को अपनाने का सुझाव दिया है। सीजीडीएफ ने राज्य के मुख्य सचिव और स्वास्थ्य विभाग को ज्ञापन सौंपकर डॉक्टर-हितैषी नीति लागू करने की मांग की है।

फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने एक फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी को गिरफ्तार किया है, जो होटल कारोबारी से ड्रग्स मामले को रफादफा करने का झांसा देकर 5 लाख रुपये की उगाही करने की कोशिश कर रहा था। आरोपी की पहचान आशीष घोष उर्फ आशीष शर्मा के रूप में हुई है, जो न केवल कारोबारियों, बल्कि पुलिसकर्मियों, जिसमें एएसआई, आरक्षक और महिला आरक्षक शामिल हैं, को भी ब्लैकमेल करता था। उस पर 30 लाख रुपये की वसूली का आरोप है।

पुलिस के अनुसार, ड्रग्स क्वीन नव्या मलिक की गिरफ्तारी के बाद ड्रग्स मामले में कई होटल कारोबारी जांच के दायरे में हैं। इसी का फायदा उठाकर आशीष घोष ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर एक होटल कारोबारी से उसके छोटे भाई का मामला रफादफा करने के नाम पर 5 लाख रुपये की मांग की थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा।

पुलिस ने आशीष घोष के कब्जे से EOW का फर्जी पहचान पत्र, पुलिस की सायरन लगी कार और गंज थाने की सरकारी सील बरामद की है। जांच में पता चला कि आरोपी गंज थाना प्रभारी के फर्जी हस्ताक्षर भी करता था। क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है, और जल्द ही इस मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

एनएचएम कर्मचारियों ने पकौड़े बेचे

17 वें दिन भी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 17वें दिन भी जोर-शोर से जारी है। अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे करीब 16,000 कर्मचारियों ने सरकार के नो-वर्क, नो-पेमेंट नोटिस और बर्खास्तगी की चेतावनी के खिलाफ विरोध को और तेज कर दिया है। बुधवार को कर्मचारियों ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया, जिसमें कहीं पकौड़े बेचे गए तो कहीं आदिवासी परिधान में लोकनृत्य के जरिए सरकार पर निशाना साधा गया।बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में एनएचएम कर्मचारियों ने सड़क किनारे तंबू लगाकर पकौड़े तले और 5 रुपये प्रति प्लेट की दर से बेचकर सरकार पर तंज कसा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोदी की गारंटी के तहत संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था, लेकिन दो साल बाद भी यह वादा पूरा नहीं हुआ। कर्मचारियों ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि जब प्रधानमंत्री ने पकौड़ा बेचने को रोजगार बताया था, तो अब वे उसी तरह विरोध दर्ज करा रहे हैं। कर्मचारियों ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह मुफ्त राशन और नकद बांटने में उदारता दिखाती है, लेकिन मरीजों की सेवा करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के हक के लिए टालमटोल कर रही है।

ईडी के छापों पर टंकराम और बैज में घमासान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सहित दुर्ग, भिलाई और गरियाबंद में कई कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मुख्य रूप से कृषि से जुड़े कारोबारियों पर केंद्रित थी। ईडी की इस कार्रवाई के बाद प्रदेश में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है।राज्य के राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने ईडी की कार्रवाई को सतत प्रक्रिया बताते हुए कहा कि यह गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ निष्पक्ष रूप से की जा रही है। वहीं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) अध्यक्ष दीपक बैज ने ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में ईडी के पास कोई काम नहीं बचा है। बैज ने आरोप लगाया कि ईडी को जग खरीदी, बस्तर ओलंपिक और चावल घोटाले जैसे मामलों की जांच करनी चाहिए, लेकिन वह इन पर चुप है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में नकली होलोग्राम से शराब बिक रही है और नशे का कारोबार फल-फूल रहा है ।

तिल्दा-नेवरा। विकास मित्र मंडल तिल्दा-नेवरा के गणेश पंडाल में विराजित गणेश श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, शाम होते ही आकर्षक झालरों के साथ मनमोहक भगवान गणेश का दर्शन करने के साथ पंडाल को निहारने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। छाया : शाहीन कुरैशी

रामलला दर्शन के लिए राजनांदगांव और दुर्ग से 850 तीर्थ यात्रियों का दल रवाना

■ **मंत्री राजेश अग्रवाल ने दिखाई हरी झंडी**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रभु श्रीराम के दर्शन और अयोध्या धाम, काशी विश्वनाथ की यात्रा के लिए आज राजनांदगांव और दुर्ग जिले से 850 तीर्थ यात्रियों का दल रवाना हुआ। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ जाने वाली इस स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सदियों से प्रभु श्री राम की महिमा जनमानस में व्याप्त है। छत्तीसगढ़ से प्रभु श्रीराम का गहरा नाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य के श्रद्धालुओं को अयोध्या में विराजमान रामलला के दर्शन कराने के लिए श्रीरामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना शुरू की गई है। पिछले वर्ष 26 ट्रेनों के माध्यम से 22 हजार 100 से अधिक दर्शनार्थियों को दर्शन कराया गया। इस वर्ष अब तक 6 हजार से अधिक दर्शनार्थियों ने दर्शन का लाभ लिया है और आगे लगातार दर्शन जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रीरामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना संचालित की जा रही है, जिसके तहत प्रदेश के नागरिकों को प्रभु श्रीराम के दर्शन के साथ ही अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ की निःशुल्क यात्रा का प्रबंध होता है। यह योजना 5 मार्च 2024 से प्रारंभ हुई है। इस योजना के तहत अब तक प्रदेश के 28 हजार से अधिक लोगों को अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा का लाभ मिला है। अयोध्या धाम के लिए राजनांदगांव से यात्रा का यह दूसरा चरण है। श्रीराम लला अयोध्या धाम दर्शन योजना के तहत तीर्थ यात्रा के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों के जाने-आने एवं यात्रा के दौरान ठहरने और भोजन इत्यादि का प्रबंध छत्तीसगढ़ सरकार की ओर होता है।

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने सामाजिक न्याय योजनाओं की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने आज छत्तीसगढ़ के रायपुर प्रवास के दौरान राज्य अतिथि गृह पहुना में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में श्री अठावले ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगजन के लिए संचालित योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। साथ ही, विभागीय समन्वय को मजबूत करने और समाज के वंचित वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सामाजिक न्याय और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति, कौशल विकास और स्वरोजगार सहायता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से कमजोर वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव तारण प्रकाश सिन्हा, आदि मौजूद रहे।

सुविचार

किताबों में पढ़ा था कि आदमी पहले जानवर था। अखबार पढ़कर पता चलता है कि वह आज भी जानवर है। - अज्ञात

बिहार की वोट अधिकार यात्रा के निहितार्थ

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के पहले राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पार्टी ने अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर बिहार में वोट अधिकार यात्रा निकाली। सोलह दिनों तक चली इस यात्रा बिहार की राजधानी पटना में 1 सितंबर को समापन हुआ। लगभग 13 किलो मीटर की यह यात्रा बिहार के 25 जिलों के 110 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के संयुक्त नेतृत्व में निकाली गई इस वोट अधिकार यात्रा ने बिहार की सियासत में हलचल मचा दी। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के अलावा इस यात्रा में तमिलनाडु, तेलंगाना, झारखंड और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों ने भी शिरकत की वहीं आईएनडीआईए के और भी कई वरिष्ठ नेता इस यात्रा का किस्सा बने। इस पूरी यात्रा में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग तथा भाजपा पर वोट चोरी करने का आरोप लगाते हुए उनपर तीखा हमला किया। अन्य वक्ताओं ने भी वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे को जमकर हवा दी। यह बात अलग है कि विपक्षी नेताओं ने वोट चोरी के सबूत के रूप में जिन लोगों के नाम लिये थे और उनके वोट कटने का दावा किया था वे लोग खुद मीडिया के सामने आकर यह बात कबूलने लगे की उनका वोटरलिस्ट से नाम ही नहीं कटा है। बहरहाल आईएनडीआईए की यह वोट यात्रा बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व इस गठबंधन को एकजुट करने में निश्चित रूप से सफल रही। वोट यात्रा में टिकट के दावेदारों ने जगह जगह भारी भीड़ जुटा कर शक्ति प्रदर्शन किया जिससे इस वोट यात्रा में अपार जनसमूह उमड़ा। यह भीड़ वोटों के रूप में कितनी तब्दील होगी यह तो आने वाला समय ही बेहतर बताएगा। इस वोट यात्रा के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भावी प्रधानमंत्री बताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में आईएनडीआईए की सरकार बनने पर राहुल गांधी ही 2029 में देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। तेजस्वी यादव को उम्मीद थी कि इसके जवाब में राहुल गांधी भी उन्हें बिहार का भावी मुख्यमंत्री घोषित कर देंगे किन्तु राहुल गांधी ने ऐसा नहीं किया। यात्रा के दौरान एक पत्रकार वार्ता में मीडिया ने राहुल गांधी से यह सवाल भी पूछ लिया था की यदि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है तो क्या कांग्रेस तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए सहमत होगी। किन्तु राहुल गांधी ने यह सवाल भी टाल दिया। उन्होंने अपने पत्ते नहीं खोले जाहिर है इससे तेजस्वी यादव को निराशा हाथ लगी होगी। यही वजह है कि वोट यात्रा के समापन के समय तेजस्वी यादव खुद अपने लिए बैटिंग करने के लिए आगे आ गये और उन्होंने खुद को बिहार का भावी मुख्यमंत्री घोषित कर दिया उन्होंने अपने संबोधन के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को डुप्लीकेट मुख्यमंत्री और खुद को ओरिजनल मुख्यमंत्री बताकर लोगों से प्रश्न से किया कि क्या वे डुप्लीकेट मुख्यमंत्री चुनेंगे या ओरिजनल मुख्यमंत्री बनाएंगे। गौरतलब है कि इसके पूर्व एक सभा में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने तेजस्वी यादव की शान में कसीदे गढ़ते हुए उन्हें जननायक भी करार दिया था। पप्पू यादव वोट अधिकार यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे थे। भले ही उन्हें शुरू में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ गाड़ी में चढ़ने नहीं दिया गया था इसके बावजूद वे पूरी यात्रा में शामिल रहे और आखिरकार एक चुनावी सभा में उन्हें मंच साझा करने का अवसर मिला था जिसमें उन्होंने तेजस्वी यादव का महिमा मंडन करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी लेकिन उनके द्वारा तेजस्वी यादव को जन नायक कहना शायद कांग्रेस के नेताओं को ही न गंवार गुजरा नतीजतन पटना में वोट यात्रा के समापन पर आयोजित सभा में एक बार फिर पप्पू यादव को मंच में जगह नहीं दी गई और वे कार्यकर्ताओं के साथ नीचे बैठने पर बाध्य हो गये। कुल मिलाकर इस वोट अधिकार यात्रा से आईएनडीआईए के पक्ष में अच्छा माहौल जरूर बन रहा था लेकिन कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के एक मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक कार्यकर्ता द्वारा दी गई गाली के बाद सरे किये धरे पर पानी फिर गया। अब इस गाली गलौच को लेकर भाजपा आईएनडीआईए पर हमलावार हो गई है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसे लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और अब भाजपा ने तो इस गाली कांड को लेकर जगह जगह प्रदर्शन करना भी शुरू कर दिया है जिसे देखते हुए यह कह पाना मुहाल है कि वोट अधिकार यात्रा से आईएनडीआईए को बिहार विधानसभा चुनाव में कितना लाभ मिलेगा।

खबना ने कहा कि भारत पर लगाए गए टैरिफ ब्राजील को छोड़कर किसी भी देश की तुलना में ज्यादा है। यहां तक की रूसी ऊर्जा के सबसे बड़ा खरीदार चीन पर लगाए गए टैरिफ से भी अधिक है। इससे अमेरिका और भारत का व्यापार प्रभावित हो रहा है। साथ ही वह भारत को चीन और रूस के करीब ले जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत-रूस-चीन की नई ट्रॉइका और पीएम मोदी के जलवे से हैरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को पिछले पांवों पर ला दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को भी सफाई देने को मजबूर होना पड़ा। सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने व्यापार घाटे का रोना रोते हुए कहा कि भारत ने अमेरिकी आयात पर जीरो टैक्स का ऑफर दिया था, लेकिन देर हो चुकी थी। हालांकि, भारत सरकार ने ऐसे दावे की कोई पुष्टि नहीं की। अमेरिका के पूर्व एनएसए जैक सुलिवन ने ट्रंप के भारत विरोधी रुख की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने पाकिस्तान से कारोबारी सौदों के लिए भारत के साथ रिश्तों की बलि चढ़ा दी। इससे अमेरिका की साख गिरी है।

ट्रंप टैरिफ का प्रेशर ढीला करने में जुटे मोदी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाये गये भारी भरकम टैक्स की हवा निकालने में पीएम मोदी ने अभियान छेड़ रखा है। बीते दिनों पीएम मोदी ने भारत पर अंगुली उठाने वालों को बिना नाम लिये दो टूक कहा है कि भारत किसी के दबाव में नहीं आयेगा। आत्मनिर्भरता के मंत्र से देश अपने पैर पर खड़ा है तथा तेजी से प्रगति कर रहा है। ट्रंप टैरिफसे पैदा हुए हालातों से निपटने के लिए भारत ने ब्रिटेन, रूस, जापान और चीन से निकटता बढ़ा दी है। खासकर चीन से निकटता बढ़ना अमेरिका को अखर रहा है।

असल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर अतिरिक्त टैरिफलगा दिया है और इसकी वजह रूस से तेल खरीदने और अप्रत्यक्ष रूप से रूस यूक्रेन युद्ध में भागीदार होने का आरोप लगाया है। ट्रंप की टैरिफकी धमकियों का भारत ने करारा जवाब दिया है और उनकी धमकियों को अनदेखा कर भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखे हुए है।

अब ट्रंप के लिए ऐसी खबर है कि उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच सकता है। क्योंकि भारतीय रिफाइनरियों के लिए रूसी कच्चा तेल अब और सस्ता हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस ने भारत को दिए जाने वाले तेल पर छूट को और बढ़ा दिया है और अब ये छूट 3-4 डॉलर प्रति बैरल कर दिया गया है। बता दें कि पिछले सप्ताह भारत को मिल रही यह छूट 2.50 डॉलर थी, जबकि जुलाई में एक डॉलर प्रति बैरल थी। अब भारत को रूसी तेल और सस्ता मिलेगा और ये नई दरें सितंबर और अक्टूबर में भारत को भेजे जाने वाले तेल पर लागू होंगी।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक दशक से ज्यादा के कार्यकाल में भारत की विदेश नीति में कमाल का बड़ा बदलाव आया है। भारत अब फॉलोअर नहीं रहा, बल्कि एजेंडा-सेटर की भूमिका निभा रहा है। ट्रंप टैरिफऔर अमरीकी वर्चस्व के दौर में चीन में हुए एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत और पीएम मोदी का जलवा साफ नजर आया। चीन से दुनियाभर को भारत की ताकत दिखाकर पीएम मोदी छा गए। एक ओर उनके प्रभाव से ही एससीओ ने पाकिस्तान को घेरते हुए पहलगाम हमले की निंदा की। वहीं, पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात में दो पुराने दोस्तों की निजी केमिस्ट्री ने दुनिया को बड़ा संदेश दिया।

एससीओ के मंच से इतर मोदी-पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की तिकड़ी ने अमेरिका को भी नए शक्ति संतुलन के संकेत दिए। पीएम मोदी ने साफकर दिया कि अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा। इसके बाद ही 25 प्रतिशत अतिरिक्त पेनल्टी टैरिफ लगाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को भी सफाई देने को मजबूर होना पड़ा। दरअसल, पीएम मोदी की विदेश नीति में रूस, यूरोप, खाड़ी देशों और अफ्रीका- सबके साथ रिश्तों को संतुलित करना, ग्लोबल साउथ की आवाज बनना और इंडिया फर्स्ट की सोच को व्यवहार में उतारना शामिल है।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की शानदार मुलाकात ने एक नया संदेश दिया है- सीमा विवाद को पीछे छोड़, सहयोग के रास्ते खोलना। यह वही रणनीति है, जो आपदा में भी अवसर तलाशने की मोदी डॉक्ट्रिन की पहचान है। उन्होंने कोरोनाकाल में दुनियाभर को वैक्सीन देकर मोदी डॉक्ट्रिन को साबित किया है। अब इसका अगला पड़ाव रूस-इंडिया-चीन यानी आरआईसी ट्रॉइका ही है।

आंकड़े भी इस बात की साफगवाही देते हैं। इन तीनों देशों में मिलकर 3 अरब लोग यानी दुनिया की 37 फीसदी आबादी रहती है। इनकी संयुक्त जीडीपी 22.4 फीसदी (नॉमिनल) और 34.2 फीसदी (पीपीपी) है। यह जी-7 के लिए सीधी चुनौती है। दुनिया का कुल 20 फीसदी भूभाग इन तीन देशों में है। इनके पास 46 लाख सक्रिय सैनिक हैं, यानी नाटो से भी बहुत ज्यादा हैं। आरआईसी देशों की अलग-अलग ताकत इन्हें दुनिया से अलग बनाती है। एक ओर रूस के पास जहां तेल-गैस के अकूत भंडार हैं, तो वहीं चीन का 90 फीसदी रेयर-अर्थ तत्वों पर नियंत्रण है। भारत की मैन्युफैक्चरिंग, स्किल यूथ पावर और इकोनॉमी तेजी से विकसित हो रही है। खाद्य सुरक्षा की बात करें तो आरआईसी के पास खाद्यान्नों का भरपूर उत्पादन है। हिंद महासागर, दक्षिण चीन समुद्र और आर्कटिक रूट इनके नियंत्रण में हैं। संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद् में रूस और चीन स्थायी सदस्य हैं, वहीं भारत विकासशील देशों का दुनिया में सबसे बड़ा प्रतिनिधि बनकर उभरा है। यानी यह गठबंधन आर्थिक, सैन्य और तकनीकी- हर स्तर पर अपराजेय सिद्ध हो सकता है। इसके अलावा हाल ही में अलास्का में ट्रंप और पुतिन की बैठक बेनतीजा रही थी। लेकिन एससीओ की बैठक में पीएम मोदी ने यूक्रेन में युद्ध की समाप्ति का मुद्दा उठाया और रूसी राष्ट्रपति से भारत के प्रयासों का समर्थन भी प्राप्त किया। इस बैठक के बाद नए समीकरण बनेंगे। यह भारत की कूटनीतिक जीत है। दरअसल, अमेरिका का क्वाड अपनी प्रासंगिकता खो रहा है। भारत-रूस और चीन का एससीओ संगठन अब एक नई और जबरदस्त ताकत के रूप में उभरा है।

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत पर टैरिफकम करने का उनका कोई विचार नहीं है। भारत के साथ व्यापार के मुद्दे पर हुए सवाल पर ट्रंप ने कहा कि ये रिश्ता एकतरफा चल रहा है। भारत हमारे सामानों पर इतना टैक्स लगाता है कि हम उनके बाजार में टिक ही नहीं सकते हैं। ऐसे में हमने भी टैरिफबढ़ाया है, जो एक सही फैसला है। ट्रंप ने भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफको जारी रखने का संकेत दिया है।

अमेरिका के नेता और अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने फैसलों से भारत के साथ साझेदारी खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप को भारत के साथ रणनीतिक संबंध को नष्ट करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। भारतीय मूल के अमेरिकी कांग्रेसी रो खन्ना ने कहा कि वह अमेरिका और भारत में तनाव से हैरत में हैं।

अनन्त फल प्रदान करने वाला व्रत अनंत चतुर्दषी

मुकेष ऋषि

परिणाम यह हुआ कि ऋषि सुखी न रह सके और उनकी धन-दौलत समाप्त हो गयी। तब उन्होंने सुषीला से इसका कारण पूछा, तो सुषीला ने अनन्त के डोरे की याद दिलाई। कौण्डिन्य पष्चाताप से उद्विग्न हो उस डोरे के लिए वन में चले गये। वन में काफी दिन तक घूमते-घूमते वे एक दिन भूमि पर गिर पड़े, तब अनन्त भगवान ने उन्हें दर्षन दिया और बोले- हे कौण्डिन्य! तुमने मेरा तिरस्कार किया था, उसी से तुम्हें इतना कष्ट भोगना पड़ा। ज्ञान हो गया हो, तो अब घर जाकर अनन्त का अनुष्ठान 14 वर्षों तक करो, इससे तुम्हारे दुःख-दारिद्रय मिट जायेंगे तथा धन-धान्य से सम्पन्न हो जाओगे।

भारत धर्म-प्रधान देष है। यहाँ नित्य-दिन कोई-न-कोई व्रत-त्योहार की परिपाटी प्राचीन समय से चलती आ रही है। यहाँ धर्म-पर्व की विविधता के फलस्वरूप भी समानता व आत्मीय प्रेम जन-जन के हृदय में तरंगित होती रहती है। यहाँ ईष्वर के प्रति श्रद्धा-विश्वास नर-नारियों में काफी ज्यादा देखने को मिलता है। थोड़ी-सी किसी प्रकार की घटना या समस्या को लेकर बात-बात में ईश्वर की मन्नतें मानी जाती हैं और प्रायः लोगों का मन षंका-संदेह से घिर जाता है कि अमुक कार्य के बिगड़ने में कहीं ईष्वर के कार्य के प्रति भूल-चूक तो हमसे नहीं हुई है और काम बनने पर ईष्वर की कृपा मानी जाती है तथा उसके लिए खुशी-पूर्वक व्रत, पूजा-पाठ किया है। उनके हृदय-गुहा में ईश्वर के प्रति विश्वास, भावना प्रबल रूप से उभरती-उमरती रहती है। हर पल व्यक्ति का मन किसी कार्य को लेकर ईष्वर के इर्द-गिर्द ही विश्वास के कारण घूर्णण करता रहता है; क्योंकि ईश्वर का स्वरूप न अंत होने वाला अनंत, सर्वव्यापी व सर्वफलदायी है। यही श्रद्धा ईश्वरीय आस्था की जड़ है। भारतीय संस्कृति में अन्य महत्वपूर्ण व्रतों की श्रृंखला के अन्तगर्त अनंत चतुर्दषी का पावन व्रत अनंत फल प्रदान करने वाला, सुख-षान्ति, सौभाग्य की वृद्धि करने वाला, धन-धान्य बढाने वाला, भार्द्रपद मास षुक्ल पक्ष की चतुर्दषी को षेषषय्या पर क्षीरसागर में सोने वाले विष्णु भगवान की पूजा की जाती है, कथा सुनी जाती है। पूजा के अन्त में निम्न मंत्र ''अनन्तः सर्वनागानामधिपः सर्वकामदः। सदा भयात् प्रसन्नो मे भक्तानामभयकरः''से प्रार्थना करनी चाहिए। यह विष्णु कृष्ण रूप हैं और शेषनाग काल रूप से विद्यमान रहते हैं। अतः दोनों की सम्मिलित पूजा हो जाती है। पूजा-विधि-प्रातः नित्य क्रिया तथा स्नानादि से निवृत होकर चैकी के ऊपर मण्डप बनाकर उसमें अक्षत सहित या कुषा के सात कणों से षेष भगवान की प्रतिमा स्थापित करें। उसके समीप 14 गाँठ लगाकर हल्दी से रँगे कच्चे डोरे को रखें और गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप-दीप नैवेद्य से पूजन करें। तत्पष्चात् अनन्त देव का ध्यान करके षुद्ध अनन्त डोरे को अपनी दाईं भुजा में धारण करना चाहिए। यह डोरा अनन्त फल देने वाला है। अनंत में तीन लड़ें होती है और 14 चैदह गांठें होती है। अनंत भगवान अथवा परमात्मा तीनों लोक और चैदह भुवनों के स्वामी हैं। इसी तत्व को प्रकट करनं के लिए अनंत इस प्रकार बनाने का विधान है। इस व्रत में किसी एक अन्न का भोजन खाने की प्रथा है। गेहूं की पुड़ी के साथ मैदा से बनी मीठी सेवई खायी जाती है। इस व्रत की कथा है कि महाराज युधिष्ठिर ने जब राजसूय-यज्ञ किया उस समय यज्ञ-मण्डप इतना मनोरम बनवाया गया कि जलस्थल की भिन्नता प्रतीत ही नहीं होती थी। कहीं से टहलते-गिरते दुर्योधन भी उस यज्ञ-मण्डप पर आ गया और द्रौपदी ने यह देखकर उपहास करते हुए कहा कि अन्धे की सन्तान अन्धी ही होती है। यह बात उसके हृदय में बाण जैसी लगी तथा बदला लेने की मन में ठान ली। कुछ दिनों बाद ही उसने पाण्डवों को बुलाकर द्यूत-क्रीड़ा में परास्त किया। हार होने पर उन्हें प्रतिज्ञानुसार 12 वर्ष का वनवास दिया। एक दिन भगवान कृष्ण जब पाण्डवों से मिलने गये तभी युधिष्ठिर ने सब वृतान्त कह सुनाया और उसे दूर करने का उपाय पूछा। तब कृष्ण बोले कि आपलोग विधिपूर्वक अनन्त भगवान का व्रत करें तो आपका खोया राज्य पुनः प्राप्त हो जायेगा। इसके बाद श्री कृष्ण ने एक कथा भी सुनाई-प्राचीन काल में सुमन्त नामक ब्राह्मण के सुषीला नाम की एक कन्या थी। ब्राह्मण ने बड़ी होने पर उसका विवाह कौण्डिन्य ऋषि के साथ कर दिया। कौण्डिन्य ऋषि सुषीला को लेकर अपने आश्रम की ओर चले। रास्ते में ही सन्ध्या हो गई। ऋषि नदी के किनारे सन्ध्या करने चले। सुषीला ने देखा कि वहीं पर बहुत सी स्त्रियॉं किसी देवता की पूजा कर रही हैं। तब उसने पास जाकर पूछा-आप सब किसकी पूजा कर रही हैं? उन सबों ने सुषीला को अनन्त व्रत की महिमा बतायी। सुषीला ने वहीं उस व्रत का अनुष्ठान किया और चैदह गॉठों वाला डोरा हाथ में बॉध कर ऋषि कौण्डिन्य के पास आयीं। कौण्डिन्य ने सुषीला के हाथ में बॅधे डोरे का रहस्य पूछा। सुषीला ने सब हाल कह सुनाया। कौण्डिय ने डोरा तोड़ कर अग्नि में डाल दिया। इससे भगवान अनन्त का अत्यन्त अपमान हुआ।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ रात्रि शब्द सिर्फभोग के लिए नहीं होता, रात्रि शब्द सिर्फ पीने के लिए प्रयोग नहीं किया जाता, रात्रि शब्द सिर्फ अंधकार के लिए नहीं जाना जाता, रात्रि शब्द सिर्फ अज्ञानता के लिए नहीं जाना जाता बल्कि रात्रि परम विश्राम के लिए भी जाना जाता है। समस्त इन्द्रियों की सेवा से परम विश्राम पाकर शिव की शरण में आ जाना।

◆ समस्त भोगों के रस-बेरस को समझ कर और थक कर जो परम विश्राम की रात्रि होती है उसे ही शिवरात्रि कहते हैं। जो परम कल्याण की रात्रि होती है उसे ही शिवरात्रि कहते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1774 ब्रिटिश खोजकर्ता जेम्स कुक न्यू कैलेडोनिया के द्वीपसमूह का पहला यूरोपीय बन गया। 1807 रॉबर्ट मॉरिसन, चीन के लिए पहला प्रोटेस्टेंट मिशनरी, गुआंगज़ौ में पंहुचा। 1843 दो सिसिली के टेरेसा क्रिस्टीना ने ब्राजील के पेड्रो II से एक राजकीय समारोह में शादी की। 1884 ब्रिटेन ने ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स के लिए दंडात्मक परिवहन के आईसीटी नीति को समाप्त किया। 1927 नागपुर के दंगों में 22 लोग मारे गए और 100 से ज्यादा घायल हुए। 1946 बॉम्बे में मुसलमानों और हिंदुओं के बीच सड़क पर हिंसा भड़की। 1964 स्कॉटलैंड के फेर्थ रोड क्रॉसिंग फोर्थ रोड ब्रिज को ट्रैफिक में बदल दिया गया। 1969 उत्तरी वियतनाम के राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपिता हो ची मिन्ह का निधन हुआ। 1972 सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 1977 गोल्डन ड्रैगन नरसंहार सैन फ्रांसिस्को में हुआ 1981 अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया। 1998 सोवियत संघ के रडार स्टेशन, स्क्रोन्डा -1 को लाटविया में बंद किया गया।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

वह झाड़ रहा था

वह झाड़ रहा था धूल वह कीलें ठोक रहा था वह लंबी सी सुई लेकर बार -बार चुभा रहा था वह सिल रहा था सोल मैंने सोचा कोई मेहनती मोची भाई होगा मुड़कर पीछे देखा सिंपल क़मीज़, मन में तहज़ीब बेतरतीब बिखरे बाल माथे से टपकता पसीना था वह एक सरल सा आदमी जो सिल रहा था मेरे देश की उधड़ी हुई चमड़ी को उसकी आत्मा को और लोग पागल बताकर उस पर हँस रहे थे।

– रामकिशोर उपाध्याय

मिला ही नहीं वह

मिला ही नहीं वह प त थ र जिसपर सर रखकर कभी अर्पित कर सकती अपनी मासूम इच्छाएं आंखों के कोरों का जल तमाम निर्दोष याचनाएं दरक उठता उसका कण-कण हो जाता वह एकदम भुरभुरा। सहेज लेती उसे अपनी हथेली में उसी क्षण, बिखरने से पहले। वह भुरभुरी मिट्टी मेरा दीया होता मैं बन जाती उसकी बाती हर पल,हर लम्हा जलती रहती टिमटिमाती लौ की तरह।

– सपना चन्द्रा

कभी प्रकृति से पूछो कि मेरी पहचान



कभी प्रकृति से पूछो कि मेरी पहचान क्या है... हँस के बोलेगी ये सूर्य की वो किरण है... जिसके निकलते हीं विहग चहक उठते हैं... हाँ मैं 'रश्मि' हूँ...रौशन जहां को करती हूँ... सारी तपिश सह कर दूसरों को जीवन देती हूँ... हाँ मैं 'रश्मि' हूँ...जो युगों से अनवरत... यूं हीं अपने कर्तव्यों का निर्वाह करती आई हूँ... उना कोई मुझे मिटा सका...ना मैं मिट पाऊँगी।। – **'रश्मि अभय'**

दम-दम दमके दामिनी, बूँदों की करताल

दम-दम दमके दामिनी, बूँदों की करताल। उमड़ घुमड़ घन नाचते,पवन पखावज ताल। क्षीण कटि, है आद्र वदन, गोरी महुवा ताल। अलकें क्रीडा में मगन, अतिरंजित हैं गाल।। चम-चम चमके चपलिके,चूमे मेघ कपोल, विरहिन बदरी बरसती,बूँदें करें किलोल।। – **किरण मिश्रा**

चलेंगे साथ जब ही हम अगर सहमति

चलेंगे साथ जब ही हम अगर सहमति तुम्हारी है यहाँ देखे हमें जो भी कहे जोड़ी ये प्यारी है नहीं हों हम जुदा तुम से यही बस माँगते प्रभु से हमें तुम मिल गये जग में बड़ी किस्मत हमारी है। – **संजय कुमार गिरि**

कुछ शब्द भाषा से हटकर देखकर

कुछ शब्द भाषा से हटकर देखकर रंगे-रियासत गमगीन हो गया हूं मैं,इस मशीनी दौर में मशीन हो गया हूं मैं, अब तो खरीद लेते हैं लोग इल्म-ओ-किताब भी, दौर जमाने का देख हैरान हो गया हूं मैं। – **ललित उपाध्याय**

दिल पर लगी बात भला कैसे

दिल पर लगी बात भला कैसे भूला दूं... समय के साथ जख्म भर जाते हैं शाम ढलते ढलते रात भी गुजर जाती है समय के साथ लोग जीना भी सिख जाते हैं सारे ग़म भी भूल जाते हैं अगर कुछ नहीं भूला जाता है तो, दिल पर लगी बात भूला नहीं जाता। – **लक्ष्मी नारायण लहरे**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आप दिन के आरंभिक भाग में अनुकूल परिस्थितियों का जमकर लाभ उठायेंगे। मध्यान पश्चात स्थिति प्रतिकूल होने लगेगी।

वृषः आज दिन के मध्यान तक आप सेहत को लेकर परेशान रहेंगे। शारीरिक स्फूर्ति गायब रहेगी। अधिकांश कार्यो में देरी होगी।

मिथुनः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा मध्यान बाद तक प्रत्येक कार्यो में उदासीनता दिखाएंगे परन्तु धार्मिक कार्यो के प्रति आकर्षित रहेंगे।

कर्कः आज आप मध्यान तक जितना परिश्रम करेंगे इसके बाद के समय उससे पूर्ण संतुष्ट रहेंगे ।

सिंहः आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहेगा। दोपहर तक लगभग सभी कार्यो में विलंब होगा जो कार्य करेंगे उनके पूर्ण होने में भी संशय बना रहेगा।

कन्याः आज दोपहर तक अपने सभी कार्य पूर्ण करने का प्रयास करें इसके बाद परिस्थिति कलहकारी बनेगी जिसका भला करने का सोचेंगे।

तुलाः आज का दिन पूर्वार्ध आपके लिए धन वृद्धि कारक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज अधिकारियो का प्रोत्साहन मिलने से उन्नति के मार्ग खुलेंगे।

वृश्चिकः आज दिन की शुरुआत आलस्य प्रमाद से होगी ध्यान रहें कार्यो को लेकर टालमटोल की प्रवृति हानि करा सकती है।

धनुः आज का दिन आपके लिए आनंद दायक रहेगा। आप आज प्रत्येक कार्य को देखभाल कर ही करेंगे जिससे सफलता का प्रतिशत अधिक रहेगा।

मकरः आज दिन के मध्यान तक का समय सामान्य बना रहेगा लेकिन इसके बाद कही से अशुभ समाचार मिलने से परेशान रहेंगे।

कुंभः आज का दिन भी आपके लिए लाभदायी रहेगा बीते कल के अधूरे कार्य आज पूर्ण होने से धन की आमद होगी।

मीनः आज का दिन भी शुभ फलों की प्राप्ति कराएगा लेकिन आज चोटादि का भी भय है जोखिम ना लें वाहन से सतर्क रहें।

सूर्योदय : 06:11, सूर्यास्त : 06:42,चन्द्रोदय : 15:51, चन्द्रास्त : 25:59, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : शरद, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : भाद्रपद, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : उत्तराषाढ, योग : सौभाग्य, प्रथम करण : वणिज (16:12 तक),द्वितीय करण : विष्टि (28:21 तक),

।। गोचर ग्रहाः ।।

सूर्य : सिंह, चंद्र : मकर (29:21 से), मंगल : कन्या (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : सिंह (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्रः कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) वन और वन्यजीव अपराध प्रबंधन प्रणाली हॉक शुरू करने वाला देश का तीसरा राज्य हाल ही में कौन सा बना है?

2) विश्व मानवतावादी दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?

3) किस राज्य सरकार ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए सहकार किसान कल्याण योजना शुरू की है?

4) पहले भारतीय गणितज्ञ कौन थे जिन्होंने गणित को एक अलग विषय के रूप में माना?

5) पर्वतारोही कबाक यानों ने माउंट एल्ब्रस पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की है, वह किस राज्य की हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) तमिलनाडु (2) 19 अगस्त (3) राजस्थान (4) आर्यभट्ट (5) अरूणाचल प्रदेश

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य - 159

[illegible]

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 158 का हल



आदि कर्मयोगी के तहत 3 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

जिले के 308 ग्रामों में लागू किया जाएगा आदि कर्मयोगी अभियान

महासमुंद/नवप्रदेश। जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विकासखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिले के पांचों विकासखण्ड से 50 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सभी विकासखण्ड ट्रेनर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

समापन अवसर पर जिपं के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने कहा कि इस कार्यक्रम में अब योजनाएं धरातल पर बनेगी और इसका क्रियान्वयन के लिए जनसमुदाय भी आगे आएंगे। उन्होंने बताया धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत जनजाति गौरव वर्ष के एक भाग के रूप में आदि कर्मयोगी अभियान के लिए रणनीति बनाई गई। जिसमें जनजाति समुदायों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा गया। उन्होंने बताया कि जिले में इस अभियान की सफल क्रियान्वयन के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सचिन भूतड़ा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय सहित राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स, जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि, विखं स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे। प्रशिक्षण के बाद दूसरे क्रम में आदि सहयोगी की टीम बनाई जाएगी। जिसमें शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, युवा नेता, सामाजिक मुखिया आदि जो ग्राम स्तर पर योजना लागू करने में सहयोग करेंगे। तीसरे क्रम में आदि साथी, वे हितग्राही जिन्हें योजनाओं का सीधा लाभ दिया जाना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए 9 अलग अलग मंत्रालयों के 11 प्रकार के कार्यों से संतृप्ति का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत महासमुंद विकासखण्ड के 25 ग्रामों, बागबाहरा के 33, पिथौरा के 210, बसना के 24 एवं सरायपाली विकासखण्ड के 16 ग्रामों को शामिल किया गया है। अभियान अंतर्गत जिले के 308 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

रजत महोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन, 50 यूनिट रक्त संग्रहित

कसडोल /नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में बुधवार को उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल मे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें 12 छात्राएं और 41 पुरुष सहित कुल 53 यूनिट रक्त दान किया गया। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी,सिविल सर्जन डॉ अशोक वर्मा,खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ रविशंकर अज्जगले के निर्देशन मे लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया गया।दौलत राम शर्मा कॉलेज,सीएचसी कसडोल स्टाफ एवं आसपास गांवों के नागरिकों का विशेष योगदान रहा।

जान से मारने व बस जला देने की धमकी, जुर्म दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव में चाकू दिखाकर अवैध वसूली, अश्लील गाली- गलौज और जान से मारने की धमकी सहित बस में तोड़- फोड़ व उसे जला देने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5) व 351(3) का अपराध दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम भोरिंग निवासी येतेन्द्र साहू ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि वह श्रीराम रथ बस का संचालन करता है। 2 सितंबर 2025 की शाम करीब 3 बजे जब वह ढाबा तरफ जा रहा था और नेशनल हाईवे 53 पर यात्री प्रतीक्षालय के पास पहुंचा, तो उसी समय ग्राम गढ़सिवनी निवासी रिंकू ध्रुव अपने तीन साथियों के साथ वहां आया और उससे पैसे की मांग करने लगा। पैसा न देने पर उसने गालियां दी और मारपीट की। इसी दौरान रिंकू ध्रुव ने धारदार चाकू दिखाकर धमकी दी कि तुम्हारी बस गढ़सिवनी की तरफ आएगी तो उसे तोड़फोड़ कर जला देंगे। येतेन्द्र साहू ने बताया कि सभी आरोपी नशे की हालत में थे और उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। यदि भविष्य में मुझे या मेरी बस को कोई नुकसान पहुंचता है तो उसका जिम्मेदार रिंकू ध्रुव और उसके साथी होंगे।

रजत जयंती पर महाविद्यालय में 9 को पुस्तक मेला

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह के अन्तर्गत शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार में 9 सितंबर प्रात: 11 बजे से 5 बजे तक पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। विशिष्ट अतिथि संदीप दीवान अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, संदीप घोष पार्षद, कमलेश ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज, रमेश साहू अध्यक्ष पिटियाझर सोसायटी होंगे। कार्यक्रम में अनेक बुक डिपो द्वारा प्रदर्शन लगाई जाएगी। इसके अलावा सामाजिक एवं धार्मिक संस्था गायत्री परिवार, ब्रह्मकुमारी संगठन, पंतजली चिकित्सालय, बालाजी कृष्ण गोपाल सेवा समिति द्वारा भारतीय धर्म संस्कृति, पाठ्यक्रम संबंधी साहित्य महापुरूषों की जीवनी प्रतियोगिता परीक्षा संबंधी एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधी पुस्तकें प्रदर्शित की जाएगी। जनसम्पर्क विभाग महासमुंद द्वारा शासन की योजनाओं संबंधी पुस्तकों की प्रदर्शनी एवं पंपलेट का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा।

अनियमितता पर पांच उर्वरक विक्रेताओं को नोटिस

महासमुंद/नवप्रदेश। अनियमितता की शिकायत पर प्रभारी उप संचालक कृषि भीमराव घोड़ेसवार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ब्रजेश तुरकाने पिथौरा, उषाकांति खेस वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बसना ने विकासखंड बसना व पिथौरा की उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने राजा बीज भंडार सांकरा, खत्री बीज भंडार सांकरा, सिन्हा कृषि केंद्र पिथौरा, नायक कृषि केंद्र सागरपाली, किसान कृषि केंद्र भूकेल का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित फर्म में पीओएस स्टाक व भौतिक स्टॉक में अंतर पाया। संबंधित फर्मों द्वारा मासिक प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है।

पुरानी दुश्मनी के चलते महिला से मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम बम्हनी में महिला से मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नंबर 16 भाठापारा बम्हनी निवासी रमशीला बाई यादव ने बताया कि 1 सितंबर की दोपहर करीब 1.30 बजे उसके जेठ के लड़के खिलावन यादव, कमल यादव, मनोज यादव घर के सामने गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया, तो पुरानी रंजिश को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2) , 296 , 3(5) , 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किय गया है।

मंदिर से पंप केबल की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। माँ अन्नपूर्णा महाकाली सिद्ध शक्ति ज्योतिर्मय पीठ पहाड़ी धाम अमेठी के बोर का केबल चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार बीते 30-31 अगस्त के मध्य रात्रि माता अन्नपूर्णा धाम के पम्प हाऊस का ताला तोड़कर पम्प का केबल काटकर अज्ञात ने पार कर दी। सुबह जानकारी होने पर माँ अन्नपूर्णाधाम अमेठी की सेवा समिति के सदस्यों ने चोरी की सूचना खल्लारी थाने में दी। वारदात स्थल पर एक जोड़ी पुरानी चप्पल मिली है।

नगर पालिका प्रशासन और राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

अवैध अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा में सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को पालिका प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। प्रशासन की टीम ने झोपड़ी, ठेलों और मलबे को ध्वस्त कर अतिक्रमण मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बहस भी हुई।

दरअसल, मंगलवार दोपहर तहसीलदार विक्रम सिंह राठौर, सीएमओ लवकेश कुमार पैकरा प्रशासनिक टीम के साथ पहुंचे और अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया। इस कार्रवाई के बाद अतिक्रमणकारी जेसीबी के सामने आ गए और कार्रवाई रोकने की खूब कोशिश की। जिसके बाद प्रशासन ने पुलिस बुलाकर अतिक्रमणकारी को हटाया और अपनी कार्रवाई पूरी की। हालांकि कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारी के बीच बहसबाजी होती रही। प्रशासन ने झोपड़ियों, ठेलों, टीन शेड, बाउंड्रीवॉल को ध्वस्त कर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। नपा के अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा। जितने भी अवैध कब्जे हैं सभी पर कार्रवाई की जाएगी। नपाा के अधिकारियों ने सड़क किनारे दुकानों के बाहर लगे टीन शेड को भी हटाने कहा अन्यथा उन्हें भी ध्वस्त किया जाएगा।

नाले को पाट कर बाउंड्रीवॉल बनाया

अतिक्रमणकारी नाले को पाट कर बाउंड्रीवॉल और कमरा बना रहे थे। साथ ही खाली जमीन को मुरुम से पटाई कर दी थी। अतिक्रमणकारी के खिलाफ वार्ड के लोगों ने शिकायत पहले भी की थी। वार्डवासियों ने बताया कि अतिक्रमणकारियों के कारण जमीन से लगे स्कूल की हालत खराब हो गई है। 22 मई 2025 को वार्ड 15 और 16 के पार्षदों सहित वार्डवासियों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की थी।

अतिक्रमणकारी ने लगाया आरोप

अतिक्रमणकारी का आरोप है कि प्रशासन ने कार्रवाई से पहले उन्हें नोटिस ही नहीं दिया है। न ही कोई जानकारी दी गई है। अचानक हुई कार्रवाई के कारण उन्हें सामान हटाने का मौका भी नहीं मिला है। उनका कहना है कि कार्रवाई से उन्हें काफी नुकसान हुआ है।

क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में नपा सीएमओ लवकेश पैकरा ने बताया पीएम श्री स्कूल का विस्तारीकरण होना है इसलिए स्कूल से लगी शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। रही बात अतिक्रमणकारियों को नोटिस नहीं दिए जाने का तो उन्हें पूर्व में बार बार नोटिस दी जा चुकी है परन्तु उन्होंने जगह खाली नहीं किया था इसलिए कार्रवाई करनी पड़ी।

अतिक्रमण के चलते अधर में लटका स्कूल का विकास कार्य

बता दें कि सोमवारी बाजार स्थित पीएम श्री शासकीय प्राथमिक विद्यालय की सरकारी जमीन पर बड़ी मात्रा में अतिक्रमण होने के कारण विकास कार्य नहीं हो पा रहे थे। जबकि इस विद्यालय में अधोसंरचना के विकास, मरम्मत एवं निर्माण हेतु कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर द्वारा 16 जून 2023 को 23.54 लाख रुपए जारी किए गए थे।

सरकारी अस्पताल में मरीज बना प्रयोगशाला एम्बुलेंस ड्राइवर ने मरीज को लगाए टांके

सीएमएचओ ने दिए एफआईआर के आदेश जांच टीम गठित

महासमुंद। जिले के बागबाहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक एम्बुलेंस ड्राइवर सड़क दुर्घटना में घायल मरीज के सिर पर टांके लगाता हुआ एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जांच टीम गठित की है।

घटना 12 अगस्त की रात की है। डोंगा खम्हरिया के रहने वाले नोमेश ध्रुव को सड़क दुर्घटना में चोट लगी थी। रात 10:15 बजे 112 एंबुलेंस से उन्हें बागबाहरा सीएचसी लाया गया। अस्पताल में डॉक्टर या ड्रेसर की जगह निजी एम्बुलेंस चालक मनोज यादव ने मरीज के सिर पर टांके लगा दिए। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सीएमएचओ डॉ. नागेश्वर राव ने एम्बुलेंस ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जांच टीम का गठन किया गया है। बीएमओ डॉ. बुधियार सिंग बढ़ई ने बताया कि घटना के दिन वे ड्यूटी पर नहीं थे। सीएमएचओ ने सभी सीएमओ को सख्त निर्देश दिए हैं कि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजयुमो ने फूंका राहुल और तेजस्वी का पुतला

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला भाजपा युवा मोर्चा ने स्थानीय बरोंडा चौक में राहुल गांधी, तेजस्वी यादव व कांग्रेस का पुतला फूंका। बिहार के दरभंगा में आयोजित कांग्रेस की एक चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के लिए कहे गए अपशब्द की कड़ी निंदा की। पुतला दहन कार्यक्रम के प्रभारी जिला भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री अमन वर्मा व सहप्रभारी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री रहे।

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने इसे बेहद निंदनीय बताया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की। पुतला दहन प्रभारी जिला महामंत्री भाजयुमो अमन वर्मा ने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री को अपशब्द कहा गया है, वह न सिर्फ शर्मनाक है बल्कि भारतीय राजनीति के स्तर को गर्त में धकेलने वाला है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह बेहद गलत संदेश है, जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी पर राजनीति को निम्नतम स्तर पर ले जाने का आरोप लगाया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष थानसिंह दीवान, गोविंद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, मंडल महामंत्री एमआर विश्वनाथन, पूर्व मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, राजू चंद्राकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, मीना वर्मा, शुभ्रा मनीष शर्मा, पार्वती साहू, सुनीता साहू, सीता तोंडेकर, उषा पाल, दिनेश रूपरेला, भाऊ राम साहू, देवेंद्र चंद्राकर, मनीष शर्मा, गोविंद साहू, मनीष शर्मा, गोपी कन्नौजे, जितेंद्र चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। परसकोल रमनटोला में ऑटो की टक्कर से एक बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 3 निवासी लकेश्वर प्रसाद शर्मा 28 अगस्त की शाम पल्सकर क्रमांक सीजी 06 जीजेड 3609 से अपने दोस्त के पास रमनटोला गया था। काम खत्म करके वापस घर अयोध्या नगर आ रहा था, तभी परसकोल रोड महावीर पार्क के सामने बिना नंबर की इलेक्ट्रिक ऑटो के चालक कौंदकेरा निवासी हरिशंकर साहू ने बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे लकेश्वर घायल हो गया।

पर्व को सौहार्द्रपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ मनाएं : एसडीएम

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) कार्यालय में बुधवार को गणेश विसर्जन एवं ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में गरियाबंद एसडीएम हितेश्वरी बाघे, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, तहसीलदार चितेश देवांगन, नायब तहसीलदार योगेश देवांगन, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव उपस्थित थे।

इस दौरान गरियाबंद एसडीएम हितेश्वरी बाघे ने समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आगामी 5 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी और गणेश विसर्जन पर्व को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाएं। कहा कि डीजे बजाना पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही छिंद तालाब में गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं और तालाब की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पर्व को लेकर पुलिस को चाकचौबंध व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बैठक में उपस्थित वरिष्ठजनों से सुझाव भी मांगे। बैठक में वीरू यादव, संदीप सरकार, प्रकाश रोहरा, विनय दासवानी, हरीश ठक्कर, पत्रकार जीवन एस साहू, आसिफ मेमन, रितेश यादव, निरंजन प्रधान, विष्णु मरकाम, कय्यूम खान, रिजवान मेमन, प्रकाश सोनी, प्रकाश निर्मलकर, इंजीनियर अश्वनी वर्मा सहित बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद थे।

उपाध्यक्ष ने गुणवत्ताहीन सड़क का भुगतान रोकने के दिए निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर कॉलोनी के पहले स्थित नया सिविल लाइन वार्ड नं. 28 में लगभग 35 लाख से निर्मित सी.सी. रोड का निरीक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण - चन्द्रशेखर बेलदार, पियूष साहू, भाजपा नेता शरद मराठा, गौरव राठी ने किया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि लगभग 3 माह पहले निर्मित सी.सी. रोड जगह-जगह क्रेक हो गया है। गिट्टी ऊपर दिख रही है भारी वाहन अभी नही चला है वाहन चलने से सड़क और क्षतिग्रस्त हो जाएंगे। सी.एम.ओ. एवं इंजीनियर को अवगत कराया गया कि शासन के पैसे का सही उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण के समय तकनीकी अधिकारी की देखरेख सुनिश्चित करें। जिस ठेकेदार ने ऐसी गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण किया है उसका आंख बंद कर भुगतान भी कर दिया गया। भुगतान के पूर्व कोर कटिंग कराना चाहिए था।

साथ ही भौतिक रूप से स्थल का निरीक्षण करना था। ठेकेदार की जो भी राशि भुगतान के लिए बाकी है उसे रोका जाए और सही जांच के उपरांत ही भुगतान करें।

आस्था और उल्लास | **बरसात में भी न थमा भक्ति का प्रवाह, गरियाबंद में प्रभुभक्ति से सराबोर हुआ नगर की गलियां, चौक-चौराहे**

लड्डू गोपाल की झांकी देखने उमड़ा जनसैलाब, ढोल-ताशों की थाप पर झूमे भक्तजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। भक्ति, आस्था और उल्लास से सराबोर गरियाबंद नगर ने मंगलवार को एक अद्भुत दृश्य देखा। बारिश की बूंदों के बीच भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। गोवर्धनपारा वार्ड क्रमांक 06 में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के अवसर पर रुक्मणीकृष्ण विवाह प्रसंग का आयोजन हुआ, जिसके तहत भगवान श्रीकृष्ण की भव्य बारात नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई।

सुबह से ही श्रद्धालुजन इस शोभायात्रा का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही भगवान लड्डू गोपाल और श्रीमद्भागवत महापुराण को सजाए गए रथ और बग्गी में विराजमान कर यात्रा निकाली गई, वातावरण जय श्रीकृष्ण के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। बग्गियों पर रंगबिरंगी सजावट, रोशनी और ध्वनि विस्तारक यंत्रों से गूंजते भक्ति गीतों ने मानो पूरे शहर को कृष्णमय कर दिया।

बरसात में भी थिरके कदम

रिमझिम बारिश ने उत्सव की छटा को और भी अनुपम बना दिया। भीगते हुए भी भक्तगण झूमझूम कर नाचते रहे। शोभायात्रा वार्ड नंबर 06 से होते हुए सिविल लाइन, गौरव पथ, तिरंगा चौक होते हुए शीतला मंदिर तक निकाली गई। जगहजगह पर वार्डवासियों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान की बारात का भव्य स्वागत किया।

पार्षद छगन यादव - लड्डू गोपाल की भक्ति में पूरा नगर राधे राधे की गूंज हर गली में। इस भव्य आयोजन पर पार्षद छगन यादव ने कहा-बरसात ने भी श्रद्धालुओं की आस्था को रोक नहीं पाया। जिस तरह से नगर के हर वर्ग ने भगवान की बारात का स्वागत किया है, वह गरियाबंद की सामाजिक और धार्मिक एकता का परिचायक है। यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।

वहीं बुजुर्ग महिला धरमिन बाई सिन्हा ने कहा - हमने अपने जीवन में बहुत बार भगवान की कथाएं सुनी हैं, लेकिन इस तरह की बारात पहली बार देखने को मिली। आज ऐसा लगा मानो सच में भगवान हमारे बीच विवाह करने आए हों।

महिलाओं का विशेष उत्साह

जब बारात वार्ड नंबर 15 के पुराना मंगल बाजार क्षेत्र में पहुंची, तब वहां की बुजुर्ग महिलाओं ने विशेष रूप से लड्डू गोपाल और भागवत महापुराण की पूजाअर्चना कर स्वागत किया। कई महिलाएं भक्ति भाव से बारात में शामिल होकर हाथों में भागवत महापुराण थामे चल रही थीं। यह नजारा देखने लायक था।

भक्ति में डूबा नगर

बारात के दौरान बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी का उत्साह देखने लायक था। ढोलताशों की थाप, भजनकीर्तन की मधुर स्वर लहरियां और श्रद्धालुओं के झूमते कदमों ने पूरे गरियाबंद को प्रभुभक्ति में रंग दिया। शोभायात्रा के समापन पर शीतला मंदिर में विशेष पूजन और प्रसादी वितरण किया गया। बारिश और भक्ति के इस अद्भुत संगम ने यह साबित कर दिया कि श्रद्धा केआगे मौसम की कोई बाधा नहीं होती।

सेवानिवृत्ति के अगले ही दिन पेंशन अदायगी आदेश

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने सोमवार को एक संवेदनशील पहल करते हुए शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के अगले ही दिन पेंशन अदायगी आदेश (पीपीओ) प्रदान किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को पीपीओ प्रदान किया।31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए प्रधानपाठक मुरलीधर भोई को विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी की पहल पर 1 सितंबर को ही अवकाश नगदीकरण की राशि, जीपीएफ फाइनल पेमेंट, जीआईएस, एफबीएफ राशि तथा उपादान राशि के साथ पीपीओ प्रदान किया गया। इसी तरह

चंद्रहास पात्र, प्रधान पाठक (मिडिल स्कूल) को भी पीपीओ आदेश सौंपा गया। श्री नंदनवार ने कहा कि शिक्षक समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन नई पीढ़ी को गढ़ने में समर्पित किया। प्रशासन की ओर से यह हमारा दायित्व है कि उन्हें सेवानिवृत्ति के पश्चात त्वरित सुविधा और सम्मान मिले। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रशासन की ओर से शॉल एवं फल भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

फौती और सीमांकन के नाम पर किसान से रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

■ एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा, पटवारी संघ का जिलाध्यक्ष है आरोपी

खैरागढ़/नवप्रदेश। किसान से फौती उठाने और सीमांकन के नाम पर रिश्वत मांगने वाले पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष पटवारी धर्मेन्द्र कांडे को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को सुबह रायपुर से पहुंची एसीबी की टीम ने पटवारी काण्डे को किसान से 9 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

डोकराभाठा क्षेत्र के किसान भागवत और लक्ष्मण डेहरे से जमीन का सीमांकन करने और फौती उठाने के लिए पटवारी काण्डे ने 10 हजार रुपये की माँग की थी। इसकी शिकायत किसानों ने एसीबी से की। सौदा 9 हजार रुपये में तय हुआ। किसान बुधवार को राशि लेकर पटवारी के न्यायालय के सामने स्थित कार्यालय पहुँचे।

किसानों ने सुबह ही पटवारी को रिश्वत की राशि दे दी, लेकिन एसीबी की टीम मौके पर नहीं पहुँच पाई। रिश्वत की राशि लेकर पटवारी काण्डे जिला कार्यालय में आयोजित राजस्व विभाग की बैठक में पहुंच गया। बैठक के दौरान ही एसीबी की टीम कलेक्टर कार्यालय पहुंची और पटवारी को गिरफ्तार कर उसके कार्यालय ले गई। पटवारी द्वारा लिए गए नोट जब्त कर उनके हाथ धुलाने पर रिश्वत के नोटों पर लगा रंग निकलने लगा।

स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में पटवारी धर्मेंद्र काण्डे को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान बड़ी संख्या में पटवारी भी उसके कार्यालय के पास पहुँच गए। कार्यवाही के बाद आरोपी पटवारी को एसीबी की टीम गिरफ्तार कर रायपुर ले गई।

जिले मे पटवारियों द्वारा रिश्वत लेने के मामले मे एसीबी की यह दूसरी कार्यवाही है। इससे पहले भी प्रकाशपुर इलाके में हल्का पटवारी दिनेश परगनिहा को किसान से चार हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया था। अब पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष भी रिश्वत लेते धरे गए।

स्प्रिंकलर के नाम पर 90 हजार की ठगी 9 किसानों ने एसपी से की शिकायत

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में नौ किसानों के साथ धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। किसानों ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने स्प्रिंकलर पाइप और नोजल देने के नाम पर उनसे 90 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद उन्हें सामान नहीं दिया गया। रकम भी नहीं लौटाई गई। पीड़ित किसानों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। किसानों के अनुसार हेमलाल साहू नाम के व्यक्ति ने खुद को कृषि उपकरण सप्लायर बताते हुए भरोसा दिलाया कि वह स्प्रिंकलर उपलब्ध कराएगा। प्रति किसान 12,500 रुपये का सौदा तय हुआ और प्रत्येक से 10-10 हजार एडवांस लिए गए। कुल नौ किसानों से 90 हजार रुपये वसूले गए। यह रकम 19 अगस्त 2023 को दी गई थी। किसानों का कहना है कि कई बार मांगने के बाद भी सामान नहीं दिया गया। फोन करने पर आरोपी का मोबाइल नंबर भी अब बंद आ रहा है। किसानों ने बताया कि जब उन्होंने पैसे वापस करने की बात की तो आरोपी टालमटोल करने लगा। यहां तक कि आमने-सामने बात करने पर धमकी और अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया गया। मामले की शिकायत 8 अगस्त को भोरमदेव थाने में की गई थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर अब किसानों ने एसपी से गुहार लगाई है।

■ न्यूज गैलरी

महिला स्वच्छता समूह को कचरा संग्रहण साइकिल का वितरण

खैरागढ़। ग्राम पंचायत अतरिया में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता कार्यों को अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु गांव मे स्वच्छता की जिम्मेदारी संभाल रही स्वच्छता ग्राही महिला समूह को गांव में कचरा संग्रहण हेतु साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह विकेश गुप्ता, दीक्षा गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे। अतिथियों ने महिला समूह को साइकिल सौंपते हुए कहा कि इस पहल से गांव की स्वच्छता व्यवस्था और बेहतर होगी। महिला समूह की भूमिका से आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण दोनों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में सरपंच, पंचगण, ग्रामीणजन और महिला समूह की सदस्य उपस्थित रहीं।

जुआ, कोटपा एक्ट के तहत एक माह में ढाई लाख जप्त

खैरागढ़। जिला पुलिस द्वारा अगस्त माह में विभिन्न प्रकरणो में ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। एएसपी नितेश गौतम ने बताया कि पूरे जिले में आबकारी एक्ट के विभिन्न प्रकरणों मे 86 व्यक्तियों पर कानूनी कार्यवाही की गई। जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत विभिन्न थानों मे दस प्रकरणो पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 66 आरोपियों को गिरफ्तार कर 36700 रुपए जप्त किए। माह भर में कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक रूप से धूम्रपान करते पाए जाने पर 35 व्यक्तियों पर कार्यवाही कर कुल 6900 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। 66 प्रकरण में 100 व्यक्तियों पर कार्यवाही की गयी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के 715 प्रकरणों में कुल 253400 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। लायसेंस निलंबन के लिये 8 प्रकरण न्यायालय और 6 प्रकरणों में मालवाहक वाहनों पर लायसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई।

एक उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस निरस्त, तीन को नोटिस जारी

खैरागढ़। खैरागढ़ के गुलाब एग्रो एजेंसी द्वारा खाद वितरण में लापरवाही करने पर उर्वरक (गुण नियंत्रण) आदेश 1983 के तहत दुकान का उर्वरक लाइसेंस निरस्त किया गया है। कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षक लुकमान साहू और उनकी टीम द्वारा छुईखदान के मनोज कृषि केन्द्र, सुनील कृषि केन्द्र, गणपति कृषि केन्द्र खैरानवापारा, सिन्हा ट्रेडर्स नर्मदा, यादव कृषि केन्द्र गंडई, शोभेन्द्र कृषि केन्द्र लिमों और राकेश रंगलानी कृषि केन्द्र पवनतरा का औचक निरीक्षण किया गया।

पर्यटन मंत्री अग्रवाल ने दुर्ग और बस्तर संभाग के 650 तीर्थ यात्रियों को स्पेशल ट्रेन से किया रवाना

जयश्री राम के जयकारे, ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को किया विदा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्याय एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने आज रेल्वे स्टेशन राजनांदगांव से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत दुर्ग एवं बस्तर संभाग के 13 जिलों के 650 तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्री विशेष ट्रेन को रवाना किया।

राज्य शासन की महत्वपूर्ण श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना अंतर्गत प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन से जाने वाले दर्शनार्थियों में भारी उत्साह एवं खुशी का क्षण रहा। जयश्री राम के जयकारे के साथ ढोल-मंजीरे की मंगल ध्वनि के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए विदा किया गया।

पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सदियों से प्रभु श्री राम की महिमा जनमानस में व्याप्त है। अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर स्थापित होने के बाद दर्शनार्थियों को अयोध्या जाकर दर्शन करने की इच्छा होती है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप निःशुल्क प्रभु श्री रामलला दर्शन कराया जा रहा है। पिछले वर्ष 26 ट्रेनों के माध्यम से 22 हजार 100 से अधिक दर्शनार्थियों को दर्शन कराया गया। इस वर्ष अब तक 6 हजार से अधिक दर्शनार्थियों ने दर्शन का लाभ लिया है और आगे लगातार दर्शन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दर्शनार्थियों के दर्शन से हम सभी को दर्शन का लाभ एवं पुण्य मिलेगा। प्रदेश के 850 से अधिक दर्शनार्थी दर्शन करके आएंगे तो 85 हजार लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

सांसद संतोष पाण्डेय ने प्रभु श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी दर्शनार्थियों को शुभकामनाएं दी।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि दूसरी बार यहां से तीर्थयात्री विशेष ट्रेन को रवाना किया जा रहा है। उन्होंने सभी दर्शनार्थियों को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, खूबचंद पारख, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

गणेश विसर्जन झांकी और जश्ने ईद से पहले 10 आदतन अपराधी भेजे गए जेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के दिशा निर्देश पर 10 आदतन अपराधियों को जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा गणेश विसर्जन झांकी और जश्ने ईद मिलादुन्नबी के दौरान शहर के चौक चौराहों, शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों और आदतन अपराधियों पर निगाह रखी जा रही है। इस क्रम में आदतन अपराधी रत्नेश सिंह ठाकुर पिता स्व भगत सिंह ठाकुर उम्र 25 साल निवासी ब्राम्हण पारा थाना बसंतपुर, राजेन्द्र राजपूत पिता स्व भगत राजपुत उम्र 28 साल निवासी ब्राम्हण पारा थाना बसंतपुर, शंकर रजक पिता बसंत रजक उम्र 25 साल निवासी बासपाई पारा थाना बसंतपुर, बबला देवांगन पिता मकसूदन देवांगन उम्र 45 साल निवासी चौखडिया पारा थाना बसंतपुर, सन्नी यादव पिता सूरज यादव उम्र 25 साल निवासी नंदई यादव पारा थाना बसंतपुर, आसिफ खान पिता गुलाम खान उम्र 22 साल निवासी सागर पारा थाना बसंतपुर, सूर्यकांत गोड़ पिता लक्ष्मण गोड़ उम्र 31 साल निवासी किल्लापारा थाना बसंतपुर, विरेन्द्र कुर्रे पिता स्व सुखनाथ कुर्रे उम्र 25 साल निवासी कौरिनभाठा थाना बसंतपुर, मो अफजल पिता युसुफ खान उम्र 23 साल निवासी लालबाग थाना बसंतपुर, प्रेमदास मानिकपुरी पिता कमलेश मानिकपुरी उम्र 20 साल निवासी दिग्विजय कालेज रोड थाना बसंतपुर को विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चालान किया गया है। प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। अनावेदको के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तैयार कर एसडीएम न्यायालय राजनांदगाव के समक्ष पेश किया गया जहाँ जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया। लम्बे अरसे से फरार चल रहे तीन आरोपियों यशवंत ढीमर

कलेक्टर ने किया रेंगाखार आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

कवर्धा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र बोड़ला विकासखंड के ग्राम रेंगाखार पहुंचकर आंगनबाड़ी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बच्चों से बातचीत करते हुए उनकी दिनचर्या और भोजन व्यवस्था की जानकारी भी ली। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी सागर सिंह, डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी, नायब तहसीलदार अखिलेश ध्रुव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बच्चों से पूछा कि उन्हें प्रतिदिन खाने में क्या मिलता है। बच्चों ने अपने अनुभव साझा किए। कलेक्टर बच्चों के जवाब से संतुष्ट हुए। उन्होंने बच्चों को साफ-सुथरे कपड़े पहनने, नियमित अध्ययन करने और स्वच्छता रखने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र के किचन का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और स्वच्छता की बारीकी से जांच की। भोजन बनाने में स्वच्छता और पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका से बच्चों को समय पर नाश्ता और मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और पोषण ट्रैकिंग रजिस्टर अपडेट रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा है कि जिले का कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार न हो। आंगनबाड़ी केन्द्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली पाठशाला है, इसलिए यहां गुणवत्तापूर्ण पोषण और उत्तम वातावरण उपलब्ध कराना हम सबकी जिम्मेदारी है।

पंडरिया में धूमधाम से मनाई गई महर्षि दधीचि जयंती

■ कार्यक्रम में शामिल हुई पंडरिया विधायक भावना बोहरा

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया में दधीचि जयंती हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के बीच युवाओं ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम स्थल पर संत-महात्माओं और सामाजिक संगठनों ने महर्षि दधीचि के त्याग, बलिदान और आदर्श जीवन पर प्रकाश डाला।

दधीचि जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुई। दधीचि परिवार के द्वारा उनका स्वागत किया गया। विधायक भावना बोहरा मे पूजन किया। इस अवसर पर भावना ने कहा कि महर्षि दधीचि का जीवन हमें त्याग, सेवा और समाजहित के लिए समर्पण का संदेश देता है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सामूहिक भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

शाम को भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें हैदराबाद से आए भजन गायक अभिषेक शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

इस दौरान खाटू श्याम बाबा की झांकी भी निकाली गई। कार्यक्रम में घनश्याम शर्मा, इंदर शर्मा, श्रवण शर्मा, मनोहर, पारस, गौतम, मनीष शर्मा, संतोष, कमल किशोर शर्मा, संदीप, विजय शर्मा, हरीश जैन, महेश चंद्रवंशी, निर्मल सलूजा, संजू तिवारी, भीखमचंद जैन, नारायण माली, इंद्रजीत सिंह, देवेंद्र गुप्ता, गुरुदत्त, विश्वजीत सिंह, चंद्र कुमार सोनी, भास्कर देवांगन, खेमसिंह ठाकुर, शंकर लाल साहू, जगदीश चंद्राकर सहित भक्तगण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

शिक्षक दिवस विशेष : राज्यपाल पुरस्कार के लिए व्याख्याता नरोत्तम यदु का चयन

बालोद/नवप्रदेश। राज्यपाल पुरस्कार के लिए सेजेस घोटिया डौंडी के व्याख्याता नरोत्तम यदु का चयन होने पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर कलेक्टर के जन्मदिन के अवसर पर नरोत्तम यदु ने आम का पौधा भेंट करते हुए शुभकामनाएं दी। व्याख्याता नरोत्तम यदु एमए संस्कृत साहित्य, हिन्दी साहित्य, राजनीति विज्ञान, डिप्लोमा छत्तीसगढ़ी भाषा एवं साहित्य, डी एड शिक्षित हैं। उनका चयन 5 सितंबर 2025 को होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान के लिए हुआ है। कार्यक्रम में व्याख्याता नरोत्तम यदु को राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

प्रतिभाशाली शिक्षक के साथ-साथ व्याख्याता नरोत्तम यदु मूर्ति कला, चित्रकारी, काव्य लेखन की कला के धनी भी हैं। है। स्क्रीन प्रिंटिंग, फोटोग्राफी, शालेय पत्रिका में संपादक का कार्य, रचनात्मक और सकारात्मक सोच, नवाचारी शिक्षक व तकनीकी शिक्षक के रूप में दक्ष शिक्षक होने के साथ ही पर्यावरण, समाज सेवा, मार्गदर्शक शिक्षक, समुदाय समाज के साथ गहरा संबंध रखते हैं।

उन्हें संस्कृत स्तोत्र एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली सहभागिता प्रमाण पत्र 2008 उदयपुर राजस्थान द्वारा दिया गया। विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान 2010 में पाटन में दिया गया। शा उ मा वि घोटिया में विद्यालय स्तर पर सम्मान दिया गया। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिये 2019 में यादव समाज द्वारा श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान दिया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय गौरव सम्मान 2019 में स्वप्रेरित शिक्षक समूह छग, रक्त मित्र दान 2019, आशीर्वाद ब्लड बैंक रायपुर, राष्ट्रीय गौरव सम्मान यादव समाज भिलाई, शिकसा विशिष्ट सेवा सम्मान 2020 शिक्षक कला व साहित्य अकादमी, शिक्षा क्वीज प्रतियोगिता 2020 शिक्षक कला व साहित्य अकादमी, समाज गौरव सम्मान 2022 प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ ठेठवार यादव समाज, नवाचारी संगीतमय गीत विदा हेतु प्राचार्य शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय घोटिया द्वारा सम्मान, संत गहिरा गुरु समता अवार्ड 2024, नवयुग उत्कृष्ट पुरस्कार 2024 शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण 2024 भी दिया गया है। व्याख्याता नरोत्तम यदु को जिला कलेक्टर बालोद 2024 द्वारा चुनाव कार्य हेतु सम्मान, डा ए पे जे अब्दुल कलाम शिक्षक गुणवत्ता अभियान छ ग प्रशिक्षण कार्यशाला डौंडी, संस्कृत कार्य शाला विषय आधारित प्रशिक्षण बालोद 2015, संस्कृत कार्यशाला तीन दिवसीय बालोद 2017, साहित्य श्री सम्मान वक्ता मंच रायपुर 2024 द्वारा दिया गया है। इसके अलावा कई सम्मान व पुरुस्कार से नवाजा जा चुका है।

ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का शीघ्र निर्माण कराने कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव से खैरागढ़ जाने के लिए बने पुल को खतरनाक बताते हुए कांग्रेस ने खैरागढ़ जाने वाले मार्ग पर ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का शीघ्र निर्माण कराने दो दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की सरकार इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रही है। इस ब्रिज पर कई लोगों की जान जा चुकी है। इसके विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा राजनांदगांव नगर निगम के सामने दो दिन से आंदोलन किया जा रहा है। नया ब्रिज बनाने की मांग को लेकर किये जा रहे आंदोलन के दौरान आज पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष रहते हुए डॉ रमन सिंह ने इस क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया। उनके सामने कई लोगों की जान गई लेकिन रमन सिंह ने ध्यान नहीं दिया। धरना स्थल पर प्रमुख रूप से गिरीश देवांगन, शहर कांग्रेस कमेटी के कुलबीर सिंह छाबड़ा, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, आसिफअली खान, सूर्यकांत जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

शेष खबरो के लिए

कृषि कारोबार से जुड़े..

जा रही है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि छापेमारी किस घोटाले या मामले से जुड़ी है। आधिकारिक तौर पर ईडी ने अभी तक इस कार्रवाई का कारण उजागर नहीं किया है। सभी जिलों में दबिश की कार्रवाई लगातार जारी है।

3 कृषि कारोबारियों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी

सुरक्षाबलों के साथ पहुंची ईडी की टीम रायपुर में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने 3 कृषि कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी है। शंकर नगर चौपाटी के पास और महावीर नगर, अमलीडीह कॉलोनी के लॉ विष्टा सोसाइटी में कार्रवाई जारी है। राजधानी में कारोबारी विनय गर्ग के अलावा कृषि उपकरण कारोबारी पवन पोद्दार के ठिकानों पर भी छापेमारी की गई। सुरक्षाबलों के साथ पहुंची ईडी की टीम यहां घर के अंदर दस्तावेजों को खंगाल रही है।

राजिम में कारोबारी के घर छापा

राजिम में उगम राज कोठारी के मकान और दुकान पर ईडी ने छापा मारा है। कारोबारी कृषि यंत्रों की सप्लाई का शासन से ठेका लेता है। अधिकारी सुबह दो इनोवा वाहन में कारोबारी के घर पहुंचे। घर और मकान को चारों तरफ से सील किया गया है। टीम दस्तावेज खंगाल रही है। विपक्ष को डराने मारे जा रहे छापे- बैज ईडी के छापे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पास कोई काम नहीं है। कभी शराब, कभी कोल, कभी डीएमएफ और अब एग्रीकल्चर, आगे पीएचई पर जाएंगें। जांच करनी है तो 32 हजार जग खरीदी की जांच कर लो। बस्तर ओलिंपिक पर में 1400 का ट्रेकशूट 2500 में बेच रहे हैं, उसकी जांच कर लो। में 1400 का ट्रेकशूट 2500 में बेच रहे हैं, उसकी जांच कर लो।

छत्तीसगढ़ जीरो पावर...

मुख्यमंत्री ने बताया कि नई उद्योग नीति के अंतर्गत पावर सेक्टर में हाल ही में लगभग तीन लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए हैं। इसके परिणामस्वरूप आने वाले वर्षों में 30 हजार मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन संभव होगा। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल प्रदेशवासियों को 24 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराएगी बल्कि पड़ोसी राज्यों की ज़रूरतें भी पूरी करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने छत्तीसगढ़ को मुफ्त बिजली की ओर तेजी से अग्रसर कर दिया है और अब दूरस्थ अंचलों तक इस योजना का लाभ पहुँच रहा है।

भवन ग्रीन एनर्जी आधारित होगा : मंत्री कश्यप

वन मंत्री केदार कश्यप ने इस अवसर पर भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी को राज्य निर्माण में उनके योगदान के लिए नमन किया। उन्होंने कहा कि लगभग 270 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन ग्रीन एनर्जी आधारित होगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि संयुक्त मुख्यालय भवन 10,017 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में नौ मंजिला स्वरूप में निर्मित होगा। इसमें छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड और पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के लिए तीन अलग-अलग टॉवर होंगे।

डैम टूटने और गणेश...

जनहानि के लिए शासकीय नियमों के अनुरूप अनुग्रह सहायता स्वीकृति का प्रस्ताव शीघ्र तैयार किया जाए। प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रय, खाद्यान्न और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मकान, फसल और पशुहानि का विस्तृत सर्वे कर शीघ्र राहत सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता एवं सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

सीएम साय ने कहा, इस दुखद घड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार मृतकों के परिजनों एवं घायलों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए एवं घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। ईश्वर से दिवंगतों के आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। सीएम ने कहा, जशपुर घटना की पूरी जानकारी है। जिला प्रशासन से बात हुई है। तीन लोगों की मौत और 22 लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद स्क्क और कलेक्टर मौके पर मौजूद थे। घायलों के इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी।

पंजाब में बाढ़ से हालत..

कुछ घंटों में आउटर रिंग रोड भी बाढ़ के पानी की चपेट में आ सकता है। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार बाढ़ की स्थिति को देखते हुए पंजाबभर के सभी सरकारी और निजी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और पॉलिटेक्निक 7 सितंबर तक बंद रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि वे स्थानीय प्रशासन के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करें।

33 लाख के ईनामी...

द्वारा आत्मसमर्पिण करने वाले नक्सलियों के लिए चलाए जा रहे पुनर्वास नीति और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित हो कर नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा को चुना है। आत्मसमर्पित में से 2 नक्सलियों पर 08-08 लाख के ईनाम घोषित थे। 1 नक्सली पर 05 लाख घोषित थे. 4 नक्सलियों पर 02-02 लाख और अन्य 4 नक्सलियों पर 01-01 लाख घोषित थे।

दुर्ग के श्रद्धालु श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना

■ पर्यटन मंत्री अग्रवाल और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र ने दिखाई हरी झंडी

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना' के तहत आज दुर्ग जिले से रामभक्तों का बड़ा जत्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। जय श्री राम के नारों से गूंज के बीच दुर्ग रेलवे स्टेशन से 185 श्रद्धालुओं को ट्रेन से रवाना किया गया।

पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने दुर्ग रेलवे स्टेशन से श्रद्धालुओं से भरी स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अयोध्या यात्रा के लिए ट्रेन पहले राजनांदगांव से रवाना होकर दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां श्रद्धालुओं का स्वागत फूल मालाओं और गाजे-बाजे के साथ किया गया।

यात्रा के दौरान भोजन, आवास और अन्य सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। रवाना होते समय श्रद्धालुओं को जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' की प्रतियां भी भेंट की गईं। इस अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमीत अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा और उत्तम ध्रुव, जनपद सीईओ रूपेश पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व रेलवे विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

महापौर बाघमार ने पटेल चौक में बांटे हेलमेट

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा लागू की गई नो-हेलमेट, नो-पेट्रोल नीति को लेकर मंगलवार को दुर्ग शहर में एक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व महापौर अलका बाघमार ने किया। महापौर अलका बाघमार ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, लीलाधर पाल व पार्षदों के साथ पटेल चौक पहुंचकर दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में समझाया। इस अवसर पर पार्षद संजय अग्रवाल, साजन जोसेफ, गोविंद्र देवांगन, हेमन्त मटियारा, सुरेश गुप्ता के अलावा दुर्ग थाना प्रभारी सहित अन्य मौजूद रहे।

महापौर ने वाहन चालकों से कहा कि हेलमेट केवल एक सुरक्षा उपकरण नहीं है, बल्कि यह उनके और उनके परिवार के जीवन की सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कई लोगों को हेलमेट का वितरण भी किया। महापौर ने समझाते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान यह छोटी-सी ढाल बड़ी अनहोनी से बचा सकती है।

महापौर अलका बाघमार और जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि आपका परिवार घर पर आपका इंतजार करता है। दुर्घटनाएं बताकर नहीं आतीं। छोटी सी लापरवाही किसी पूरे परिवार की खुशियों को छीन सकती है। जब भी घर से बाहर निकलें, हेलमेट जरूर पहनें। बिना हेलमेट निकलना आपके और परिवार दोनों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने हाल ही में आदेश जारी किया है कि किसी भी पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के किसी भी दोपहिया चालक को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों से पूरी तरह सहयोग करने की अपील की है।

न्यूज गैलरी

मिडिल स्कूल के स्टूडेंट्स को दी कंम्प्यूटर की जानकारी

अंजोरा। व्यावसायिक कौशल के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंडा संकुल अंडा, दुर्ग छत्तीसगढ़ में कंप्यूटर विशेषज्ञ जितेंद्र साहू ने बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से कम्प्यूटर के विभिन्न पार्ट, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, कंप्यूटर के अंग, तीन डिवाइस इनपुट, आउटपुट, प्रोसेसिंग आदि के बारे में जानकारी दी। प्रोजेक्टर को लैपटॉप से कनेक्ट करना सिखाया गया। कंप्यूटर की उपयोगिता बताई गई। कार्यशाला में प्रधानपाठक विजय लक्ष्मी राव, सुरेन्द्र कुमार सेन, नीलिमा वर्मा, अनुरमा शुक्ला, तामेश्वर साहू का सहयोग रहा।

जीवनदीप समिति की बैठक आज

दुर्ग। जिला चिकित्सालय दुर्ग की जीवनदीप समिति कार्यकारिणी सभा की बैठक समिति की अध्यक्ष एवं कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में 4 सितम्बर को सुबह 10 बजे जिला चिकित्सालय दुर्ग के टेलीमेडिसीन कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक की एजेण्डानुसार विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। समिति से संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

कलेक्टर ने किया रजत महोत्सव प्रदर्शनी का शुभारंभ

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिले में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इसके तहत मार्च 2026 तक कुल 25 सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट स्थित लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव की प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। यह प्रदर्शनी स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ियों के संघर्ष की प्रेरक और गौरवशाली परंपरा को उजागर करती है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की आज़ादी की गाथा को दर्शाया गया है, जिसे कलेक्टोरेट में आम जनता और स्कूली विद्यार्थियों के लिए रखा गया है, ताकि वे प्रदेश के गौरवशाली इतिहास को जान सकें और प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर अभिजीत बबन पठारे, एडीएम अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग और जनपद सीईओ रूपेश पाण्डेय भी उपस्थित थे।

मिडिल कट को बंद करने से नाराज लोगों ने जताया विरोध

कुम्हारी। नेशनल हाईवे पर जंजगिरी से कुम्हारी टोल प्लाजा तक बने डिवाइडरों के बीच सड़क पार करने वाले लोगों के लिए बनाए गए मिडिल कट को बंद करने पर स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया। सब इंजीनियर जयंत वर्मा का कहना है कि मिडिल कट अवैध हैं। इनकी वजह से अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसे बंद करने के लिए कलेक्टर और एसपी ने निर्देश दिये हैं। लोगों की सुरक्षा के लिए ही मिडिल कट को बंद किया जा रहा है। विरोध को देखते हुए नेशनल हाईवे के कर्मचारियों को काम रोकना पड़ा। खारून ग्रीन्स हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने मिडिल कट को लेकर कॉलोनीवासियों ने कहा कि सड़क के दूसरी ओर स्कूल और कॉलेज हैं। मिडिल कट बंद करने से छात्र-छात्राओं को परेशानी होगी। दोनों ओर कम से कम 3 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ेगा। वार्ड पार्षद प्रवीण राव ने भी मौके पर पहुंचकर अधिकारियों को मिडिल कट बंद न करने कहा। कॉलोनी की निवासी तृप्ति चन्द्राकर और स्मिता राघाटाटे सहित अन्य लोगों ने भी इसका विरोध किया। नपा के सामने के मिडिल कट को बंद करने के विरोध में भी लोग सड़क पर आ गए और डिवाइडर के ऊपर चढ़कर विरोध करने लगे।

मांगे पूरी कराने लोकनृत्य-संगीत-नुक्कड़ नाटक से सरकार को जगाने का प्रयास

स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल का 17 वां दिन

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16 हज़ार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 18 अगस्त से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। आज हड़ताल के 17 वें दिन धरना स्थल पर छत्तीसगढ़ी नृत्य, लोक संगीत, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार तक मांगे पूरी करने का संदेश दिया गया।

एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी का नारा देते हुए घोषणा पत्र बनाया, जिसमें एनएचएम के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का वादा किया गया है। सरकार के कार्यकाल में 170 से अधिक ज्ञापन देने के बाद भी कोई सुनवाई न होने पर विवश होकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत 16 हज़ार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं।

दो दशक बाद भी शोषण की पराकाष्ठा

एनएचएम कर्मचारी संघ के दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने बताया कि शोषण की पराकाष्ठा हो चुकी है। 20 साल तक शोषण का समय छोटा समय नहीं है। इसमें से 15 साल भाजपा की सरकार रही। दूसरे राज्यों से यहां के कर्मचारियों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। इसी के विरोध में शासन के दमन के आगे न झुकने का फैसला किया है। पिछले दिनों हमने बाल कटाकर केश दान किया था। संविदा कुप्रथा की शव यात्रा निकाली थी। नोटिस की प्रति फाड़ कर विरोध भी जताया था।

5 मांगे मानने की बात शासन का दुष्प्रचार

हड़ताली कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री के उस बयान का खंडन किया है कि एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की 10 सूत्री मांगों में से पांच मांगे पूरी कर दी गई है। कर्मचारियों का कहना है कि यह भ्रामक बातें है। केवल दो मांग पर सर्कुलर जारी हुआ है। अन्य किसी भी मांग पर उचित निर्णय नहीं लिया गया है। मांगों के स्वरूप को बदलने का प्रयास शासन-प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी नियमितीकरण, स्थार्यीकरण पब्लिक हेल्थ कैडर, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति जैसी जरूरी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

सांसद बघेल कर चुके हैं मांगों का समर्थन

हाल ही में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा था कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी 20 साल से काम कर रहे हैं। घोषणा पत्र में भी उनकी मांगो को शामिल किया गया। 100 दिनों में नियमितीकरण के लिए कमेटी बनाने, संघ के सदस्यों को शामिल करने का वादा हमने किया था। राज्य स्तर की मांगे मुख्यमंत्री और केंद्र स्तर की मांगे केंद्र से पूरी कराने का प्रयास वे करेंगे। इस मुद्दे पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी चर्चा करेंगे और मांगो को जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। सांसद ने कहा कि नियमितिकरण करने में राज्य पर ज्यादा आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा, क्योकि केंद्र से 60 प्रतिशत राशि मिलती है। जिन राज्यो में नियमित किया गया है, वहां केंद्र की राशि मिल रही है। डबल ईंजन की सरकार का लाभ एनएचएम कर्मचारियों को दिलाने के लिये वे हर संभव प्रयास करेंगे।

सांसद बघेल ने गणेश पंडालों में पूजा अर्चना की

भिलाई/नवप्रदेश। प्रज्ञा महिला जागृति एवं सेवा समिति, वीआईपी नगर रिसाली द्वारा आयोजित गणेशोत्सव में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल पहुंचे। समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने सांसद का भव्य स्वागत किया। सांसद बघेल ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। समिति अध्यक्ष सीमा साहू ने बताया कि दस वर्ष पूर्व यह स्थान झाडियों और कचरे से भरा था, जिसे समिति ने साफ सुथरा कर व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया गया है। इसके बाद से यहां गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाओं ने खाना-खजाना स्टॉल लगाकर विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन किया। सांसद बघेल ने सुख के सब साथी दुख में न कोई भजन प्रस्तुत किया और व्यंजनों का स्वाद भी लिया। समिति की डोम शेड निर्माण की मांग पर सांसद ने आश्वासन दिया कि मार्च माह के बाद भूमिपूजन कर कार्य आरंभ कराया जाएगा। सांसद बघेल ने रूआबांधा गणेशोत्सव समिति, गणेश मैदान सेक्टर-भिलाई के कार्यक्रम में भी शिरकत की। यहां समिति के पदाधिकारियों ने शाल-श्रीफल भेंटकर उनका स्वागत किया गया। सांसद बघेल ने न्यू आजाद गणेशोत्सव समिति, सेंट्रल एवेन्यू, सेक्टर-2, भिलाई द्वारा आयोजित 41 वें वर्षगांठ गणेशोत्सव में भी उपस्थिति दर्ज कराई।

गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर विधायक चंद्राकर ने खुशहाली की कामना की

भिलाई/नवप्रदेश। नव युवा मित्र मंडल, न्यू खुर्सीपार भिलाई के गणेश पंडाल में आज दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर पहुंचे और गणेश भगवान की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। यहां जुरासिक वर्ल्ड झांकी का निर्माण किया गया है। विधायक ललित चंद्राकर ने झांकी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने समिति के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों को प्रोत्साहित किया। ललित ने कहा कि नव युवा मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और युवाओं को समाज के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने समिति के कार्यों को और अधिक विस्तार देने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष पवन अग्रवाल, शिरीष अग्रवाल, सतीश, दीपक बंसल, विकास केसारानी,संभुनाथ बैठा,रूपेश,शिव कमल सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

बिजली के खंबे और ट्रांसफार्मर पोल की गणना कर बिजली विभाग से टैक्स वसूलेगा रिसाली निगम

रिसाली/नवप्रदेश। नगर निगम प्रशासन जल्द ही छ.ग. विद्युत वितरण कंपनी को टैक्स जमा करने डिमांड जारी करेगा। निगम ने राजस्व बढ़ाने छ.ग. विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए विद्युत खंबे और ट्रांसफार्मर वाले स्थान का कर निर्धारण करने का फैसला किया है। बुधवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। एमआईसी सदस्यों ने कहा कि छ.ग. विद्युत वितरण कंपनी वर्तमान में नगर निगम रिसाली के क्षेत्राधिकार वाली भूमि का उपयोग घर तक कनेक्शन देने, स्ट्रीट लाइट के अलावा ट्रांसफार्मर लगाने के लिए कर रही है। इसके लिए नगर निगम को टैक्स लेना चाहिए। महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि निगम की आय बढ़ाने के लिए सबका प्रयास होना चाहिए। निगम के अधिकारी गंभीरता से सर्वे करने के बाद कर निर्धारण कर कंपनी को डिमांड जारी करें। बैठक में परिषद के सदस्य जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, संजू नेताम, रोहित धनकर, जमुना ठाकुर, ममता यादव, रंजीता बेनुआ, आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे समेत विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

करीब 10 लाख की होगी आय

संपत्तिकर विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी टिकेन्द्र वर्मा ने बताया कि संपूर्ण रिसाली क्षेत्र में लगभग 10 हजार विद्युत खंबे है। 200 स्थानों पर ट्रांसफार्मर भी लगे हैं। कर निर्धारण होने से हर वर्ष निगम के खजाने में लगभग 8 से 10 लाख रुपए की प्राप्ति होगी। एमआईसी की बैठक के बाद महापौर ने ऐसे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए है, जिसके लिये शासन ने राशि जारी कर दी है। महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि स्थल चयन के विवाद को परिषद के बैठक में रखा जाए। ऐसे प्रकरणों का निपटारा परिषद शीघ्र किया जाएगा।

जिले के 6 उर्वरक विक्रय केन्द्रों में मिली अनियमितता, नोटिस जारी

दुर्ग/नवप्रदेश। उर्वरकों की सतत आपूर्ति के लिये जिले के विक्रय प्रतिष्ठानों का कृषि विभाग के अपर संचालक आरके चंद्रवंशी और संयुक्त संचालक गोपिका गबेल ने निरीक्षण किया।

अनियमितताएं पाए जाने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। जिले के कुल 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर अनियमितता पाये जाने वाले 6 प्रतिष्ठानों में नियमानुसार कार्यवाही की गई। विकासखण्ड-दुर्ग के सेवा सहकारी समिति अण्डा का निरीक्षण किया। पीओएस स्कंध और भौतिक स्कंध में अंतर पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों में जवाब मांगा गया है।

जिला विपणन अधिकारी दुर्ग के संग्रहण केन्द्र का निरीक्षण कर पेंडिंग आरओ और डीडी के संबंध में चर्चा कर शून्य उर्वरक वाली समितियों में तत्काल उर्वरक भंडारण कराने के निर्देश भी दिये गए। अपर संचालक कृषि के निर्देशानुसार क्षेत्रीय उर्वरक निरीक्षकों द्वारा विकासखंड दुर्ग के 4 प्रतिष्ठान, विकासखंड धमधा के 5 प्रतिष्ठान और विकासखंड पाटन के 1 प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। अनियमितताएं पाए जाने पर विकासखंड धमधा के क्षेत्रीय उर्वरक निरीक्षक द्वारा अग्रवाल कृषि केन्द्र और हार्डवेयर-पथरिया का निरीक्षण कर प्रतिष्ठान के अनुज्ञप्ति पत्र, समस्त दस्तावेज-स्कंध पंजी, बिल बुक, प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु उपलब्ध उर्वरकों का पीओएस मशीन से मिलान कर अवलोकन किया गया।

किसान सेवा केन्द्र धमधा, ताम्रकार कृषि केन्द्र धमधा, ताम्रकार फर्टिलाइजर धमधा का निरीक्षण कर रजिस्टर का संधारण न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

लक्ष्मी फर्टिलाइजर धमधा को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर जप्ती की कार्यवाही की गई है।

सेवा सहकारी समिति मचांदूर, चंद्राकर ट्रेडर्स मचांदूर, चिराग कृषि केन्द्र घुघसीडीह का भी निरीक्षण किया गया। सेवा सहकारी समिति मचांदूर में पीओएस स्कंध और भौतिक स्कंध में अंतर पाए जाने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

बीएसपी | **इंडोनेशिया में निर्यात के लिए 30,000 टन स्लैब का उत्पादन**

एसएमएस-2 ने पूरा किया पहला एसएई-1006 ग्रेड का निर्यात आर्डर

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 (एसएमएस-2) ने ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए पहली बार एसएई-1006 ग्रेड के स्टील स्लैब का निर्यात आर्डर सफलतापूर्वक पूरा किया है। एसएमएस-2 ने इंडोनेशिया को निर्यात हेतु कुल 30,000 टन स्लैब का उत्पादन किया। इसकी शुरुआत 14 अगस्त, 2025 को 1,200 टन के पहले प्रेषण से हुई थी। एसएई-1006 ग्रेड स्लैब की रोलिंग के चुनौतीपूर्ण कार्य को टीम ने दृढ़ संकल्प, नवाचार और टीमवर्क से पूरा कर इस ग्रेड के स्लैब का सफल उत्पादन किया। मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) एस.के. घोषाल के मार्गदर्शन में एसएमएस-2 की टीम ने प्रारंभिक चुनौतियों को अवसर में बदला। सतत प्रयासों, तकनीकी दक्षता और विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट समन्वय से टीम ने न केवल उत्पादन प्रक्रिया में दक्षता हासिल की, बल्कि सम्पूर्ण आर्डर को कुशलता और सटीकता के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया। सभी सहयोगी विभागों आरसीएल, पीपीसी, ब्लास्ट फर्नेस, आरडीसीआईएस, इंस्ट्रूमेंटेशन तथा एसबीएस यार्ड टीमों ने निर्बाध लॉजिस्टिक्स एवं बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया। इस उच्च-मूल्य निर्यात आर्डर के सफल निष्पादन में महाप्रबंधक प्रभारी (सीसीएस एवं एसबीएस) एस. देबसिकदर, महाप्रबंधक (आरसीएल) के.वी. शंकर, महाप्रबंधक (प्रचालन, एसआरयू) बालम सिंह, महाप्रबंधक (यांत्रिकी, सीसीएस) निकुंज सिंघल, महाप्रबंधक (प्रचालन, सीएस) जी. रविकांत, महाप्रबंधक (प्रचालन, सीएस) महेन्द्र सिंह, उप महाप्रबंधक (प्रचालन, सीएस) नितिन अग्निहोत्री, उप महाप्रबंधक (प्रचालन, सीएस) वाई.के. साहू, उप महाप्रबंधक (प्रचालन, एसआरयू) घनश्याम शर्मा, सहायक महाप्रबंधक (प्रचालन, सीसीएस) अरिंदम कर, सहायक महाप्रबंधक (प्रचालन, सीसीएस) मयंक शर्मा, सहायक महाप्रबंधक (प्रचालन, सीसीएस) विनय जैन तथा वरिष्ठ प्रबंधक (आरसीएल) राहुल गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

एमआरडी ने एल डी स्लैग बिक्री एवं प्रेषण में बनाया सर्वश्रेष्ठ मासिक कीर्तिमान

भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल रिकवरी विभाग (एमआरडी) ने अगस्त 2025 में उल्लेखनीय सफलता अर्जित करते हुए 47,123 टन एलडी स्लैग का प्रेषण का अब तक का सर्वोच्च मासिक रिकॉर्ड स्थापित किया। यह आँकड़ा फरवरी 2025 में दर्ज 38,686 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ आँकड़े से कहीं अधिक है। स्टील मेल्टिंग शॉप से निकलने वाले एल.डी. स्लैग (उद्योग अपशिष्ट) को आज एक मूल्यवान संसाधन के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है। यह उपलब्धि एमआरडी की सर्कुलर इकॉनोमी को बढ़ावा देने, इस्पात उत्पादन को सुचारु बनाने और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने की दिशा में बढ़ते योगदान का प्रमाण है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएँ) तुषार कांत ने एमआरडी बिरादरी की रणनीतिक योजना और प्रयासों की सराहना की।

रोटरी क्लब दुर्ग और रुंगटा यूनिवर्सिटी ने किया वृहद पौधरोपण

भिलाई/नवप्रदेश। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत बुधवार को रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया। रोटरी क्लब दुर्ग के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम में 400 फलदार व छायादार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सभी पदाधिकारियों ने एक-एक पौधे रोपे। रूंगटा यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भी प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए संकल्प लिया कि रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे।

कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि एक विकसित पेड़ साल भर में उतना ऑक्सीजन पैदा करता है, जितना चार व्यक्ति सांस लेने में उपयोग करते हैं। पेड़ प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ तापमान को नियंत्रित रखते हैं और भूजल स्तर को भी सुरक्षित करने में मददगार होते हैं। विश्वभर में पौधरोपण को जलवायु परिवर्तन से निपटने के सबसे सरल और प्रभावी उपायों में से एक माना जाता है। रोटरी क्लब दुर्ग के अध्यक्ष रोटेरियन पंकज कोठारी ने कहा कि पौधरोपण केवल सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता बन गया है। कार्यक्रम का समापन रोटेरियन राहुल भंडारी के धन्यवाद ज्ञापन और पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ।

मजबूत संकल्प नेक इरादा ही सफलता की प्रथम कुंजी : इन्द्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम रेंगाबोड़ में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य एवं तहसील साहू समाज के अध्यक्ष रामनाथ साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस दौरान विधायक ने क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री एवं रामलीला मंडली के लिए वेशभूषा प्रदान करने की घोषणा किये।

विधायक साव ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम जिस भूमि पर खड़े है यहां भविष्य में एक भव्य भवन का निर्माण होने जा रहा है। भवन केवल ईट और पत्थरों से नहीं बनता, बल्कि उसमें शामिल होती है। हमारी भावनाएं, हमारी मेहनत और समाज की उम्मीदे बंधी रहती है।उन्होंने आगे कहा कि यह भवन आने वाले समय में शिक्षा, सेवा, विकास और समाज की प्रगति का केन्द्र बनेगा। भूमिपूजन हमें यह भी याद दिलता है कि जैसे नींव मजबूत होती है वैसे ही हमारे संकल्प भी मजबूत होने चाहिए और मजबूत संकल्प नेक इरादे ही सफलता की प्रथम कुंजी है। विधायक साव ने।क्रिकेट किट और रामलीला मंडली के लिए वेशभूषा देने की घोषणा की जिसका उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।इसके पूर्व विधायक इंद्र साव का ग्राम रेंगाबोड़ पहुंचने पर सरपंच,उपसरपंच सहित ग्रामीणों ने पारंपरिक रूप से फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर रामनाथ साहू, नेतराम साहू,सरपंच उप सरपंच विक्की साहू, देवचरण साहू, दिवाकर मिश्रा, नितिन शुक्ला , पंच गण विमल साहू, धनपाल साहू, हरिराम यादव, रामावतार साहू, वीरेंद्र साहू, पुसऊ साहू, श्रवण साहू,बलराम साहू, सेवक साहू,प्रेमलाल साहू, शत्रुघन साहू,नूतन साहू, बेदराम साहू सहित महिला समूह के सभी सदस्य एवं काफी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

कांग्रेस ने गाली देकर पूरे देश का अपमान किया

■ **बीजेपी महिला मोर्चा धमतरी द्वारा कांग्रेस नेता के खिलाफ राजधानी में विरोध प्रदर्शन**

धमतरी/नवप्रदेश। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता के खिलाफ कांग्रेस नेता द्वारा अपशब्दो व अभद्र भाषा,गाली गलौच करने का भारतीय जनता महिला मोर्चा ने विरोध जताया ।महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व में विशाल आक्रोश रैली निकल कर कांग्रेस भवन का घेराव किया गया। जिसमे महिला मोर्चा धमतरी से ,हेमलता शर्मा ,पूर्व मोर्चा अध्यक्ष बिथिका विश्वास, अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष, श्यामा साहू, पवित्रा,चंद्रकला साहू जनपद सदस्य नगरी , सहित बड़ी संख्या लोग उपस्थित थे। बिथिका विश्वाश ने कहा - बिहार की जनता इस अभद्रता और नफरत की राजनीति को कभी स्वीकार नही करेगा ।

जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव- कांग्रेस नेता द्वारा दी हुई गलियां सिर्फ मां का अपमान ही नहीं पूरे देश की माताओं, बहनों और बेटियों का अपमान है ।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक लेकर दिये निर्देश

■ **लंबित प्रकरणों को नियत समय के भीतर करें निराकृत : कलेक्टर उइके**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बी.एस. उईके ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने अधिकारियों के प्रति गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी नियमित समय पर कार्यालयों में उपस्थित रहे। अन्यथा सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि समय पर कार्यालय में उपस्थित न होना। शासकीय सेवा आचरण के विरूद्ध है। शासकीय सेवा में इस तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समय-सीमा में दर्ज, जनदर्शन, जनचौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल, लोक संवाद, सीपी ग्राम सहित उच्च कार्यालयों के लंबित प्रकरणों को नियत समय के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में प्रधानमंत्री जनमन आवास, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी सहित अन्य निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा पीएम जनमन के तहत जितने भी निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत कार्य है। उन कार्यो को समय पर पूरा करें। शासकीय कार्यो की समीक्षा तथा मॉनिटरिंग राज्य एवं केन्द्र स्तर के अधिकारियों द्वारा लगातार की जाती है। इसी के आधार पर जिले के रैकिंग तय की जाती है। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का वृहद आयोजन किया जा रहा है। संबंधित विभाग को जो जिम्मेदारी दी गई है।

सीएम से नियमितीकरण के लिए पोस्टकार्ड के जरिये लगाई गुहार

■ **एन एच एम संविदा कर्मचारियों के आंदोलन का सत्रहवां दिन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मिरि, प्रदेश महासचिव कौशलेश तिवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा, प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ रविशंकर दीक्षित, प्रदेश मीडिया प्रभारी पूरन दास आनंद के मार्गदर्शन में और गरियाबंद जिलाध्यक्ष अमृत राव भोंसले, कार्यकारी अध्यक्ष शेखर धुर्वे, लम्बोदर महतो के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी को परिवार जनों के साथ सन्देश देकर नियमितीकरण के लिए मनुहार किया।

आंदोलन के स्वरूप के बारे में बताते हुए *प्रदेश प्रतिनिधि भूपेश साहू, भूपेंद्र सिन्हा* ने बताया कि अपना घोषणा पत्र बनाया जिसमें हम एनएचएम के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का वादा किया गया है इस सरकार के कार्यकाल में 160 से अधिक ज्ञापन देने के पश्चात कोई सुनवाई न होने पर विवश होकर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत 16 हज़ार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं।

इसी क्रम में सत्रहवें दिन धीरज शर्मा के मार्गदर्शन में संविदा कर्मचारियों के परिवार और समाज के साथियों ने भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नाम पोस्ट कार्ड के भेजकर गुहार लगाया। पोस्ट कार्ड में मुख्य रूप से उनकी पीड़ा को प्रतिबिम्बीत करते हुए लिखा गया कि सामाजिक सुरक्षा और सेवा में अनेक विसंगति के कारण संघर्ष का जीवन जी रहे।

ब्लॉक संरक्षक मैनपुर गणेश सोनी, डॉ लक्ष्मी कांत चंद्राकर, श्रीमती प्रीती पांडे सी एच ओ महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने दुखी मन से कहा कि 20 वर्षों से शोषित ,पीड़ित, अल्प वेतन में काम कर रहे एन एच एम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपने नियमितीकरण ,स्थाईकरण पब्लिक हेल्थ कैडर, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति जैसी जरूरी मांगों को लेकर संघर्षरत रहे हैं जिस पर वर्तमान सरकार के द्वारा बहुत निवेदन करने और ज्ञापन देने के पश्चात भी कोई सुनवाई नहीं की गई। उक्त मांगों को केंद्र सरकार के मत्थे मढ़ा जा रहा है जबकि तकनीकी रूप से प्रदेश में स्वास्थ्य और स्वास्थ्य के कर्मचारियों का पूरा विषय राज्य सरकार के निर्णय के अधीन रहता है। अतः राज्य सरकार को शीघ्र निर्णय लेने कि इच्छाशक्ति दिखानी चाहिए।

बाल गणेश उत्सव समिति शीतला पारा मेचका

गणेश उत्सव समिति पुरानी बस्ती दुगली नगरी

खरेंगा में हुआ बाल मेले का आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तहत ब्लॉक धमतरी, सेक्टर खरेंगा के ग्राम खरेंगा में बाल मेला का आयोजन किया गया। यह मेला विशेष रूप से 0 से 3 वर्ष के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित था। इस अवसर पर 10 काउंटर लगाए गए, जिनमें पंजीकरण, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, सामाजिक विकास, पोषण आहार, टीकाकरण, खेल जगत, माता की सहायता तथा ÷हाथों का कमाल÷ जैसे काउंटर शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से किया गया। इसके बाद सभी माताओं का पुष्प व तिलक से स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत सरपंच नीलम टी आर आडिल ने उद्बोधन कहा कि बच्चों की प्रथम गुरू माता ही होती है। बच्चे सबसे पहले अपने माता से सीखते है अतः माताओं को चाहिए कि बाल्यकाल से ही वे बच्चों में अच्छे संस्कार का बीजारोपण करे। इसी क्रम में प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा गीत एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी को उत्साह और आनंद से भर दिया।

इसके पश्चात मेला प्रारंभ हुआ, जहाँ सभी माताएँ बारी-बारी से प्रत्येक काउंटर पर गईं और विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हुईं। माताओं के साथ मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं, जैसे ङ्क बिंदी लगाओ और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता। विशेष रूप से, प्रथम संस्था द्वारा 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई, जिसे सरपंच मैडम के हाथों माताओं को वितरित किया गया।

4 विभिन्न निर्माण के लिए चिन्हांकित भूमि का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के विकास कार्यों को गति देने हेतु कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज मगरलोड तहसील के करेलीबड़ी ग्राम में विभिन्न परियोजनाओं के लिए चिन्हांकित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि सभी प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृत शर्तों और नियमों का पालन करते हुए समयबद्ध ढंग से निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाएँ। 'करेलीबड़ी ग्राम निरीक्षण के दौरान जिन निर्माण कार्यों के लिए भूमि चिन्हित और स्वीकृत है, उनका विवरण इस प्रकार है-

1. औद्योगिक पार्क निर्माण हेतु
2. नया गार्डन एवं ओपन जिम निर्माण हेतु
3. व्यावसायिक परिसर निर्माण हेतु
4. विश्राम गृह निर्माण हेतु

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि इन सबके बन जाने से करेलीबड़ी के साथ धमतरी जिले की तस्वीर बदलेगी।

बाल नेत्र सुरक्षा अभियान की शुरूआत

नगरी/नवप्रदेश। स्कूली बच्चों में दृष्टि दोष , शैक्षणिक उपलब्धि एवं जीवन की गुणवत्ता पर प्रतिकुल प्रभाव करती है। इससे बच्चों का उचित विकास नही हो पाता । इसी कड़ी में राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम तथा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चो के लिए दिनांक 2-9-2025 से 17-10-2025 तक ''समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान'' की शुरूवात किया जा रहा है। जिसके तहत् मुख्य रूप से बच्चों का नेत्र परीक्षण कर मौके पर आवश्यकतानुसार उपचार , सलाह रेफरल तथा दिनांक 10 से 17 अक्टुबर 2025 के मध्य आवश्यकता वाले बच्चों को निशुल्क चश्मा का वितरण किया जायेगा। विकासखंड नगरी में इस अभियान के सफलतापूर्वक सम्पादन के लिए दिनांक 2-9-2025 को सिविल अस्पताल नगरी में अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बलजी छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी व विशिष्ठ अतिथि के रूप में शंकर देव , सभापति स्वास्थ्य न.प. नगरी, निषाद जी सभापति लोक निर्माण विभाग के उपस्थिति हुआ।

हिन्दू जागरण मंच नगरी कार्यकारिणी की घोषणा

धमतरी/नवप्रदेश। हिन्दू जागरण मंच धमतरी समाज में शांति, सुरक्षा भारत माता के प्रति प्रत्येक भारतीय नागरिक का क्या कर्तव्य है,अपने संस्कृति और संस्कृत की रक्षा हम सभी कैसे कर सकते है, जिस जन्मभूमि में हम रहकर पूरे परिवार का भरण पोषण कर रहे है उनके प्रति हमारा दायित्व क्या हो सकता है प्रत्येक समाज और जीवों के अनुरूप हमारी क्या भूमिका हो सकती है इस दिशा में हम सभी को जागरूक होकर समाज के बीच जाकर आपस में चिंतन मनन करना होगा है ।हिन्दू जागरण मंच धमतरी ने कहा हमारी संस्कृति और सभ्यता,समाज की रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए अतएव प्रत्येक गांव समाज के बीच अपना संघ कार्य कर रहा है उसी निमित्त हिन्दू जागरण धमतरी अपने संघ विस्तार और गठन प्रकिया में नगरी विकास खंड की नगरी नगर कार्यकारणी की घोषणा की जिसमें ,नगर संयोजक जयदीप सिह खनूजा-सहसंयोजक कुनादित,आदित्य ताम्रकार ,निकेश ध्रुव गौरव देवागन युवा आयाम यमन लाई,सूचना संग्रह,सुरेन्द्र लहरे - युवा प्रभाग,हरिओम, शरण,प्रजापति ,मनिष छेदया, देवेन्द्र यादव,संतोष यादव,कन्हैया ठाकुर को नगरी नगर की जिम्मेदारी दी गई।

शिक्षक दिवस पर अनेकों शिक्षकों को मिलेगा सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस के अवसर पर नगरपालिक निगम सामुदायिक भवन, विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण (धमतरी) में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राज्य शासन के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन की उपस्थिति में संपन्न होगा। इस अवसर पर नगरी विकासखण्ड के अनेक शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ठ सेवाओं और उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

नवयुवक गणेश समिति मैनपुर नगरी

युवाओं के लिए अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 8 सितम्बर को

■ **आईटीआई पास प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार का मौका मिलेगा**

धमतरी/नवप्रदेश। स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कुरूद में आगामी 8 सितम्बर को सुबह 9 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना के तहत मेला पोर्टल httpÑ//www.apprenticeshipindia.gov.in पर ज्यादा से ज्यादा उद्योगों एवं प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया जा सकता है, जिससे आईटीआई पास प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार का मौका मिलेगा। आईटीआई कुरूद के प्राचार्य ने बताया कि मेले में जिले के सभी उद्योग और प्रतिष्ठान अप्रेंटिसशिप या प्लेसमेंट रखने के लिए शामिल हो सकते हैं। इसके साथ ही आईटीआई पास युवा भी भाग ले सकते हैं। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए इच्छुक उम्मीदवार सभी दस्तावेजों के साथ तय तिथि को संस्था में उपस्थित हो सकते हैं। अप्रेंटिसशिप मेला के दौरान प्रशिक्षणार्थी तथा उद्योग या प्रतिष्ठान का पोर्टल में स्पॉट पंजीयन कराने की सुविधा आईटीआई कैम्पस में रहेगी।

सफलता ... नगर सेना की तैयारी कर रहे 19 अभ्यर्थियों में से 10 अभ्यर्थियों का चयनित

लक्ष्य निर्धारित कर, उसके प्रति समर्पण के साथ लगने से मिलती है सफलता : रूपेंद्र कुमार

महासमुंद/नवप्रदेश। "लक्ष्य निर्धारित कर उसके प्रति समर्पण के साथ लगने से ही सफलता मिलती है", यह शब्द पूर्व नेवी ऑफिसर रूपेंद्र कुमार साहू ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को कही। दरअसल स्थानीय बीटीआई रोड स्थित कोचिंग संस्थान शेखर सर क्लासेस में सोमवार को पूर्व नेवी ऑफिसर रूपेंद्र कुमार साहू का मार्गदर्शन युवाओं को प्राप्त हुआ।

बता दें कि संस्थान से कुछ ही समय में नगर सेना की तैयारी कर रहे 19 अभ्यर्थियों में से 10 अभ्यर्थियों ने अपने लगन और मेहनत का परिचय देते चयनित हुए। वहीं एक अभ्यर्थी वनरक्षक एवं एक अभ्यर्थी ने विज्ञान प्रयोगशाला शिक्षक के रूप में चयनित हुए हैं। सोमवार को संस्थान की ओर से उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नेवी ऑफिसर रूपेंद्र कुमार साहू सहित अन्य अतिथियों एवं उपस्थित अभ्यर्थियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत हुआ। वहीं चयनित अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों का भी स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि रूपेंद्र कुमार साहू ने युवाओं को भविष्य के लिए मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आप सभी लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें। साथ ही उन्हें अधिक से अधिक प्रतियोगी परीक्षाओं को दिलाने की बात कही, जिससे उन्हें हर प्रकार के प्रश्नों का पैटर्न समझ आए। इससे किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं में उन्हें ज्यादा परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने अपने नेवी ऑफिसर बनने के सफर को बताया। उन्होंने बताया कि वें भी एक सामान्य परिवार से आने के बावजूद किस प्रकार मेहनत एवं धैर्य से लगे रहे और नेवी ऑफिसर बने। साथ ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

सफल अभ्यर्थियों को किया गया सम्मानित

नगर सेना में चयनित दिनेश्वरी ध्रुव, चांदनी तांडे, सुरेखा ध्रुव, नीरा देवांगन, लक्ष्मी पटेल, राखी पटेल, डिगेश्वरी यादव, गीतांजलि ध्रुव, पूजा गिलहरे और सोनल धीवर को मोमेंटो प्रदान कर इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था के संचालक चंद्रशेखर साहू एवं शिक्षक भूपेंद्र कुमार सेन ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

नपाध्यक्ष जल कर वसूलने बरत रहे हैं सख्ती

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर पालिका द्वारा जलकर वसूली हेतु सघन वसूली अभियान चलाया जा रहा है। पालिका द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए बड़े बकायेदारों से जल कर जमा करने कहा जा रहा है। पालिका जल विभाग की टीम गठित कर घरङ्क घर जाकर समझाइश दी जा रही है। वहीं, अब तक 25 लोगों को नोटिस भी जारी की गई है। जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकर ने बताया कि पालिका अध्यक्ष तथा सीएमओ के निर्देश पर कर वसूली हेतु पालिका टीम द्वारा अभियान शुरू की गई है। वार्डों ने जल कर सहित अन्य सभी कर अदा करने मुनादी भी करा रहे हैं। अब तक जिन लोगों को नोटिस जारी की गई थी उनमें से 8 बकायेदारों ने 36 हजार रूपये जल कर जमा किए हैं। बकायेदारों को जल कर, संपत्ति कर, समेकित कर जमा करने कहा जा रहा है।

रामलीला मैदान का पालिका अध्यक्ष अश्वनी ने किया निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान आगामी रामलीला आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया, जिसमें मंच, प्रकाश, ध्वनि, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन जैसी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया गया। अध्यक्ष श्री शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों से चर्चा करते हुए सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की समस्या या कमी का त्वरित और प्रभावशाली समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामलीला हमारे गौरवशाली धर्म, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। इसे भव्य एवं सुरक्षित रूप से आयोजित करना हमारा कर्तव्य है, ताकि हर श्रद्धालु और नगरवासी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ इस दिव्य आयोजन का आनंद ले सके।इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया सभापति मनीष मिश्रा पार्षद सतीश साहू भुवन सिंह ठाकुर ठाकुर राम साहू ,गोपी ध्रुव आयोजन समिति से संदीप मोनू मल देवनारायण शर्मा बजरंग लाल चौरसिया,मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान इंजीनियर कमलेश साहू पूर्णेन्दु त्रिवेदी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

खेल मंत्री से मिला छग एथलेटिक्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स

एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवम नवनियुक्त खेल मंत्री अरुण साव से नवा रायपुर स्थित उनके निवास पर भेट कर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खेल मंत्री के समक्ष एन. आई. एस कोचेस की भर्ती , पदक विजेता खिलाड़ियों की डाइट मनी में वृद्धि , एवम खेल विभाग में कर्मचारियों की भर्ती के विषय को मंत्री जी से चर्चा कर इन मुद्दों में कार्यवाही हेतु निवदन किया , जिस पर मंत्री ने उचित कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया, मंत्री जी से भेट के दौरान छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के सरंक्षक जी.एस बाम्बरा छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया कोषाध्यक्ष जगपाल सिंह धालीवाल सहसचिव आदित्य सिंह , रवि शंकर धनकर , रवि राजा, दीपक पटेल , हिमांशु चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री से नियमितीकरण के लिए पोस्टकार्ड के जरिये गुहार

■ **एन एच एम संविदा कर्मचारियों के आंदोलन का सत्रहवां दिन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित मिरि, प्रदेश महासचिव कौशलेश तिवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा, प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ रविशंकर दीक्षित, प्रदेश मीडिया प्रभारी पूरन दास आनंद के मार्गदर्शन में और गरियाबंद जिलाध्यक्ष अमृत राव भोंसले, कार्यकारी अध्यक्ष शेखर धुर्वे, लम्बोदर महतो के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी को परिवार जनों के साथ सन्देश देकर नियमितीकरण के लिए मनुहार किया

आंदोलन के स्वरूप के बारे में बताते हुए प्रदेश प्रतिनिधि भूपेश साहू, भूपेंद्र सिन्हा ने बताया कि अपना घोषणा पत्र बनाया जिसमें हम एनएचएम के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का वादा किया गया है इस सरकार के कार्यकाल में 160 से अधिक ज्ञापन देने के पश्चात कोई सुनवाई न होने पर विवश होकर प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत 16 हज़ार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं।

*इसी क्रम में सत्रहवें दिन धीरज शर्मा के मार्गदर्शन में संविदा कर्मचारियों के परिवार और समाज के साथियों ने भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नाम पोस्ट कार्ड के भेजकर गुहार लगाया।

पोस्ट कार्ड में मुख्य रूप से उनकी पीड़ा को प्रतिबिम्बीत करते हुए लिखा गया कि सामाजिक सुरक्षा और सेवा में अनेक विसंगति के कारण संघर्ष का जीवन जी रहे।

ब्लॉक संरक्षक मैनपुर गणेश सोनी, डॉ लक्ष्मी कांत चंद्राकर, श्रीमती प्रीती पांडे सी एच ओ महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने दुखी मन से कहा कि 20 वर्षों से शोषित ,पीड़ित, अल्प वेतन में काम कर रहे एन एच एम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपने नियमितीकरण ,स्थाईकरण पब्लिक हेल्थ कैडर, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति जैसी जरूरी मांगों को लेकर संघर्षरत रहे हैं जिस पर वर्तमान सरकार के द्वारा बहुत निवेदन करने और ज्ञापन देने के पश्चात भी कोई सुनवाई नहीं की गई। उक्त मांगों को केंद्र सरकार के मत्थे मढ़ा जा रहा है जबकि तकनीकी रूप से प्रदेश में स्वास्थ्य और स्वास्थ्य के कर्मचारियों का पूरा विषय राज्य सरकार के निर्णय के अधीन रहता है. अतः राज्य सरकार को शीघ्र निर्णय लेने कि इच्छाशक्ति दिखानी चाहिए।

5 साल पहले स्वीकृत 10 सामुदायिक भवन में 7 कार्य शुरू नहीं और 2 सी सी सड़क भी अपूर्ण होने पर उठे सवाल

देवभोग/नवप्रदेश। ब्लॉक अंतर्गत 10 ग्राम पंचायत के लोगों की सहूलियत के लिए 5 साल पहले स्वीकृत 10 सामुदायिक भवन 7 सामुदायिक भवन अब तक शुरू नहीं हो पाया है मतलब 5 साल अधिक समय बीतने के बाद भी एक सामुदायिक भवन को जिम्मेदार पूर्ण नहीं करा पाए बावजूद इसके स्थानीय अधिकारी हाथ पर हाथ धरे नजर आ रहे हैं जानकारी अनुसार बीते 2018 ङ्घ19 में मुख्यमंत्री समग्र योजना के तहत 6 लाख 50 हजार की लागत से पूरनापानी धौराकोट खुटगांव पुरनापानी कोड़ोबेडा, नवागांव बरकानी लाटापारा माडागांव पंचायत में अलग अलग सामुदायिक भवन स्वीकृत किया गया और भवन निर्माण करने के लिए सरपंच सचिव को 40त्न प्रथम किश्त राशि भी जारी कर दिया गया लेकिन प्रथम किश्त लेने के बावजूद भी कार्य स्थल पर एक ईट दिखाई नहीं पड़ रहा है सिर्फ बरकानी धौराकोट और लाटापारा पंचायत में गड्ढा खोदकर खानापूर्ति तरीके पॉलिंथ लेवल तक दिवाल खड़ा कर छोड़ दिया है जिसे लेकर जिम्मेदार अधिकारियों के कार्यप्रणाली पर लगातार सवाल खड़ा किया जा रहा है क्योंकि अब तक सामुदायिक भवन शुरू करने के लिए किसी प्रकार का कोई पहल नहीं किया गया जबकि सामुदायिक भवन की तरह पुरनापानी पंचायत 2 लाख 60 हजार 2 लाख 60 हजार की अलग अलग सीसी सड़क भी पूर्ण नहीं हो पाया है फिर भी अधिकारियों के कानों में जू तक नहीं रेंग रहा है शायद यही वजह है कि अब तक बंद पड़ी सामुदायिक भवन काम शुरू भी नहीं हो रहा है जबकि अपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए लगातार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया जा रहा है जिसे ना निर्माण एजेंसी गंभीरता से ले रहे है और ना अधिकारी ऐसे में

जिला सीईओ से शिकायत की तैयारी

अप्रारंभ सामुदायिक भवन को देखकर भी जिस तरह स्थानीय अधिकारियों में सुस्ती रवैया अपनाया है उससे नाराज ग्रामीणों ने जिला सीईओ से शिकायत कर अप्रारंभ कार्य को शुरू करवाने के साथ जिम्मेदार के खिलाफ कार्यवाही की मांग करने की मांग के लिए तैयारी चल रही है ताकि सामुदायिक भवन का लाभ आम लोगों को समय सीमा पर मिल सके क्योंकि वर्तमान में उल्लेखित पंचायतों में कार्यक्रम करने की बात तो दूर है बैठक के लिए तक जगह नहीं है जिससे स्थानीय अधिकारी अवगत है।

पुरनापानी में 18 लाख का काम अपूर्ण

सबसे ताजुब की बात तो यह है कि ग्राम पंचायत पुरनापानी में स्वीकृत 2 सामुदायिक भवन के साथ 2 सीसी सड़क भी शुरू नहीं हो पाया है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया जबकि 18 लाख का कार्य पिछले 5 से में पूरा नहीं हो पाया ना ईट रखा गया है जिसे देखकर अब तक किसी प्रकार कार्यवाही नहीं हो पाया है।

छोटी से छोटी कार्य को पंचायत भवन स्कूल या निजी भवन में संपादित करना मजबूरी है उल्लेखित पंचायतों के कुछ ग्रामीणों का कहना है कि सरकार गांव गांव में बैठक छोटे बड़े कार्यक्रम के लिए सामुदायिक भवन स्वीकृत करती हैं लेकिन सरपंच सचिव और इंजीनियर सहित तमाम अधिकारियों की लापरवाही से ऐसे भवन समय सीमा में नहीं बनता और जब बनकर खड़ा भी होता तो खंडर की हालत में देखने को मिलता है मतलब सरकार लाखों रुपए निर्माण और अधिकारियों के बीच सिमट कर रह जाता है

खराब सड़कों की मरम्मत हेतु एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, तत्काल कार्य प्रारंभ

राजिम/नवप्रदेश। नगर के शिवाजी चौक से तहसील कार्यालय तक का मार्ग, स्टेट बैंक से राजिम हटरी बाजार तक का मार्ग एवं राजिम माता चौक से पथर्रा नाला तक मार्ग अत्यंत ही जर्जर हो गया है जिस कारण से आए दिन दुर्घटना होते रहता है, ये तीनों मार्ग पर यातायात का दबाव बहुत ज्यादा रहता है, पथर्रा मार्ग पर महाविद्यालय है जहां से विद्यार्थी प्रतिदिन महाविद्यालय जाते है। गरियाबंद मार्ग पर भी यातायात का दबाव ज्यादा होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। इसी प्रकार फिंगेश्वर मार्ग पर भी यातायात का दबाव बना रहता है। इसी सब समस्या से निजात पाने हेतु नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव सभापति भारत यादव, कुलेश्वर साहू, आकाश राजपूत, पार्षद बलराम यादव ने अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग राजिम को ज्ञापन सौंपा तथा जल्द से जल्द खराब मार्गो का मरम्मत करने की मांग किया। अनुविभागीय अधिकारी ने जल्द ही मरम्मत करने हेतु आश्वासन दिए। मंगलवार को ज्ञापन सौंपने के बाद अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बुधवार को मरम्मत कार्य प्रारंभ हो गया। राजिम नगर में एक सप्ताह तक चलने वाले श्री राम नाम सप्ताह का समापन के अवसर पर भगवान श्री राम जी की शोभायात्रा का नगर पंचायत राजिम में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद गण भारत यादव, आकाश राजपूत, कुलेश्वर साहू, उत्तम निषाद, बलराम यादव, सुरेश पटेल, अजय पटेल सहित कर्मचारी गण उपस्थित थे।

गांव में मातम और सड़कों पर हंगामा, मासूम की मौत ने झकझोरा दीवानभेड़ी क्षेत्र

नशे में धुत ड्राइवर ने ली मासूम की जान

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम दीवानभेड़ी में मंगलवार दोपहर लगभग 12:30 बजे हृदयविदारक हादसा हो गया। गांव के ही डेढ़ वर्षीय प्रांजल साहू पिता शरद साहू की मौत तब हो गई जब काकरिया राइस मिल का भारी ट्रक शराब के नशे में धुत चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे अपनी चपेट में ले लिया। पीछे के पहिये से कुचल जाने पर मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम : मासूम की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी ट्रक चालक को पकड़कर जमकर पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। नशे में धुत चालक की करतूत से आक्रोशित ग्रामीणों ने बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर ही तीन घंटे तक चक्काजाम कर दिया। इस दौरान यातायात पूरी तरह बाधित रहा और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी होती रही।

मुआवजा को लेकर हंगामा

घटनास्थल पर एसडीएम, थाना प्रभारी और नायब तहसीलदार पहुंचे और ग्रामीणों व परिजनों को समझाइश दी। भीड़ ने प्रशासन और पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा किया। लंबे विवाद के बाद राइस मिल मालिक ने पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। वहीं शासन की ओर से तत्काल 25 हज़ार रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई।

घास मद में दर्ज भूमि को आबादी घोषित करने की मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खट्टा स्थित शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 102 की 0.59 हेक्टेयर रिक्त शासकीय भूमि को राष्ट्रीय मछुवा कल्याण योजनांतर्गत मछुआरों के लिए आवासीय प्लाट दिये जाने, आबादी घोषित किये जाने का प्रस्ताव होने के बाद अब भी भूमि को घास चराई दर्ज है। ग्रामीणों ने उक्त जमीन आबादी घोषित करने की मांग कलेक्टर जनदर्शन में की है। मछुआरों ने बताया कि उक्त भूमि को अतिरिक्त तहसीलदार पटेवा ने प्रकरण में विधिवत ईश्तहार का प्रकाशन करा ग्राम पंचायत से प्रस्ताव प्राप्त किया।

कर्णेश्वर महादेव मंदिर, देऊरपारा सिहावा में होगा शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन

■ **5 जनवरी 2026 से पूज्य गिरी बाबू करेंगे कथा वाचन**

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा पावन सिहावा क्षेत्र स्थित कर्णेश्वर महादेव मंदिर, देऊरपारा में आगामी 5 जनवरी 2026 से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस सात दिवसीय दिव्य आयोजन में अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथावाचक पूज्य श्री गिरी बाबू कथा वाचन करेंगे।देऊरपारा स्थित यह ऐतिहासिक मंदिर क्षेत्र श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि और महानदी के उद्गम स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। ऐसी पुण्यभूमि पर शिव कथा का आयोजन होना पूरे क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय है।

आयोजन की मुख्य बातें: आरंभ तिथि: 5 जनवरी 2026स्थान: कर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण, देऊरपारा, सिहावा,कथावाचक: पूज्य श्री गिरी समिति ने किया श्रद्धालुओं को आमंत्रित क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमियों, गांववासियों एवं छत्तीसगढ़ के नागरिकों से अपील की है कि वे इस पुण्य अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर कथा श्रवण करें और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करें।हर-हर महादेव की जयघोष के साथ इस आयोजन को एक ऐतिहासिक धार्मिक पर्व के रूप में मनाया जाएगा। उक्त जानकारी आयोजन समिति के सदस्य भानु साहू नें दी।

पंजीयन में त्रुटि के सुधार के लिए दर-दर भटक रहे हैं किसान, आखिर जिम्मेदार कौन

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम ठेंनही के 09 किसानों का पंजीयन उपार्जन केंद्र सांकरा हो चुका है नजदीकी उपार्जन केंद्र बेलरबाहरा न लेजाकर 20 की मी दूर सांकरा बेचने जाना पड़ता है। कई बार जन दर्शन में आवेदन एवं उप संचालक कृषि, खाद्य अधिकारी, उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के बाद भी 3 वर्षो से भटक रहे हैं किसान आखिर कहा होगा समस्याओं का निराकरण।पिछले

3 वर्षो से किसानों को गोल गोल जवाब देकर किसानों को घुमाया जा रहा है।।सिरधन सोम जनपद सदस्य ङ्घ वर्ष 2023 से क्षेत्र के पंजीयन में हुई त्रुटि को सुधार के लिए आवेदन निवेदन किया जा रहा है अभी तक सुधार नहीं हो रहा है मै किसानों के साथ कई बार उप मुख्यमंत्री, उप संचालक कृषि, जिला खाद्य अधिकारी,कलेक्टर जन दर्शन, सहकारिता विभाग में जाकर आवेदन के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है लेकिन सुधार नहीं हुआ है। जिसमे हेमलाल ओटी किसान पंजीयन में हुई त्रुटि को सुधार के लिए पिछले तीन वर्षो से घूम रहे हैं उप मुख्यमंत्री निवास के आवेदन, कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन बाद भी हमारे समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। जिसमें मिथलेश बोरझा किसान हम सभी किसान आवेदन दे देकर थक चुके है लेकिन कही सुधार नहीं हो रहा है उपसंचालक कृषि विभाग जाने से सहकारिता विभाग भेजते हैं, सहकारिता विभाग जाने से खाद्य विभाग भेजा जाता है।

महिला एवं बाल विकास परियोजना का रजत जयंती उत्सव धूमधाम मनाया

बागबाहरा/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास परियोजना बागबाहरा द्वारा 30 अगस्त 2025 को परियोजना स्तरीय रजत जयंती उत्सव, तीज मिलन सह पोषण बाल मेला और बेटी बचाओङ्कबेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय माहौल में किया गया। कार्यक्रम में महिला बाल कल्याण समिति की सभापति मधुलिका गणेश चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में तथा जनपद सदस्य दिव्या उपेंद्र

दीवान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में सरस्वती पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं तथा कार्यों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। परियोजना के सभी 13 सेक्टरों की पर्यवेक्षक और 381 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता एवं सहायिकाएँ इस अवसर पर उत्साह के साथ शामिल हुईं। विभिन्न प्रतियोगिताओं ने पूरे माहौल को रंगीन बना दिया। टॉय मेकिंग, व्यंजन प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, एक मिनट शो, डांस, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का परिचय दिया।

सुविधा केंद्र | **प्लेट लगाने के एवज में दी जाने वाली राशि**

परिवहन सुविधा केन्द्रों का 4 महीने से भुगतान अटका, एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना किया बंद

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में संचालित परिवहन सुविधा केन्द्रों ने पिछले चार दिनों से एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना बंद कर दिया है। संचालकों का कहना है कि नंबर प्लेट लगाने के एवज में दी जाने वाली राशि पिछले 4 महीने से नहीं मिला है। कंपनी के अधिकारियों से कई बार संपर्क किया गया पर वे राशि का भुगतान नहीं कर रहे हैं। जिले के सुविधा केन्द्रों में नंवर प्लेट नही लगने के कारण वाहन मालिक परेशान हैं।

ज्ञात हो कि अप्रैल 2019 से पहले का वाहन उपयोग कर रहे हैं तो एचएसआरपी नंबर प्लेट का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। जिले में एक लाख 78 हजार 676 वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने का लक्ष्य है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक 14303 वाहनों में हाईस्योरटी नंबर लगाए जा चुके हैं और 5 हजार 502 वाहनों की बुकिंग हो चुकी है। जिन्हें शीघ्र ही एचएसआरपी नंब प्लेट मिल जाएंगे। लेकिन पिछले चार दिन से जिले में संचालित 7 परिवहन सुविधा केन्द्रों (एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने फिटमेंट सेंटर) में संचालकों ने नंबर प्लेट लगाना बंद कर दिया है । जिसके चलते हर रोज वाहन चालक अपने रजिस्ट्रेशन के लिए केन्द्र तो पहुंच रहे हैं पर उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। फिटमेंट सेंटर संचालकों की मानें तो उनका कहना है कि अप्रैल माह से एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने काम शुरू हुआ और जिले में संचालित 7 परिवहन केन्द्रों को फिटमेंट सेंटर बनाया गया। तब से लेकर हजारों की संख्या में हमारे द्वारा नंबर प्लेट लगाया गया है। हर नंबर प्लेट के पीछे 100 रुपए कंपनी से मिलना है। लेकिन मई से अगस्त तक की राशि नहीं मिली है। जिससे हमें आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस संबंध में परिवहन विभाग और महासमुंद जिले में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए अधिकृत कंपनी के अधिकारियों से मौखिक चर्चा हुई है । पर, कोई समाधान नहीं निकलने पर हमने काम बंद कर दिया है। एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के एवज में मई से अब तक की राशि न देने संबंध में रोसमेटा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड कंपनी के अधिकारी अशोक शर्मा से पक्ष

जानने दूरभाष पर चर्चा की तो उन्होंने कहा कि वे पहले फिटमेंट सेंटर के संचालकों से बात करें, इस पर कोई जवाब दे पाएंगे। नंबर प्लेट लगाने का काम बंद है इसकी जानकारी मुझे नहीं है।

2019 से पहले के वाहनों पर नए एचएसआरपी नंबर वाहन पोर्टल में अपलोड न होने पर गाड़ी बेच सकेंगे न आरसी में बदलाव नहीं करा पाएंगे। परमिट, टैक्स जमा करने से लेकर फिटनेस प्रमाण-पत्र, गाड़ी बेचते समय दूसरे ग्राहक के नाम पर ट्रांसफर, पता बदलने का कार्य, स्वामित्व बदलना, ऑनलाइन चालान भरने जैसे कार्य नहीं हो पाएंगे यानि एचएसआरपी नंबर प्लेट बनने के बाद ही अगला कार्य हो पाएगा। इसके अलावा अब जुर्माना भी लगाया जा सकता है। मालूम हो कि एचएसआरपी नंबर प्लेट न होने पर ऑनलाइन चालान भी काटा जा सकता है। इससे बचने के लिए एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। परिवहन विभाग के अनुसार अप्रैल 2019 से पहले के वाहन जिन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाहन पोर्टल में लोड नहीं हुआ है, उन्हें परिवहन विभाग की अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। परमिट, आरसी बदलाव आदि कार्य नहीं हो पाएंगे। पहले हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कई वाहन चालकों के मोबाइल नंबर पर ओटीपी नहीं आ रही है। जिससे लोगों को मोबाइल नंबर परिवहन विभाग में आकर सुधारना पड़ रहा है।

ग्राम मोहल्ला बाधा में नवाखाई पर्व पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। मोहल्ला बाधा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम बाधा में नवाखाई पर्व के उपलक्ष्य में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे आयोजन में ग्रामवासियों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नाथुराम पटेल, हलाल पटेल, अजब सिंह, जगतराम नेताम, रुमलाल नेताम, घनश्याम मरकाम, जल सिंह यादव, लक्ष्मी नारायण, अजय अंजोर सिंह मरकाम, आनंद मरकाम, गजेन्द्र मरकाम, भानु प्रताप मरकाम, खम्मन यादव, तिजु राम, भास्कर पंच तथा परमिला बाई साहु सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे प्रतियोगिताओं में लड़का-लड़की दौड़, गोला फेंक, रस्सी दौड़ और अन्य खेल शामिल किए गए। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों और जोशपूर्ण भागीदारी से सभी ग्रामीणों का मन मोह लिया।

विशेष अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण युवाओं द्वारा किया गया और पूरे आयोजन में ग्रामीणों ने मिलजुलकर सहभागिता निभाई।

नवाखाई पर्व पर आयोजित यह कार्यक्रम ग्राम महमल्ल में भाईचारा, उमंग और खेल भावना का संदेश देता रहा।

दुर्ग से वाराणसी, जबलपुर, मुंबई और कामाख्या तक दौड़ेगी वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनें

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रेल यात्रियों को जल्द ही बड़ी सौगात मिलने जा रही है। दुर्ग रेलवे स्टेशन से जल्द ही दो वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेनें शुरू की जाएंगी।

इसमें दुर्ग से वाराणसी और दुर्ग से जबलपुर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी, जबकि दुर्ग से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) और दुर्ग से कामाख्या (असम) के लिए अमृत भारत ट्रेनें शुरू होंगी। बिलासपुर जोन के अफसरों ने इस प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड भेज दिया है और जैसे ही बोर्ड से हरी झंडी मिलेगी, इन ट्रेनों का परिचालन शुरू हो जाएगा। रायपुर मंडल के सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार के मुताबिक, ायपुर और दुर्ग से नई वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। बोर्ड से मंजूरी मिलते ही परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। इन ट्रेनों से छत्तीसगढ़ के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में कन्फर्म टिकट और समय की बचत दोनों मिलेगी।

वेटिंग टिकट से मिलेगी छुटकारा

छत्तीसगढ़ से रोजाना हजारों यात्री लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर करते हैं। रायपुर रेलवे स्टेशन से हर दिन करीब 70 हजार यात्री यात्रा करते हैं, जबकि रायपुर और दुर्ग से मिलाकर 130 से ज्यादा ट्रेनें संचालित होती हैं। लंबे रूट की ट्रेनों में अक्सर यात्रियों को महीनों तक वेटिंग लिस्ट का सामना करना पड़ता है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि नई वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों के शुरू होने से यात्रियों को आसानी से कन्फर्म बर्थ मिलेगी और भीड़ का दबाव कम होगा।

त्योहारी सीजन में चलेंगी स्पेशल ट्रेनें भी

रेलवे ने त्योहारी सीजन को देखते हुए विशेष इंतजाम भी किए हैं। दुर्ग-हावड़ा और दुर्ग-गुवाहाटी के बीच स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। दुर्ग-हावड़ा के बीच 23 सितंबर से 22 अक्टूबर तक और दुर्ग-गुवाहाटी वाया डाकिनी के बीच 23 सितंबर से 22 अक्टूबर तक स्पेशल ट्रेनें संचालित होंगी। रायपुर मंडल के अधिकारियों ने इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली हैं।

नई ट्रेनों से कितनी होगी समय की बचत?

नई वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों से यात्रियों का समय भी काफी बचेगा। वर्तमान में जिन ट्रेनों में घंटों ज्यादा लगते हैं, वहां नई ट्रेनों के आने से सफर तेज और आरामदायक होगा।

दुर्ग-वाराणसी वंदे भारत : रायपुर से वाराणसी की दूरी 823 किमी है। अभी इसमें लगभग 19 घंटे लगते हैं। वंदे भारत शुरू होने के बाद यात्री सिर्फ 14 घंटे में वाराणसी पहुंच जाएंगे। यानी 5 घंटे से ज्यादा समय की बचत होगी।

दुर्ग-जबलपुर वंदे भारत : रायपुर से जबलपुर की दूरी 591 किमी है। अमरकंटक और इंटरसिटी ट्रेनें इसे 8-9 घंटे में तय करती हैं। वंदे भारत से यह दूरी सिर्फ 7 घंटे में पूरी होगी।

दुर्ग-मुंबई अमृत भारत : रायपुर से लोकमान्य तिलक (मुंबई) की दूरी 1108 किमी है। वर्तमान में यहां पहुंचने में 19 घंटे लगते हैं, लेकिन अमृत भारत ट्रेन से यात्री सिर्फ 17 घंटे में मुंबई पहुंचेंगे।

यात्रियों को क्या होंगे फायदे?

नई वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों से छत्तीसगढ़ के यात्रियों को कई फायदे होंगे। पहला, उन्हें महीनों तक लंबी वेटिंग का सामना नहीं करना पड़ेगा। दूसरा, ट्रेनों का सफर तेज, आरामदायक और समय बचाने वाला होगा।तीसरा, लंबी दूरी की कनेक्टिविटी से प्रदेश को देश के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक शहरों से बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। चौथा, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि वाराणसी, मुंबई और असम से सीधी कनेक्टिविटी यात्रियों की संख्या और कारोबार को भी बढ़ाएगी।

न्यूज गैलरी

आईआईएम में 7 मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स आज से

रायपुर/ नवप्रदेश। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर ने सितंबर माह के लिए मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स (एमडीपी) की घोषणा की है। लीडरशिप, नवाचार, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और कर्मचारी कल्याण पर केंद्रित ये कार्यक्रम एग्जीक्यूटिव एजुकेशन के अंतर्गत आयोजित होंगे। इनका उद्देश्य प्रतिभागियों को तेज़ी से बदलते कारोबारी माहौल में नई जानकारी, रणनीतिक दृष्टिकोण और रूपांतरणकारी कौशल प्रदान करना है। ये 7 मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम्स स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट, सूचना प्रणाली, जनरल मैनेजमेंट, एचआरएम और ओबी पर आधारित है। जो कि 4 सितंबर से 29 सितंबर के बीच शुरू होंगे। जिसे वरिष्ठ अधिकारियों, मिड-लेवल मैनेजर्स, फंक्शनल लीडर्स और निर्णयकर्ताओं के लिए तैयार किए गए हैं।कार्यक्रमों में नवाचार, सह-निर्माण और डिज़ाइन थिंकिंग, व्यवसाय और शिक्षा में चैटजीपीटी का उपयोग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, कर्मचारी प्रदर्शन और कल्याण, लेबर कोड मास्टरक्लास, हेल्थकेयर मैनेजमेंट और बिज़नेस एनालिटिक्स जैसे विषय शामिल हैं। ये सभी प्रतिभागियों को नवाचार, अनुपालन और उद्योग-विशेष ज्ञान का संतुलित मिश्रण प्रदान करेंगे, जो आधुनिक संगठनों की जटिलताओं से निपटने के लिए ज़रूरी है। आईआईएम के निदेशक-प्रभारी प्रो. संजीव पराशर ने कहा, सितंबर 2025 के एमडीपी कार्यक्रम आज के कारोबारी माहौल की सबसे अहम ज़रूरतों को संबोधित करते हैं। चाहे वह चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स का उपयोग हो, नए श्रम कानूनों को समझना हो, या न्याय और कल्याण पर आधारित नेतृत्व को बढ़ावा देना। प्रतिभागियों को केस डिस्कशन, इंटरैक्टिव सत्र और प्रायोगिक गतिविधियों के ज़रिए वास्तविक अनुभव मिलेगा।

भिलाई निगम के 17 तालाबों में मूर्ति विसर्जित करना प्रतिबंधित

रायपुर/ नवप्रदेश। भिलाई. नगर निगम, भिलाई जोन 2 वैशाली नगर के तहत रामनगर मुक्तिधाम तालाब व कुरूद बस्ती के नाला की साफ-सफाई का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पांडेय व जोन आयुक्त येशा लहरे ने किया। निगम आयुक्त ने निगम क्षेत्र के वार्डों, उद्यानों, तालाबों, सुलभ शौचालयों, बाजारों व अन्य जगहों का निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। आयुक्त ने जोन आयुक्त व स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किए है कि तालाबों के गेट पर मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित है। प्रतिबंध के संबंध में बैनर पोस्टर लगाया जाए।

यहां प्रतिबंधित है विसर्जन-जोन 1 के तहत आला बंध तालाब खहरिया, स्मृति नगर तालाब, आमा तालाब, लिहा तालाब, भेलवा तालाब, जोन 2 में वार्ड 22 शीतला तालाब, ढौर तालाब, बड़ा तालाब, घासीदास नगर तालाब, वार्ड 16 शीतला तालाब, जोन 3 में वार्ड 55 सेक्टर 2 तालाब, वार्ड 32 बैकुंठधाम तालाब, जोन 4 में वार्ड 50 बाबा बालक नाथ सरोवर, वार्ड 43 बापू नगर तालाब, वार्ड 41 लक्ष्मण नगर तालाब, जोन 5 में वार्ड 69 मानव परिसर तालाब, वार्ड 66 सेक्टर 7 शिवधाम तालाब में मूर्ति विसर्जन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंधित तालाबों को छोड़कर मूर्ति विसर्जन के लिए अलग से कुंड बनाया जाएगा। श्रद्धालू निगम के बनाए गए कुंड में ही मूर्ति विसर्जित करें और पूजा सामग्री तालाब में न डालें।

8 कपड़ा दुकानदारों पर डस्टबीन नहीं रखने पर 5 हजार रुपए जुर्माना

रायपुर/ नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर ने स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखाते हुए लाखे नगर क्षेत्र के 8 कपड़ा दुकानदारों पर जुर्माना लगाया है। जानकारी के अनुसार निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश और जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन में जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लाखे नगर में औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान दुकानों में डस्टबीन न मिलने और स्वच्छता व्यवस्था में लापरवाही की पुष्टि हुई। इस पर स्वास्थ्य विभाग ने 8 दुकानदारों पर कुल 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया। साथ ही सभी दुकानदारों को भविष्य में दुकान परिसर में अनिवार्य रूप से डस्टबीन रखने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण कार्रवाई जोन 5 स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू, प्रेम मानिकपुरी और दिलीप भारती की मौजूदगी में की गई। निगम ने चेतावनी दी है कि स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर आगे और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

रायपुर-बिलासपुर-दुर्ग में यलो-ऑरेंज अलर्ट जारी

छीसगढ़ में अगले 48 घंटे भारी बारिश

रायपुर/ नवप्रदेश। सितंबर की शुरुआत के साथ ही छत्तीसगढ़ में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में भारी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

पिछले 24 घंटों में जमकर बरसे बादल

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभागों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। बस्तर संभाग में कई जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हुई। नानगुर में सबसे ज्यादा 13 सेमी बारिश दर्ज की गई, जबकि दंतेवाड़ा में 11 सेमी, छिंदगढ़ में 6 सेमी और गंगालूर, बालोद, बीजापुर जैसे जिलों में 5 सेमी तक पानी गिरा।

राजनांदगांव सबसे गर्म, वहीं न्यूनतम तापमान भी यहीं

बीते दिन छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में दर्ज हुआ। दिलचस्प बात यह है कि सबसे कम न्यूनतम तापमान भी राजनांदगांव में ही 21 डिग्री सेल्सियस रहा। यानी राज्य के मौसम का मिजाज दिन और रात दोनों में इसी जिले पर केंद्रित रहा।

आज और कल का पूर्वानुमान

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक, 2 और 3 सितंबर को रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। रायपुर शहर में आज आसमान सामान्यतः मेघाच्छन्न रहेगा और दिन में एक-दो बार बौछारें पड़ सकती हैं। अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

कृषि और जनजीवन पर असर

बारिश के कारण धान की फसल को फायदा हो रहा है, लेकिन जिन इलाकों में लगातार भारी बारिश हो रही है वहां जलभराव और फसलों को नुकसान की स्थिति भी बन सकती है। निचले क्षेत्रों में नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण इलाकों में आवाजाही प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग ने लोगों को निचले इलाकों में सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।

किन जिलों में यलो और ऑरेंज चेतावनी

भारतीय मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, महासमुंद, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर समेत कई जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। इन जगहों पर गरज-चमक, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, महासमुंद, रायगढ़, जशपुर, सरगुजा, कोरबा और कोरिया जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहां भारी से अति भारी बारिश की आशंका जताई गई है।

2 दिनों तक सक्रिय रहेगा मानसून

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना यह सिस्टम अगले 48 घंटों तक सक्रिय रहेगा और इसका असर छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों में देखने को मिलेगा। इसके बाद भी हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा।

अफीम बेचने वाले को 10 और गांजे के साथ पकड़े गए दोषी को 5 साल की कैद

- विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला
- कोर्ट ने लगाया 1 लाख का अर्थदंड

रायपुर/ नवप्रदेश। कोरोना संक्रमण के दौरान अफीम बेचने के दोषी को 10 साल की कैद और 1 लाख के अर्थदंड के साथ ही गांजा एवं हीरोइन बेचने वाले को 4 साल की कैद और 90 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है। दोनों ही प्रकरणों की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 18 गवाहों के बयान करवाए गए। विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा ने पुलिस की केस डायरी और साक्ष्य के आधार पर दोनों दोषियों को दंडित किया। विशेष लोक अभियोजक केके चंद्राकर ने बताया कि हीरापुर निवासी हरप्रीत सिंह (32) 21 मार्च 2020 की रात 9.45 बजे रिंग रोड शीतला मंदिर के पास घूम रहा था।

इस दौरान आमानाका पुलिस की टीम ने उसे पकड़ा। तलाशी में उसकी मोटरसाइकिल से 310 ग्राम अफीम बरामद की। इसी तरह धरमसिंह रंधावा (40) के पास से टाटीबंद में 1 किलो गांजा मिला था। और 4 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। न्यायाधीश ने पकड़े गए आरोपी को 5 साल और 90000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर 1 साल अतिरिक्त सजा सुनाई गई है।

न्यायाधीश ने कहा राज्य में बढ़ रही नशे की प्रवृति दोनों ही प्रकरणों की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ राज्य में नशे की प्रवृति लगातार बढ़ रही है। उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टीगत रखते हुए दंड के प्रश्न पर अभियुक्तों के साथ उदारता बरतने का कोई प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है। अभियुक्त द्वारा प्रमाणित अपराध ऐसा भी नहीं है कि जिसमें अपराधी को परिवीक्षा अधिनियम का लाभ दिया जा सकें।

एनजीटी के नियमों के मुताबिक महादेव घाट पर होगा श्रीगणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

- नगर निगम ने की व्यापक प्रशासनिक तैयारी

रायपुर/ नवप्रदेश। गणेश चतुर्थी पर्व के उपरांत 6 सितम्बर (अनंत चतुर्दशी) को शहरभर से लाई गई श्रीगणेश प्रतिमाओं का विसर्जन इस वर्ष भी खारून नदी के किनारे महादेव घाट पर निर्मित विसर्जन कुंड में किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने इसके लिए विस्तृत आदेश जारी किए हैं।

आयुक्त ने बताया कि विसर्जन शोभायात्रा शारदा चौक से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, कोतवाली, सदर बाजार, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती, लाखे नगर, सुन्दर नगर होते हुए महादेव घाट पहुंचेगी। लाखे नगर चौक से महादेव घाट तक वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू रहेगी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (हलऊ) के निर्देशों के अनुरूप इस बार भी प्रतिमाओं का नदी में विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिमाओं का विसर्जन केवल निर्मित कुंड में ही होगा।

एबीवीपी का महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि में प्रदर्शन

कुलपति को दिया अपना ज्ञापन, और विभिन्न मांगों पर हुई चर्चा

सांकरा/नवप्रदेश। उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय अनुसंधान केंद्र सांकरा में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी के संगठन ने जोरदार प्रदर्शन किया। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर वह काफी दिनों से परेशान है। स्थिति आज आंदोलन तक पहुंच गई। इस दौरान अमलेश्वर थाना के टी आई अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन ने आज 12ः00 बजे दुर्ग के सांकरा में स्थित महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय गेट के सामने जोरदार प्रदर्शन किया लगभग 150 से अधिक की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थिति रहे। पुराने विवि से लेकर नए विवि भवन तक जोरदार नारेबाजी करते हुए पहुंचे प्रदर्शन में दुर्ग और रायपुर के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। उन्होंने बताया कि उनकी मांगे कई सालों से लंबित है जिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।जिस कारण स्थिति आज आंदोलन तक पहुंच गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बताया कि उनकी मांगों में 1. विवि में पंजीकृत शोधार्थियों को विगत 2 वर्षों से आज शोधवृत्ति आज दिनांक तक नहीं दी जा रही है। 2. विश्वविद्यालय के कुलसचिव के विरुद्ध विभिन्न शिकायत प्राप्त होने के पश्चात 8 माह पूर्व राज्यपाल के कार्यालय द्वारा उनको मूल पद में भेजने का आदेश जारी कर चुके किन्तु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की।

न्यूज गैलरी

जीएसटी काउंसिल की बैठक से पहले बाजार की सपाट शुरुआत

मुंबई। बुधवार को शेयर बाजार की सपाट शुरुआत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 153.28 अंक टूटकर 80,004.60 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 46.40 अंक की गिरावट के साथ 24,533.20 पर कारोबार कर रहा था। विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी परिषद का फैसला आने वाले दिनों में बाजार की चाल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कमजोर वैश्विक संकेतों और विदेशी निवेश की लगातार निकासी के बीच घरेलू शेयर बाजार की सपाट शुरुआत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स और एनएसई का निफ्टी दोनों शुरुआती कारोबार में दबाव में रहे। वहीं निवेशक आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक को लेकर भी सतर्क दिखे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 153.28 अंक टूटकर 80,004.60 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 46.40 अंक की गिरावट के साथ 24,533.20 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और ट्रेंट शुरुआती कारोबार में नुकसान में रहीं। वहीं, टाटा स्टील, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ईटरनल, आईटीसी और महिंद्रा एंड महिंद्रा में तेजी दर्ज की गई।बाजार सहभागियों को उम्मीद है कि परिषद आर्थिक विकास को समर्थन देने तथा घरेलू खपत को बढ़ावा देने के लिए उपायों की घोषणा कर सकती है, ऐसे समय में जब बाहरी चुनौतियां बनी हुई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी परिषद का फैसला आने वाले दिनों में बाजार की चाल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारी मंदी के कगार पर अमेरिका मूडीज ने जारी की चेतावनी

बिज़नेस डायरी। मूडीज एनालिटिक्स के मुख्य अर्थशास्त्री मार्क जांडी ने चेताया है कि अमेरिका गहरी मंदी की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक-तिहाई जीडीपी देने वाले राज्य पहले ही मंदी की चपेट में हैं या करीब पहुंच चुके हैं। सरकारी नौकरियों में भारी कटौती और धीमी रोजगार वृद्धि इस गिरावट के संकेत हैं। सरकार के दावे से यह आकलन एकदम उलट है।मूडीज एनालिटिक्स के मुख्य अर्थशास्त्री मार्क जांडी ने अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए अब तक की सबसे गंभीर मंदी की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय आंकड़े भले ही ठीक दिख रहे हों, लेकिन क्षेत्रीय और नौकरी से जुड़े आंकड़े गहरी कमजोरी दिखा रहे हैं। यह चेतावनी सरकार के आकलन से बिल्कुल उलट है। जांडी के अनुसार, अमेरिका का लगभग एक-तिहाई जीडीपी उन राज्यों से आता है, जो या तो पहले से ही मंदी में हैं या इसके बहुत करीब पहुंच चुके हैं।उत्तर-पूर्व, मध्य-पश्चिम और वाशिंगटन डीसी क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, जहां सरकारी नौकरियों में कटौती हो रही है। इस साल जनवरी से मई तक वाशिंगटन डीसी में 22,100 सरकारी नौकरियां खत्म की गई हैं।

भारत ने तांबे पर 50 फीसदी टैरिफ को लेकर अमेरिका से मांगा परामर्श

नई दिल्ली। अमेरिका ने इस वर्ष 30 जुलाई को तांबे के कुछ उत्पादों के सभी आयात पर 50 फीसदी शुल्क लगाने का उपाय अपनाया था। यह उपाय इस साल एक अगस्त से असीमित अवधि के लिए लागू किया गया। भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सुरक्षा समझौते के तहत अमेरिका के समक्ष परामर्श की मांग रखी है। भारत ने तांबे के उत्पादों पर लगाए गए 50% शुल्क को लेकर मंगलवार को विश्व व्यापार संगठन के सुरक्षा समझौते के तहत अमेरिका के समक्ष परामर्श की मांग रखी है। यह कदम भारत की तरफ से इस्पात, एल्युमीनियम व वाहन कलपुर्जों पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखने के बाद उठाया गया है। अमेरिका ने इस वर्ष 30 जुलाई को तांबे के कुछ उत्पादों के सभी आयात पर 50 फीसदी शुल्क लगाने का उपाय अपनाया था। यह उपाय इस साल एक अगस्त से असीमित अवधि के लिए लागू किया गया। डब्ल्यूटीओ के एक पत्र में कहा गया, भारत का मानना है कि यह कदम वैसे तो सुरक्षा हितों के लिए उठाए जाने का दावा किया गया है, वास्तव में एक सुरक्षा उपाय है। यह पत्र भारतीय प्रतिनिधिमंडल के अनुरोध पर प्रसारित किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका ने सुरक्षा उपाय लागू करने के निर्णय के बारे में विश्व व्यापार संगठन की सुरक्षा समिति को सूचित नहीं किया है। इसलिए भारत अमेरिका के साथ परामर्श का अनुरोध करता है। विश्व व्यापार संगठन ने आगे कहा, भारत इस अनुरोध पर अमेरिका से जल्द से जल्द उत्तर पाने और परामर्श के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि और स्थान निर्धारित करने की आशा करता है। विश्व व्यापार संगठन महानिदेशक नगोजी ओकोन्जो-इवेला ने मंगलवार को कहा कि पिछले 80 वर्षों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रणाली में सबसे बड़े व्यवधान के बीच विश्व व्यापार संगठन की शर्तों पर होने वाले वैश्विक व्यापार का हिस्सा घटकर 72% रह गया है।

मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है.अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास ले लिया है. 35 वर्षीय स्टार्क संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित 2021 टी20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। उन्होंने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जून 2024 में भारत के खिलाफ विश्व कप में खेला था. स्टार्क ने टी20 के सबसे छोटे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते हुए 65 मैचों में 79 विकेट लिए हैं।

जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक

कर ढांचे में सुधार के लिए बड़े बदलावों पर लग सकती है मुहर

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान इसका करों से जुड़ा पैनल हेयर ऑयल से लेकर छोटी कारों तक लगभग 400 से अधिक वस्तुओं पर कर कटौती की योजना पर फैसला करेगा। दो दिवसीय बैठक के फैसलों का एलान 4 सितंबर को किए जाने की संभावना है।जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक जारी है। दो दिनों तक चलने वाली बैठक के फैसलों का एलान 4 सितंबर को होना है। इस बैठक में केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हो रहे हैं। इस बार का बैठक काफी अहम है। इस बैठक में जीएसटी परिषद के सदस्य आठ साल पुराने जीएसटी कर ढांचे में बड़े बदलावों पर चर्चा कर रहे हैं। सरकार ने जीएसटी की दरों में अब तक की सबसे बड़ी कटौती का प्रस्ताव रखा है। सरकार के इस फैसले का मकसद अमेरिका की ओर से लगाए गए 50% टैरिफ के कारण पैदा हुई चुनौतियों से निपटने के लिए घरेलू स्तर पर मांग को बढ़ावा देना है। इससे पहले फरवरी में आयकर के दायरे में बड़ा बदलाव किए जाने के बाद अब वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ी कटौती होने से देश में खपत बढ़ने की उम्मीद है। जून तिमाही में अर्थव्यवस्था में अप्रत्याशित रूप से 7.8% की उच्च दर ने इसके संकेत पहले ही दे दिए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान इसका करों से जुड़ा पैनल हेयर ऑयल से लेकर छोटी कारों तक लगभग 400 से अधिक वस्तुओं पर कर कटौती की योजना पर फैसला करेगा। रॉयटर्स ने ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी के पार्टनर मनोज मिश्रा के हवाले से बताया है कि अमेरिकी टैरिफ के कारण कपड़ा, ऑटो और संभवतः फार्मास्यूटिकल्स के निर्यात पर असर पड़ रहा है। ऐसे में भारत को प्राथमिक विकास इंजन के रूप में

घरेलू खपत पर ध्यान केंद्रित करना होगा।÷जीएसटी परिषद् में करों की कटौती के फैसले से हिंदुस्तान यूनिलीवर और गोदरेज इंडस्ट्रीज जैसी एफएमसीजी कंपनियों और सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों की बिक्री में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। दूसरी ओर, वाहन निर्माताओं में मारुति, टोयोटा मोटर और सुजुकी मोटर को भी जीएसटी परिषद के फैसले से बड़े राहत की उम्मीद है। जीएसटी परिषद के सदस्य मौजूदा करों के चार स्लैब की बजाय 5% और 18% के दो स्लैब पर ही विचार करेंगे। वहीं 12% और 28% के स्लैब को खत्म किया जा सकता है। इसके अलावे, एक 40% का अतिरिक्त स्लैब भी लाने की तैयारी है। इसके तहत सिगरेट और महंगी कारों जैसी विलासितापूर्ण चीजों पर मोटा कर लगाने पर विचार किया जाना है। सरकार की योजना है कि दैनिक उपयोग की सभी वस्तुओं को 5% की श्रेणी में लाया जाए, जो अभी 12% की श्रेणी में हैं।वहीं पैनल उपभोक्ता वस्तुओं जैसे टूथपेस्ट और शैम्पू पर कर को 18% से घटाकर 5% करने और छोटी कारों, एयर कंडीशनर और टेलीविजन पर कर को 28% से घटाकर 18% करने पर भी विचार करेगा। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि इस कटौती से 21 बिलियन डॉलर के जीएसटी राजस्व नुकसान होगा। इस नुकसान में राज्यों की हिस्सेदारी केंद्र सरकार से अधिक होगी। हालांकि राज्य मोटे तौर पर इन बदलावों पर सहमत हैं। हालांकि राजस्व की हानि की भरपाई के तरीकों पर जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान गरमागरम चर्चा हो सकती है। जीएसटी परिषद का कारों से जुड़ा पैनल 20 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले महंगे इलेक्ट्रिक वाहनों पर कर बढ़ाने पर भी चर्चा कर सकता है।

पाक के आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नईदिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज आसिफ अली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। 33 वर्षीय आसिफ ने स्पष्ट किया कि वह घरेलू क्रिकेट और दुनिया भर की फ्रैंचाइजी लीगों में खेलना जारी रखेंगे। वह 2022 में हुए टी-20 विश्व कप के फाइनल और 2021 के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पाकिस्तानी टीम का अहम हिस्सा रहे थे। आइए उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। आसिफ ने अपने संन्यास के मौके पर सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरे लिए सबसे गौरवपूर्ण अध्याय रहा है। उन्होंने 2018 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। वह आखिरी बार 2023 में पाकिस्तान की जर्सी में नजर आए थे। वह एशिया कप 2023 में आखिरी बार खेलते हुए दिखे थे।आसिफ ने पाकिस्तान से 21 वनडे मैच खेले थे, जिसमें 25.46 की औसत और 121.65 की स्ट्राइक रेट के साथ 382 रन बनाए थे। उन्होंने 3 अर्धशतक भी लगाए थे। टी-20 अंतराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 58 मैच खेले थे, जिसमें 133.87 की स्ट्राइक रेट के साथ 577 रन बनाए थे। वह कोई अर्धशतक नहीं लगा सके थे। वह पाकिस्तान की ओर से कोई टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल सके थे।

संचालनालय कोष एवं लेखा छत्तीसगढ़
ब्लॉक-ए, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर
दूरभाष 0771-2331306 फैक्स 0771-2445789 EmailID- dir.treasury.cg@nic.in

सार्वजनिक सूचना (ईश्तहार)

प्रति,
श्री जंगबहादुर पिता श्री पुनउ राम अजगले,
परिवीक्षाधीन अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी
स्थायी पताः सिरपुर रोड, कसडोल,
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

विषय - भैषज जांच हेतु उपस्थित होने के सम्बन्ध में सूचना बाबत्।

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र में माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में दायर याचिका क्रमांक WP (S) No. 3472/2023 में पारित आदेश दिनांक 02.05.2025 के परिपालन में संचालनालय के पत्र क्रमांक / एस. ए. ए / स्था / 2025/1213 दिनांक 26.06.2025 एवं पत्र क्रमांक / एस. ए. ए / स्था / 2025/1476 दिनांक 08.07.2025 के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल बोर्ड के समक्ष क्रमशः दिनांक 02.07.2025 एवं 08.07.2025 को उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था । किन्तु आप भैषज जांच हेतु उपस्थित नहीं हुए।

अतः आप भैषज जांच डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के ओ.पी.डी. में विषय विशेषज्ञ से बैठक दिनांक 05.09.025 के पूर्व दिवसों में किसी भी दिन करवा कर, जांच संबंधित समस्त चिकित्सीय दस्तावेजों की छायाप्रति एवं समस्त चिकित्सीय दस्तावेज के साथ छत्तीसगढ़ राज्य मेडिकल बोर्ड की बैठक दिनांक 05.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में अधिष्ठाता कार्यालय के बोर्ड रूम में उपस्थित होने हेतु पुनः निर्देशित किया जाता है।

जी- 252603209/1

वित्त नियंत्रक
कोष एवं लेखा

कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग
निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-2/2025/905/209 — भिलाई, दिनांक 29/08/2025

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से एकीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के भवन निर्माण एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015/रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 विद्युत एस.ओ.आर. 01.06.2020 एवं अतन संशोधन के आधार पर कम/अधिक एवं आयटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु निम्नानुसार दिनांक एवं समय तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

		सरल क्र. 1 से 3	सरल क्र. 4 से 18 तक
1	निविदा जारी करने की तिथि	- 29.08.2025	- 29.08.2025
2	आवेदन की अंतिम तिथि	- 12.09.2025 सायं 5.30 बजे तक	- 22.09.2025 सायं 5.30 बजे तक
3	निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	- 18.09.2025 सायं 5.30 बजे तक	- 30.09.2025 सायं 5.30 बजे तक
4	निविदा खोले जाने की तिथि	- 19.09.2025 to till date	- 01.10. 2025 to till date

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी	फार्म
1	निगम मद अंतर्गत जोन क्र. 02 क्षेत्रांतर्गत कैलिक्स मशीन द्वारा बोर में फंसे एसेम्बली निकालने एवं बोर सफाई का कार्य। (चतुर्थ निविदा)	2.99	3000.00	750.00	आवश्यकता अनुसार	'द' एवं प्रवर	फार्म बी एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
2	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 27 शास्त्री नगर अंतर्गत 19 नं. रोड गोद गोदा बोर चंद्राकर निवास के सामने सार्वजनिक कला मंच निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा)	2.00	2000.00	300.00	60 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
3	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 27 शास्त्री नगर सार्वजनिक भवन में नवीन सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य। (द्वितीय निविदा)	1.50	2000.00	300.00	60 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
4	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 24, 32 एकड़ नाग मंदिर के पास सर्वसुविधा युक्त सार्वजनिक भवन निर्माण कार्य।	9.99	7500.00	750.00	90 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
5	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 29 केम्प 01 स्टील नगर में श्री बाल गणेश विकास मंच के पास सार्वजनिक सर्वसुविधा युक्त छत युक्त मंच व मंच के ऊपर कक्ष निर्माण कार्य	9.99	7500.00	750.00	90 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
6	विधायक निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 25 काली बाड़ी गार्डन के पास सार्वजनिक डोर शेड निर्माण कार्य।	4.99	5000.00	750.00	60 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
7	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 21 कैलाश नगर दिनेश लोहिया निवास के पास सीमेंटीकरण मार्ग संधारण कार्य।	4.00	4000.00	750.00	60 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
8	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 20 वैशाली नगर में सीवर लाईन एवं सविरेज चेम्बर संधारण कार्य।	4.00	4000.00	750.00	60 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
9	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 25 जवाहर नगर में सामुदायिक भवन का संधारण कार्य।	4.00	4000.00	750.00	60 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
10	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 20 वैशालीनगर कृष्णा पब्लिक स्कूल के पीछे सीमेंटीकरण मार्ग का संधारण कार्य।	4.00	4000.00	750.00	60 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए,बी,सी शेड्यूल आफ आयटम
11	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 29 वृन्दावन मराठी मोहल्ला में सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	3.99	4000.00	750.00	60 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
12	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 15 अम्बेडकर नगर क्षेत्रांतर्गत शांतिनगर सड़क 01 से 09 तक सड़क संधारण कार्य।	3.98	4000.00	750.00	60 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
13	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 24 हाउसिंग वार्ड 32 एकड़ में जर्जर नाली एवं पुलिया का संधारण कार्य।	3.00	3000.00	750.00	60 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
14	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 19 राजीव नगर में नाली संधारण कार्य।	3.00	3000.00	750.00	60 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी.शेड्यूल आफ आयटम
15	निगम मद अंतर्गत वार्ड क्र. 16 सुपेला स्थित शीतला स्कूल के पास पुलिया निर्माण कार्य।	3.00	3000.00	750.00	45 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी.शेड्यूल आफ आयटम
16	निगम मद अंतर्गत वार्ड क्र. चन्दूलाल अस्पताल रोड में स्ट्रीट लाईट लगाने बाबत्।	2.47	3000.00	750.00	45 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए.सी.एवं ए.बी.सी.शेड्यूल आफ आयटम
17	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 27 शास्त्री नगर कर्मा चौक का साधारण कार्य।	1.70	2000.00	300.00	45 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम
18	निगम मद अंतर्गत वार्ड क्र. 25 हाउसिंग बोर्ड में लाल एवं हरी टंकी उच्चस्तरीय जलागार को तोड़ने का कार्य।	1.48	2000.00	300.00	30 दिन	'द' एवं प्रवर	फार्म ए एवं ए.बी.सी. शेड्यूल आफ आयटम

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं चिप्स की वेबसाईट www.eproc.cgstate.gov.in और bhilai.urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम, भिलाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN - U40108CT2003SGC015820
क्रमांक 52-3200/निविदा-वाहन/528 — भिलाई, दिनांक 03/09/2025

: निविदा आमंत्रण सूचना :

जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु

कार्यपालन यंत्री, अति उच्च दाब (संधा.) संभाग छ.ग.स्टेट.पा.ट्रां.कं.लिमि. भिलाई के कार्यालयीन कार्यों के लिए वाहन चालक सहित 01 नग जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन(टाटा सुमो,एस.यू.वी.) के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र	वाहन का प्रकार	अवधि	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	कोटेशन खुलने की तिथि एवं समय
01	कार्यपालन यंत्री अति उच्च दाब (संधा.) संभाग, छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रां.कं.लिमि.भिलाई के कार्यालयीन कार्य के लिए वाहन चालक सहित 01 नग जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (एस.यू.वी.वाहन)	तीन वर्ष	22.09.2025 5.00 बजे	23.09.2025 2.00 बजे	24.09.2025 3.30 बजे
02	निविदा प्रपत्र की लागत रू 2000/- (रू. 1695 + 18% GST = 2000) (वापसी योग्य नहीं)				
03	अमानत राशि रू. 20118/-				

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है। (नोट- आवश्यकतानुसार तिथि व समय परिवर्तित की जा सकती है।)

कार्यपालन यंत्री

स्वदेश एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाये

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
(जोन क्रं - 10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email ID-rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्रं.-22020 दिनांक-02.09.2025
वार्ड का नाम -54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड -54 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR652J0452A जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती AHSANUL HAQ पिता / पति श्री/श्रीमती MOHAMMAD EZHARUL के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती SMT. KRISHNA MAHILANG पिता / पति श्री / श्रीमती W/O SHRI SHOBH RAJ MAHILANG ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री विवेकानन्द दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन- 10
नगर पालिक निगम रायपुर

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER
MUNICIPAL CORPORATION

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(2nd Call)

NIT NO: 2273/PWD/Zone-5/2025 — RAIPUR DATED: 02-09-2025
Online bids are invited for the following works of works up to 18-09-2025at 17:30 hours.

SI. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract	Remark
1	174725	भक्तमाता कर्मा वार्ड क्र. 67 अंतर्गत आंगनबाड़ी भवन निर्माण दंतेश्वरी मंदिर के पीछे भवन में भाठागांव। (खनिज निधि)	11.69 Lacs	2nd Call
2	174726	भक्तमाता कर्मा वार्ड क्र. 67 अंतर्गत आंगनबाड़ी भवन निर्माण बी.एस.यू.पी. कालोनी में बाउंड्री के अंदर भाठागांव। (खनिज निधि)	11.69 Lacs	2nd Call

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 03-09-2025 10.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: -
1. All eligible(i.e. Registration, G.S.T./ PAN card/ ITR /Commercial Tax current / Current Revenue Soulvency) and interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE-5
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक: 25.09.2025

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक हैं तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है । निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 25.09.2025 को 12.00 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ईएमडी जमा/संपत्ति निरीक्षण की तिथि: 24.09.2025 एवं ई-नीलामी की तिथि: 25.09.2025

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा प्रबंधक का नाम / खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल
मेसर्स मनीष तिवारी पुत्र रामअवतार तिवारी, 331/के बाबा राम देव वार्ड, धरमपार मिल गली वार्ड 09 बेमेतरा छत्तीसगढ़ श्री राम अवतार तिवारी पुत्र रामपाल तिवारी, 331/के बाबा राम देव वार्ड धरमपार मिल गली वार्ड 09 बेमेतरा छत्तीसगढ़।	स्वामित्व- श्री राम अवतार तिवारी पुत्र- श्री रामपाल तिवारी, खसरा नं. 194/1, कुल खसरा नं. 01, क्षेत्र का भाग 1.13 एकड़, मकान नं. 34, ग्राम- सिंघौरी, पीसी नं. 39, आरआई एवं तहसील- बेमेतरा, जिला-बेमेतरा, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 660 वर्गफीट में स्थित भूमि व भवन । चौहद्दी- उत्तर- सड़क, दक्षिण- निजी भूमि, पूर्व- सड़क, पश्चिम- मकान नं. 33.	29.07.2024 / 08.10.2024 / ₹ 10,18,406.09 03.09.2025 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्च आदि	₹ 5,04,000/- / ₹ 50,400/- / ₹ 10,000/-	Mr. Mithilesh Kumar Pandey (Mo. 9425502204) Bemetara Branch A/c. No. 209272434 CNRB0005204 Email: cb5204@canarabank.com
श्रीमती अंबाती अरुणा राव पत्नी अंबाती चंद्र शेखर राव एवं अंबाती चंद्र शेखर राव पुत्र अंबाती वेंकट कुमार मूर्ति, वार्ड नं. 1, शंकर नगर, सिटी कोतवाली के पीछे महासमुंद, (छ.ग.) 493445	प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मचेवा में, पीसी नं. 41 आर.आई.सी. तहसील एवं जिला- महासमुंद (छ.ग.) क्षेत्रफल 402.85 वर्ग फुट में स्थित मकान नं. ईडब्ल्यूएस/डीएल-05/एसएफ-202.	24.10.2024 / 07.01.2025 / ₹ 4,94,428.50 03.09.2025 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्च आदि	₹ 5,85,000/- / ₹ 58,500/- / ₹ 10,000/-	Mr. Yogesh Ranga (Mo. 9468998381) Mahasamund Branch A/c. No. 209272946 CNRB0005252 Email:cb5252@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) ई-नीलामी "जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.bankeauctions.com के माध्यम से आन लाईन ई-नीलामी की जावेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जाएंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 24.09.2025 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा आन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खातों में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल www.bankeauctions.com में नाम पंजीकृत करवाए और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को दिनांक 24.09.2025 को सायं 3.30 बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। अ. ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो। ब. पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र। स. इच्छुक खरीददार का नाम, संपर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी। द. इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रक्रिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी)। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जावेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्च/फीस पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे। (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें eauction@cesl.co.in अथवा सर्विस प्रदाता M/s PSB Alliance (Ebkray), Contact No:: 8291220220, Help Line E-mail ID ::- support.ebkray@psballiance.com, Website: https://ebkray.in पर संपर्क करें।

सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचे। केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें। जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें। (नोटः नीलामी की प्रक्रिया डीआरटी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी।)

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द टाईम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 04.09.2025 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 03.09.2025 — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

मोदी सरकार का संकल्प है, 31 मार्च तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर देंगे

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजीऔर कोबरा के जवानों से भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, डीआरजी और कोबरा के जवानों से नई दिल्ली में भेंट की और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर चले अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फ़ॉरेस्ट' में वीर जवानों द्वारा शौर्यपूर्ण प्रदर्शन कर अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सुरक्षाबलों के

जवानों को हृदय से बधाई दी। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान के इतिहास में 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों का

- **केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को अंजाम देने वाले को सम्मानित किया**
- **कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर चले अभियान 'ऑपरेशन ब्लैक फ़ॉरेस्ट' में वीर जवानों ने शौर्यपूर्ण प्रदर्शन कर सफल बनाया: शाह**
- **'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान जवानों का शौर्य और पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा**

6 करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय

अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों ने देश के सबसे कम विकसित क्षेत्रों को बहुत नुकसान पहुँचाया है, स्कूल और अस्पताल बंद कर दिए और सरकारी योजनाओं को स्थानीय लोगों तक नहीं पहुँचने दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों के कारण पशुपतिनाथ से लेकर तिरुपति तक के क्षेत्र में साढ़े 6 करोड़ लोगों के जीवन में नया सूर्योदय हुआ है। श्री शाह ने कहा कि नक्सलविरोधी अभियानों में गंभीर शारीरिक क्षति उठाने वाले सुरक्षाबलों के जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए मोदी सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का संकल्प है कि हम 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त कर देंगे।

शौर्य और पराक्रम एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा।

नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे

अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली या तो आत्मसमर्पण न कर दें, पकड़े न जाएँ या समाप्त न हो जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम भारत को नक्सलमुक्त बनाकर ही रहेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गर्मी, ऊँचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरों के बावजूद सुरक्षाबलों ने बुलंद हौसले के साथ अभियान को सफल बनाकर नक्सलियों का बेस कैंप समाप्त किया। उन्होंने कहा कि कर्रेगुट्टालु पहाड़ी पर बने नक्सलियों के मैटीरियल डंप और सप्लाई चेन को छत्तीसग? पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने पराक्रम से नष्ट कर दिया।

राडा के पदाधिकारियों ने की परिवहन मंत्री से सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश । ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) की टीम ने परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप जी से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें परिवहन मंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर, राडा की टीम ने परिवहन विभाग द्वारा किए गए डिजिटलाइजेशन की सराहना की। इस मुलाकात में राडा के अध्यक्ष रविंदर भसीन, कैट इंडिया के वाइस चेयरमैन अमर परवानी, फाडा के पूर्व अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया, राडा के पूर्व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, राडा के पूर्व अध्यक्ष विवेक गर्ग, राडा के वाइस प्रेसिडेंट कैलाश खेमानी और सचिव विवेक अग्रवाल उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान, राडा की टीम ने परिवहन मंत्री के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उन्हें विभाग के साथ किये कामों के बारे में जानकारी दी। परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप जी ने भी राडा की टीम को आश्वस्त किया कि आगे भी राडा के साथ विभाग से ऐसे ही सहयोग मिलता रहेगा और प्रदेश के हितों को ध्यान में रखकर आगे भी इसी प्रकार निरंतर काम करते रहेंगे। राडा की टीम ने परिवहन मंत्री के साथ मुलाकात को सफल बताया और कहा कि इससे दोनों पक्षों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

राहुल टिकरिया के ऊपर आरोप कांग्रेस ने नहीं उनके चाचा ने लगाया है

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपायुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिया आज प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर उनके ऊपर लगे आरोपों की सफाई दिया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राहुल टिकरिया ने अपने ऊपर लगाए आरोपों के लिये कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा रहे है। वे झूठ बोल रहे है। जबकि राहुल टिकरिया के ऊपर आरोप कांग्रेस पार्टी के द्वारा नहीं लगाया गया। उनके रिश्तेदार (चाचा) ने आरोप लगाया है। उनके रिश्ते के चाचा का ऑडियो वायरल है, पत्र वायरल है, यह उनके अपने कर्म है। कांग्रेस ने कभी भी कोई टिप्पणी नहीं किया, न ही उनके चाचा के पत्र फोटो आदि को कांग्रेस ने वायरल किया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब राहुल टिकरिया कांग्रेस पर आरोप लगा रहे है तो हमारा उनसे सवाल है। उनके चाचा अपनी पत्नी के संबंधों के आधार पर आरोप लगा रहे है वे अपने चाचा के आरोपों को जवाब दे। उन्होंने रिश्तों को कलंकित किया है। कांग्रेस का नाम लेकर वे अपने अक्षम्य अपराध से बच नहीं सकते। उनके कृत्य सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है, उनमें नैतिकता है तो अपने पद से इस्तीफा दे।

प्रोजेक्ट रक्षा के तहत अब तक 325 महिलाओं की हुई कैंसर स्क्रीनिंग

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन की नवाचार पहल प्रोजेक्ट रक्षा के तहत अब तक कुल 325 महिलाओं की कैंसर की स्क्रीनिंग की गई है।इस निःशुल्क कैंसर स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख, स्तन तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के स्क्रीनिंग की जा रही है। प्रोजेक्ट रक्षा, जिला प्रशासन द्वारा बालको मेडिकल सेंटर के सहयोग से कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए संचालित किया जा रहा है, जिससे समय रहते बीमारी का पता चलने पर जीवन बचाना आसान हो सके।

टेक्नोलॉजी दक्षता का प्रशिक्षण

रायपुर / नवप्रदेश । प्रोजेक्ट दक्षः हम होंगे स्मार्ट' अब एक नई दिशा और पहचान बना रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप इस परियोजना के माध्यम से जिले के शासकीय अधिकारी और कर्मचारी डिजिटल सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। आज प्रोजेक्ट दक्ष के अंतर्गत आज कार्यपालन अभियंता,लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका परिषद् तिल्दा नेवरा एवं कृषि विभाग के बचे हुए अधिकारी एवं कर्मचारी को प्रशिक्षण दिया गया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और प्रभावशीलता लाना है।

आदिवासी अंचलों सहित सभी नागरिकों तक पहुँचे विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा : साय

चिकित्सा शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल तेलंगाना के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

- **बस्तर में शुरू होगा 200 करोड़ की लागत से 240 बिस्तरों का हाई-टेक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल**
- **अब मरीजों को इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा रायपुर और बिलासपुर**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में चिकित्सा शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल तेलंगाना के बीच लाइसेंस समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह अनुबंध प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (PMSSY) के अंतर्गत किया गया है।

इस अवसर पर वन एवं परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त स्वास्थ्य डॉ. प्रियंका शुक्ला, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) के अधिकारी जयदीप दास गुप्ता एवं श्रीनिवास राव तथा कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल हैदराबाद के अध्यक्ष डॉ. गुरुनाथ रेड्डी, डॉ. रघुनाथ रेड्डी और श्री के.वी. रेड्डी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि आदिवासी अंचलों सहित प्रदेश के हर नागरिक तक विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचे। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पूर्व इस अस्पताल के निर्माण की शुरुआत की गई थी और आज जब छत्तीसगढ़ अपनी रजत जयंती मना रहा है, तब इस एमओयू का होना ऐतिहासिक महत्व रखता है। गणेश महोत्सव के पावन अवसर पर हुआ यह समझौता प्रदेशवासियों के लिए शुभ संकेत है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बस्तर क्षेत्र के लोग लंबे समय से उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं से वंचित रहे हैं, किंतु अब यह अस्पताल उनके लिए वरदान साबित होगा। विशेषकर नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों के लिए यह जीवनरक्षक सिद्ध होगा। पहले घायल जवानों को एयर एंबुलेंस से रायपुर भेजना पड़ता था, अब जगदलपुर में ही उन्हें अत्याधुनिक इलाज उपलब्ध होगा।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिलें। बस्तर अंचल में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना राज्य और क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है। पहले ये सेवाएँ केवल रायपुर और बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में उपलब्ध थीं, लेकिन अब बस्तर के लोग भी इन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए हर संभव संसाधन उपलब्ध कराएगा। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने जानकारी दी कि इस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण पर 200 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसमें से 120 करोड़ रुपये केंद्र सरकार और 80 करोड़ रुपये राज्य सरकार ने वहन किए हैं। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) ने भी इस परियोजना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल 11 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है और अत्याधुनिक मशीनों एवं उपकरणों से सुसज्जित है। यह 10 मंजिला अस्पताल 240 बिस्तरों की क्षमता वाला होगा। इसमें हृदय रोग (कार्डियोलॉजी), किडनी रोग (नेफ्रोलॉजी), मस्तिष्क रोग एवं न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी जैसे विभाग संचालित होंगे।

छत्तीसगढ़ और देश के मरीजों के लिए नई आशा और जीवनदायी सुविधा साबित होगा

सरकारी दर पर उपलब्ध इन सेवाओं का लाभ न केवल बस्तर संभाग बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देशभर के मरीज उठा सकेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने इस ऐतिहासिक पहल को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया। इससे बस्तर अंचल के लाखों लोगों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और बड़े शहरों पर उनकी निर्भरता कम होगी। यह अस्पताल न केवल बस्तर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश के मरीजों के लिए नई आशा और जीवनदायी सुविधा साबित होगा।

धमतरी से देशभर में गूंजेगी ग्रीन आतिशबाजी, दीवाली होगी स्वच्छ और सुरक्षित

- **100 से अधिक महिलाओं को मिला रोजगार**

धमतरी/नवप्रदेश। स्वच्छ आतिशबाज़ी का नया केंद्र बनकर धमतरी पूरे प्रदेश और देश को प्रेरणा देने जा रहा है। यह पहल न केवल रोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित त्योहारों की दिशा में भी ऐतिहासिक कदम साबित होगी। धमतरी जिले के ग्राम चटोद में महिलाएँ अब पारंपरिक पटाखों की जगह पर्यावरण अनुकूल ग्रीन पटाखों के निर्माण में जुटी हैं। यह पहल न केवल स्वच्छ और सुरक्षित दिवाली की राह दिखा रही है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और रोज़गार का नया द्वार भी खोल रही है। कलेक्टर धमतरी ने गणेशा फायरवर्क्स यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद कर उत्पादन प्रक्रिया और गुणवत्ता की जानकारी ली तथा मौके पर ग्रीन पटाखा चलाकर उसकी सुरक्षा और प्रभाव का अनुभव भी किया। इस यूनिट को पाँच एकड़ भूमि लीज पर उपलब्ध कराई गई है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रबंधन को कड़े निर्देश दिए कि परिसर में अग्नि शमन की ठोस व्यवस्था, समय-समय पर मॉक ड्रिल और ज्वलनशील पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि चटोद में स्थापित यह यूनिट 'लोकल से वोकल' और महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल है। इससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है, वहीं समाज को स्वच्छ और सुरक्षित विकल्प प्राप्त हो रहा है। यूनिट के सेल्स हेड श्री आशीष सिंह ने बताया कि ग्रीन पटाखों में बारूद का प्रयोग नहीं होता, जिससे यह पूरी तरह सुरक्षित रहते हैं और प्रदूषण भी नहीं फैलाते। वर्तमान में यहाँ लगभग 100 से अधिक महिलाएँ कार्यरत हैं, जिन्हें स्थायी रोजगार प्राप्त हुआ है। आने वाले समय में विवाह समारोहों और अन्य आयोजनों के लिए भी ग्रीन पटाखों की विभिन्न किस्में उपलब्ध कराई जाएंगी।

ऑपरेशन एवं गहन चिकित्सा इकाई से लोगों को मिलने लगी चिकित्सा सेवाएं

रायपुर/नवप्रदेश। धरसींवा क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे में बड़ा बदलाव आया है। एस.एम् .सी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, धरसींवा में अब जटिलतम ऑपरेशन और गहन चिकित्सा इकाई सहित उन्नत चिकित्सा सुविधाएं शुरू हो चुकी हैं। अस्पताल में मूत्र रोग विभाग , सामान्य शल्य क्रिया विभाग, अस्थि रोग विभाग और स्त्री एवं प्रसूति रोगों से संबंधित ऑपरेशनों की समग्र व्यवस्था उपलब्ध होने से मरीजों का उपचार अब अधिक सहज हो गया है। स्थानीय स्तर पर हाई-एंड सुविधाओं की उपलब्धता से समय, धन और जोखिम—तीनों में कमी आयी है।अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, संस्थान अत्याधुनिक उपकरणों, मॉनिटरिंग सिस्टम और 24&7 इमरजेंसी के साथ संचालित है। प्रशिक्षित एनेस्थेटिस्ट, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, अनुभवी सर्जन और कुशल नर्सिंग स्टाफ की टीम लगातार तैनात रहती है, ताकि आकस्मिक स्थितियों में भी तत्काल और प्रमाणित उपचार मिल सके। गहन चिकित्सा के अंतर्गत रोड में दुर्घटना ग्रस्त मरीजों का सुलभ उपचार किया जाता है जिसमे सर के चोट हड्डी का फ्रैक्चर या टूटी हड्डी का इलाज आईसीयू में वेंटिलेटर, कार्डियक मॉनिटर, सपोर्ट सिस्टम और संक्रमण नियंत्रण के मानकों पर आधारित अलग-अलग सेक्शन की व्यवस्था की गई है, जिससे गंभीर मरीजों की सतत निगरानी और सुरक्षित देखभाल सुनिश्चित होती है।मूत्र रोग विभाग में किडनी के पथरी का इलाज, मूत्रमार्ग संकुचन जैसी समस्याओं के लिए बिना चीर फाड़ के इलाज की सुविधा है, जिससे मरीजों को कम दर्द, कम रक्तस्राव और कम अस्पताल-निवास अवधि जैसे लाभ मिलते हैं।

अभियान के तहत ग्रामों का हो रहा सर्वांगीण विकास

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले में मेरा गांव, मेरी पहचान परियोजना की शुरुआत की गई है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले के 80 से अधिक ग्रामों का चयन कर प्रत्येक गांव के लिए विभागीय अधिकारियों को क्रियान्वयन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि गांवों के सामाजिक और आर्थिक विकास के साथ-साथ शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ ग्रामीणों तक पहुंचे। विशेष रूप से आरंग का ग्राम राखी, महिला हितैषी ग्राम के रूप में चयनित किया गया है। इसकी क्रियान्वयन अधिकारी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर हैं।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष ने बुलाई आवश्यक बैठक

पदाधिकारियों को सौंपे गये आगामी कार्यों के दायित्व

रायपुर /नवप्रदेश। चेम्बर भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी की अध्यक्षता में चेम्बर पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चेंबर के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य चेंबर के आगामी कार्यों और उद्देश्यों पर चर्चा करना और उन्हें सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय करना था। अध्यक्ष थौरानी ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चेंबर के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक जिम्मेदार व्यक्ति की भूमिका का मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करना होगा। चेम्बर की बैठकों में सभी पदाधिकारियों उपस्थिति ज्यादा से ज्यादा हो।

इस दौरान, विभिन्न आगामी परियोजनाओं और कार्यक्रमों पर गहन चर्चा की गई और उनकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारियों के लिए विशिष्ट कार्य और उत्तरदायित्व निर्धारित किए गए। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष थौरानी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से चेंबर अपने उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त करेगा और व्यापारिक समुदाय के हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यह बैठक चेंबर की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष श्री राधाकिशन सुन्दरानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ चेम्बर हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी व्यापारिक एवं औद्योगिक संस्था है। हम सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर कार्य करेंगे। चेम्बर व्यापारिक समस्याओं के समाधान हेतु व्यापारी एवं शासन प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है।

मातृशक्ति ने भरी हुंकार

महिला मोर्चा किया कांग्रेस कार्यालय का घेराव

कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता सहन नहीं कर पा रही है: किरण देव

रायपुर /नवप्रदेश । भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा कि अपने आप को देश का सबसे बड़ा राजनीतिक दल कहने वाली कांग्रेस पार्टी और उसके नेता लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को सहन नहीं कर पा रहे है। जिस प्रकार से बिहार के दरभंगा में देश के प्रधानमंत्री की माता जी पर अमर्यादित टिप्पणी करना मातृशक्ति का अपमान है। आज महिला मोर्चा की बहनें मातृशक्ति के सम्मान के लिए कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर राहुल गांधी राहुल गांधी का विरोध किया। उन्होंने कहा कि भाजपा

विरोधी दल के नेता को भी सम्मान देती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कांग्रेस के नेताओं ने मौत का सौदागर, चौकीदार चोर है कहा तो कभी उनकी जाति को लेकर उन्हें अपमानित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपमानित करना कांग्रेस का चरित्र बन चुका है। जब-जब देश और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रहीं तब तब अपराध चरम पर पहुंच गया था। छत्तीसगढ़ कांग्रेस शासनकाल अपराध का गढ़ गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता देश की सुरक्षा करने वाले सेना के ऊपर प्रश्न चिन्ह लगाते हैं। आज इसी कारण से कांग्रेस की इतनी दुर्दशा हो रही है।

मां के सम्मान में महिला मोर्चा मैदान में - सरोज पांडेय

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे ने कहा कि आज हम सभी कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने जा रहे हैं। बिहार में चुनाव की शुरुआत हो चुकी है और बिहार के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी एक यात्रा निकालते हैं और उस यात्रा में कांग्रेस पार्टी के नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माता जी के ऊपर अभद्र टिप्पणी करते हैं। यह मातृशक्ति का अपमान है। मोहब्बत की दुकान चलाने वाले उस दुकान में अपशब्द बेचते और नफरत फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता देश के प्रधानमंत्री के ऊपर लगातार लांछन लगाया और लगातार झूठ बोला। प्रधानमंत्री के लिए सम्मानजनक संबोधन होना चाहिए लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता ने ऐसा नहीं किया जो अभद्र भाषा वे बोलते हैं। यह भारत की संस्कृति में नहीं है। राहुल गांधी का संस्कार कैसा है यह उनके व्यक्तित्व में झलकता है।

मां का अपमान कांग्रेस की असली पहचान - विभा अवस्थी

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि आज महिलाएं अपनी अस्तित्व की लड़ाई के लिए यहां आई है। आज हम सब एक मिशन को लेकर एकत्रित हुए हैं। आज हम यहां राहुल गांधी को चेतावनी देने के लिए आए हैं। जिन्होंने बिहार के दरभंगा में अपनी राजनीतिक मंच से आरजेडी के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की स्वर्गीय माता जी को अपशब्द कहा और अनर्गल टिप्पणी की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक - यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com